


आपकी बात, निर्भीकता के साथ

# प्रातः नागपुरी

आरएनआई पंजीयन सं. JHABIL/2023/86791

वर्ष : 3, अंक : 02 रांची, शुक्रवार, 12 दिसम्बर, 2025 (पौष, कृष्ण पक्ष 08, संवत 2082) पृष्ठ- 12, मूल्य- 3 रुपये,

email : jharkhandwanitaudyog@gmail.com



## संक्षिप्त

### एयर इंडिया के एयरबस ए320 ने बिना एआरसी भरी थी उड़ान

मुंबई। एयर इंडिया के एक एयरबस ए320 ने बिना एयरवर्दीनेस सर्टिफिकेट के आठ उड़ानें भरकर बड़ी सुरक्षा चूक उजागर कर दी। जांच में पाया गया कि इंजीनियर और पायलट दोनों जरूरी डॉक्यूमेंट चेक करने में नाकाम रहे। रिपोर्ट ने सिस्टम की खामियों को जिम्मेदार ठहराया, जबकि डीजीसीए ने विमान को ग्राउंड कर जांच शुरू कर दी है। जांच में पाया गया कि एयर इंडिया का एक एयरबस ए320 विमान 24 और 25 नवंबर को दिल्ली, बेंगलुरु, मुंबई और हैदराबाद के बीच आठ उड़ानें भरते हुए पाया गया, जबकि इसके पास जरूरी एयरवर्दीनेस सर्टिफिकेट (एआरसी) नहीं था। आंतरिक जांच में खुलासा हुआ कि इंजीनियर और मेंटेनेंस टीम ने दस्तावेज जांच नहीं की, पायलटों ने टेकऑफ से पहले नियमों का पालन नहीं किया और इंजन बदलने के बाद टेस्ट फ्लाइट के लिए परमिट नहीं लिया गया।

### सदन में ई-सिगरेट पी रहे टीएमसी सांसद की स्पीकर से शिकायत

नई दिल्ली। संसद के शीतकालीन सत्र में नौवें दिन की कार्यवाही जारी है। लोकसभा में भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर ने लोकसभा स्पीकर ओम बिरला को शिकायत कर कहा, कि टीएमसी सांसद सदन में ई-सिगरेट पी रहे हैं। इस पर स्पीकर बिरला ने कहा कि एक्शन लिया जाएगा। वहीं, सदन में प्रश्नकाल के दौरान विपक्ष के सवाल पर पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी पेंट की जेब हाथ डाले हुए ही जवाब दे रहे थे। इस पर स्पीकर बिरला ने उन्हें टोकते हुए कहा कि माननीय सांसद जेब से हाथ निकालकर जवाब दें। इस पर केंद्रीय मंत्री पुरी ने तत्काल हाथ बाहर निकाले। गुरुवार को संसद के शीतकालीन सत्र के दौरान लोकसभा में तब हंगामा मच गया, जब उन्होंने एक टीएमसी सांसद पर पिछले कई दिनों से सदन के अंदर ही ई-सिगरेट पीने का आरोप लगाया। जिस पर अध्यक्ष बिरला ने कार्रवाई का आश्वासन दिया।

### दिल्ली पुलिस ने 500-1000 के पुराने नोटों से भरे बैग किए जब्त

नई दिल्ली। उत्तरी दिल्ली के वजीरपुर इलाके में छापेमारी के दौरान कई करोड़ रुपए मूल्य के चलन से बाहर हो चुके पुराने नोट जब्त किए हैं। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक पुलिस ने बताया कि अवैध नकदी नोटों की आवाजाही के बारे में एक गुप्त सूचना पर कार्रवाई की गई है। दिल्ली पुलिस ने छापा मारकर 500 और 1,000 रुपए के पुराने नोटों से भरे कई बैग बरामद किए हैं, जिन्हें नवंबर 2016 में नोटबंदी के बाद अमान्य घोषित कर दिया गया था। पुलिस सूत्र ने कहा कि नोटों से भरे बैग ले जा रहे कई लोगों को मौके से हिरासत में लिया गया है।

## शीतकालीन सत्र के समापन भाषण में मुख्यमंत्री ने विपक्ष पर साधा निशाना, बोले-

# मुद्दाविहीन विपक्ष के पास नहीं है कोई सवाल

प्रातः नागपुरी संवाददाता

रांची। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने शीतकालीन सत्र के समापन भाषण में विपक्ष को निशाने पर रखा। उन्होंने कहा कि मुद्दाविहीन विपक्ष के पास राज्य से संबंधित कोई भी सवाल नहीं है। उन्होंने कहा कि विपक्ष का काम सरकार के कामों का आइना दिखाना है, लेकिन ये सदन से गायब हो गए हैं। उन्होंने कहा कि सरकार के अभी एक साल पूरे नहीं हुए हैं। लेकिन एक साल में लंबी और गाढ़ी लकीर खींच दी है। राज्य ने सर्वांगीण विकास की राह में तेजी से चलना शुरू कर दिया है। यह शीतकालीन सत्र ही नहीं बल्कि न भूलने वाला विधानसभा का 25वां वर्ष भी है। युवा राज्य ऊर्जा से लबरेज और आगे बढ़ने को तत्पर है। सत्र शुरू होने से लेकर समाप्ति तक विपक्ष के गायब रहने के पीछे कई कारण हैं। उनके पास न मुद्दा है, न सवाल है न तर्क है और न संवेदना है। विपक्ष ने सवालों से घेरने का प्रयास भी नहीं किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि विपक्ष ने पहले छात्रवृत्ति का मुद्दा उठाया, लेकिन इसमें भी केंद्र सरकार का सौतेला व्यवहार परिलक्षित हो रहा है। विपक्ष को सवाल उठाने से पहले अपने गिरेबान में झांकना चाहिए। अपने आला-नेताओं से विचार-विमर्श करना चाहिए। विपक्ष की ओर से राज्य के कई बजट में भी कटौती कराई गई तो कई स्कूलों को बंद करा दिया गया। केंद्र ने सभी छात्रवृत्तियों में की कटौती केंद्र सरकार ने दलित आदिवासी पिछड़ों के साथ अनुसूचित जाति को उच्च शिक्षा में मिलने वाली छात्रवृत्ति में 90 फीसदी, विदेश छात्रवृत्ति में 95 फीसदी, अल्पसंख्यक प्री मैट्रिक में 40 फीसदी, पोस्ट मैट्रिक में 63 फीसदी, मेधा आधारित छात्रवृत्ति टेक्नीकल और व्यवसायिक में 75 फीसदी और तकनीकी शिक्षण संस्थान के अनुदान में 61 फीसदी की कटौती कर दी। ऐसी स्थिति में विपक्ष की मांग उचित नहीं है।



### चार फीसदी ब्याज पर उपलब्ध कराया जा रहा है 15 लाख का ऋण

मुख्यमंत्री ने कहा कि गुरुजी क्रेडिट कार्ड में 15 लाख रुपए का ऋण सिर्फ चार फीसदी ब्याज पर उपलब्ध कराया जा रहा है। सावित्री बाई फूले योजना चलाई जा रही है। प्राइवेट स्कूलों के तर्ज पर सरकार स्कूलों को खड़ा कर रही है। उन्होंने कहा कि कई जगह छात्रवृत्ति में बढ़ोतरी हुई है। धीरे-धीरे शिक्षा में नया आयाम जुड़ रहा है। राज्य में कई बड़े प्रतिष्ठित यूनिवर्सिटी की स्थापना की जा रही है। सरकार की ओर से 25 साल का रोडमैप बनाया गया है। साथ ही छात्रों के लिए मुफ्त कोचिंग की व्यवस्था की गई है। उन्होंने कहा कि एक बेहतर भविष्य के साथ राज्यवासी आगे जाएंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि 7721 करोड़ का अनुपूरक बजट पेश हुआ है। विपक्ष की ओर से इसमें बढ़ोतरी का सुझाव होना चाहिए था। उन्होंने कहा कि देश के विकास में झारखंड की अहम भूमिका रही है। यहां से रेलवे को देश भर से सबसे अधिक राजस्व मिलता है। लेकिन इसके बदले हमें धूल मिट्टी पलायन और प्रदूषण मिलता है। हमारा राशन, हमारा वोट, हमारी बिजली और बदले में हम सभी का ही घर तोड़ा जाता है।

### केंद्रीय राशि के मुद्दे पर सत्ता पक्ष और विपक्ष में हुई नोक-झोक

रांची। झारखंड विधानसभा का शीतकालीन सत्र के पांचवें और अंतिम दिन गुरुवार को केंद्रीय राशि के मुद्दे पर सत्ता पक्ष और विपक्ष में जमकर नोक-झोक हुई। मामले को उठाते हुए नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने राज्य सरकार से अधिकारियों की टीम को दिल्ली जाकर मिलने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि सरकार की ओर से बार-बार कहा जाता है कि केंद्रीय राशि के लिए विपक्ष सहयोग करे, लेकिन जब उन्होंने इस मामले की पड़ताल की तो पता चला कि केंद्र सरकार की ओर से दी जाने वाली राशि को लेकर कुछ गाइडलाइन होते हैं जिसका पालन करना राज्य के लिए जरूरी होता है। उन्होंने कहा कि केंद्रीय गाइडलाइन की जगह राज्य सरकार ने खुद की अपनी गाइडलाइन बना ली इस वजह से केंद्र और राज्य के बीच राशि को लेकर सामंजस्य स्थापित नहीं हो पा रहा है। बाबूलाल ने कहा कि वे भी जब क्षेत्र में जाते हैं तो पंचायतों में मुखिया पैसे की कमी की बात कहते हैं। साथ ही उन्होंने कहा कि छात्रवृत्ति नहीं मिलने से एसटी और एससी के बच्चों को काफी परेशानी हो रही है। उन्होंने कहा कि केंद्रीय राशि को लेने के लिए केंद्र सरकार की कुछ शर्तें होती हैं, जिसे राज्यों को पूरा करना होता है।

### राजनीतिक बहस के बीच असंगत शब्दों का प्रयोग संसदीय मर्यादा के अनुकूल नहीं : स्पीकर

प्रातः नागपुरी संवाददाता



रांची। शीतकालीन सत्र के समापन भाषण में विधानसभा अध्यक्ष (स्पीकर) रबींद्र नाथ महतो ने गुरुवार को कहा कि इस सत्र के दौरान कई बार तीखी राजनीतिक बहसों के बीच कुछ कठोर या असंगत शब्दों का प्रयोग हुआ, जो हमारी संसदीय मर्यादा के अनुकूल नहीं कहा जा सकता है। लोकतंत्र में मतभेद स्वाभाविक हैं, लेकिन विचारों की कठोरता, भाषा की कठोरता में परिवर्तित न हो यह हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है।

उन्होंने कहा कि इस सत्र की एक महत्वपूर्ण उपलब्धि द्वितीय अनुपूरक बजट का पारित होना रहा। इस अनुपूरक बजट में महिला एवं बाल विकास विभाग को पर्याप्त प्राथमिकता देते हुए आवंटन किया गया है। यह निर्णय राज्य सरकार की सामाजिक-न्याय, पोषण, महिला-सशक्तिकरण और बाल अधिकारों की सुरक्षा के प्रति प्रतिबद्धता को स्पष्ट रूप से दर्शाता है। यह स्वागतयोग्य कदम झारखंड के सामाजिक ताने-बाने को मजबूत करेगा और हमारी अगली पीढ़ी के स्वास्थ्य और विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। इस सत्र में हुई चर्चाएं, प्रश्नोत्तर, ध्यानाकर्षण सूचनाएं, संकल्प और विभिन्न विधायी प्रक्रियाएं झारखंड के विकास, को गति देने में निश्चित रूप से सहायक होंगी।

राज्यवासियों को आगामी नव वर्ष 2026 और झारखण्ड की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक सोहराय पर्व, बंधना-खुंटाव, मकर सक्रांति और क्रिसमस की हार्दिक बधाई देता हूं। उन्होंने कहा कि हमारे राज्य की विविधता ही हमारी सबसे बड़ी शक्ति है और ये पर्व हमें सौहार्द, सहयोग, करूणा और आपसी सम्मान की भावना को अधिक मजबूत करने का अवसर प्रदान करते हैं।

### अरुणाचल प्रदेश में दर्दनाक सड़क हादसा

# मजदूरों को ले जा रहा ट्रक खाई में गिरा, 22 की मौत

एजेंसी



तिनसुकिया। अरुणाचल प्रदेश के आंजाव जिले में हुए एक भीषण सड़क हादसे में असम के 22 मजदूरों की दर्दनाक मौत हो गई। आधिकारिक सूत्रों ने गुरुवार को बताया कि एक डंपर अनियंत्रित होकर पहाड़ी सड़क से गहरी खाई में गिर गया, जिससे यह दुर्घटना हुई। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, डंपर मजदूरों को लेकर कार्यस्थल की ओर जा रहा था तभी अचानक चालक ने नियंत्रण खो दिया और वाहन सीधे खाई में जा गिरा। इनमें से 19 मजदूर तिनसुकिया के गेलापुखुरी चाय बागान एवं अन्य आसपास से अरुणाचल प्रदेश में काम के लिए गए थे। घटना की सूचना मिलते ही राहत-बचाव दल मौके पर पहुंचा। अब तक 13 मृतकों के शव बरामद किए गए हैं, जबकि बाकी के लिए तलाशी अभियान जारी है। मृतकों की पहचान बुधेश्वर दीप, राहुल कुमार, समीर दीप, जॉन कुमार, पंकज मानकी, अजय मानकी, विजय कुमार, अभय भूमिज, रोहित मानकी, बीरेंद्र कुमार, अगर ताती, धीरेन चेतिया, रजनी नाग, दीप गोवाला, रामचबक सोनार, सोनातन नाग, संजय कुमार, करण कुमार और जोनाश मुंडा के रूप में हुई है। स्थानीय प्रशासन असम सरकार के साथ समन्वय कर मृतकों की पहचान, आगे की कार्रवाई और पीड़ित परिवारों को सहायता पहुंचाने की प्रक्रिया तेज कर रहा है।

### असम चाय बगान के क्षेत्र में रहनेवालों का प्रतिनिधिमंडल सीएम से मिला

प्रातः नागपुरी संवाददाता



रांची। असम के चाय बागान क्षेत्रों में रहने वाले आदिवासी परिवारों की समस्याओं को लेकर एक प्रतिनिधिमंडल ने गुरुवार को झारखंड विधानसभा परिसर में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलाकात की। आदिवासी समन्वय समिति भारत (असम) के सदस्यों ने मुख्यमंत्री को चाय बागान क्षेत्र में बसे झारखंड मूल के आदिवासी समुदाय की सामाजिक, आर्थिक और शैक्षणिक स्थिति पर गंभीर मुद्दों से अवगत कराया। प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों ने बताया कि असम सरकार की उदासीनता के कारण आदिवासी परिवार उपेक्षा और पिछड़ेपन का सामना कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि अंग्रेजी शासनकाल में झारखंड से मजदूरों को असम ले जाकर बसाया गया था। लेकिन आज भी इन परिवारों को दोयम दर्जे का व्यवहार झेलना पड़ रहा है। चाय बागानों में काम कर रहे आदिवासी श्रमिकों के वेतन, भूमि विवाद और सामाजिक पहचान से जुड़े मुद्दे लगातार अनसुलझे हैं। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने प्रतिनिधिमंडल की बातों को गंभीरता से सुनते हुए आश्वस्त किया कि झारखंड सरकार आदिवासी समुदाय की पहचान और अधिकारों की रक्षा के लिए सक्रिय भूमिका निभाएगी।

## पुणे के आईएसआईएस मॉड्यूल और टेरर फंडिंग जांच के लिए हजारीबाग में एनआईए की टीम ने की छापेमारी

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि




हजारीबाग। पुणे के आईएसआईएस मॉड्यूल की जांच के लिए राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) की टीम ने हजारीबाग में छापेमारी की। गुरुवार को एनआईए की टीम ने हजारीबाग के पेलावल थाना क्षेत्र के पगमिल स्थित एक घर में पहुंची। एनआईए की टीम ने घर की एक बुजुर्ग महिला से पूछताछ की और घर में रखे दस्तावेजों को खंगाला। एनआईए की टीम 3 गाड़ी से अहले सुबह हजारीबाग के पेलावल पहुंची। इस दौरान सुरक्षा के लिए अतिरिक्त बल की तैनाती की गयी थी। कथित तौर पर संदिग्ध आतंकी शाहनवाज सफी उज्जमा आलम से जुड़े मामले की जांच करने टीम यहां आयी थी। शाहनवाज को वर्ष 2023 में गिरफ्तार किया गया था। इस मामले में एनआईए को कुछ इनपुट्स मिले थे, जिसकी तफ्तीश करने के लिए टीम यहां आयी थी। उल्लेखनीय है कि शाहनवाज आलम को दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने अक्टूबर 2023 में दिल्ली से गिरफ्तार किया था। उसकी गिरफ्तारी पुणे के आईएसआईएस मॉड्यूल मामले में हुई थी। वह मूल रूप से झारखंड के हजारीबाग जिले का रहने वाला है। इससे पहले वर्ष 2019 में हजारीबाग में डकैती और चोरी के कई मामलों में उसकी गिरफ्तारी हुई थी और वह 8-9 तक महीने जेल में रहा था।

### चार हजार किग्रा. विस्फोटक लूट मामले में एनआईए का बड़ा खुलासा

## सुरक्षाबलों पर हमला करने के लिए की गई थी लूट

**मामले में 11 नक्सलियों पर चार्जशीट, एक करोड़ इनामी पतिराम मांझी शामिल**

प्रातः नागपुरी संवाददाता



रांची। राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने राउरकेला (ओडिशा) में हुई चार हजार किलोग्राम विस्फोटक लूट मामले में अहम खुलासा किया है। एनआईए की जांच में पता चला है कि झारखंड और ओडिशा के नक्सलियों ने सुरक्षाबलों पर हमला करने और सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने के लिए विस्फोटक की लूट की थी। इस मामले में एनआईए ने 11 नक्सलियों पर चार्जशीट दाखिल किया है। इनमें झारखंड के सारंडा में सक्रिय एक करोड़ इनामी नक्सली पतिराम मांझी उर्फ अनल, जरजा मुंडा, पिंटू लोहरा, लालजीत, शिवा बोदरा, अमित मुंडा, सुखलाल मुंडा, रवि, राजेश, सोहन और अप्टन शामिल हैं। एनआईए ने अपनी जांच में पाया कि ये आरोपित लगभग 200 विस्फोटक पैकेट (एक में 20 किलोग्राम) की लूट की आपराधिक साजिश, योजना और उसे अंजाम देने में सक्रिय रूप से शामिल थे। उल्लेखनीय है कि लूट गया विस्फोटक झारखंड के पश्चिमी सिंहभूम चाईबासा से बरामद किया गया था।

### केदारनाथ-बद्रीनाथ का तापमान माइनस 15 डिग्री

नई दिल्ली। पहाड़ी राज्यों की बर्फबारी और हिमालयी क्षेत्र में पश्चिमी विक्षोभ बनने से मैदानी इलाकों में ठंड बढ़ गई है। मध्य प्रदेश में पारा 3 डिग्री तक पहुंच गया। मौसम विभाग के मुताबिक पश्चिमी विक्षोभ का असर 13 दिसंबर से दिखना शुरू होगा इससे और तेजी से तापमान गिरेगा। वहीं, राजस्थान में भी पारा गिरने लगा है। राज्य के 20 से ज्यादा जिलों में मिनिमम टेम्प्रेचर 10 डिग्री से नीचे चला गया। चमोली-पिथौरागढ़ में पाइपलाइन में पानी जम गया। केदारनाथ में तापमान -15, बद्रीनाथ में -13 डिग्री चला गया।

# एनडीए सुशासन और राष्ट्रीय विकास की साझा प्रतिबद्धता का प्रतीक : प्रधानमंत्री

### पीएम मोदी ने अपने आवास पर एनडीए के सांसदों को रात्रि भोज के लिए बुलाया

**सभी सांसदों को छह-सात के समूह में बिठाया गया था, उनके साथ एक मंत्री भी बिठाया गया था**

एजेंसी

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को अपने आवास पर राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) के सांसदों को रात्रि भोज के लिए बुलाया। सांसद कई अलग समूह में बसों में सवार होकर 7 लोक कल्याण मार्ग स्थित प्रधानमंत्री आवास पर पहुंचे। बिहार विधानसभा में मिली शानदार जीत के बाद आयोजित इस विशेष रात्रि भोज में मेन्यू भी देश को एक सूत्र में पिरोने जैसा था। सूत्रों के मुताबिक सभी सांसदों को छह सात के समूह में बिठाया गया था। उनके साथ एक मंत्री भी बिठाया गया था। प्रधानमंत्री ने सभी सांसदों के टेबल पर जाकर उनसे बात की और उनसे हाल पूछा। उन्हें आग्रह कर-के प्रेम से भोजन करवाया। रात्रि भोज के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक्स पर लिखा - आज शाम लोक कल्याण मार्ग स्थित 7 नंबर होटल में एनडीए सांसदों को रात्रिभोज पर आमंत्रित करना अत्यंत सुखद अनुभव रहा। एनडीए परिवार सुशासन, राष्ट्रीय विकास और क्षेत्रीय आकांक्षाओं के प्रति साझा प्रतिबद्धता का प्रतीक है। हम सब मिलकर आने वाले वर्षों में अपने राष्ट्र के विकास पथ को सुदृढ़ करने के लिए निरंतर प्रयासरत रहेंगे। सूत्रों के मुताबिक भोजन के मेन्यू में हर राज्य के व्यंजन शामिल थे। यानी जम्मू-कश्मीर से लेकर केरल तक, सभी राज्यों के व्यंजन सांसदों को परोसे गए। आंध्रप्रदेश का पलककुरा पप्पु, काले मोती चिलगोजा पुलाव, भिंडी सांबरिया भी मेन्यू में शामिल था। महाराष्ट्र की मूंगफली की चटनी, विभिन्न प्रकार के चावल, ज्वार की रोटी भोजन की विशेषताएं थीं। एक तरह से कहा जा सकता है कि भोजन में देश के हर राज्य से व्यंजन शामिल किए गए थे जिसके माध्यम से सांसदों को विभिन्नता में एकता का संदेश दिया।



### बीजेपी अध्यक्ष पद पर अटकलें तेज

नई दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी के अगले राष्ट्रीय अध्यक्ष को लेकर राजनीतिक गलियारों में चर्चा तेज है, लेकिन इसी बीच पार्टी नेतृत्व ने साफ संकेत दिए हैं कि 2029 का लोकसभा चुनाव भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में ही लड़ा जाएगा। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस से हाल ही में जब इस विषय पर प्रश्न पूछे गए, क्योंकि उन्हें अध्यक्ष पद के संभावित दावेदारों में शामिल बताया जा रहा था। इसके साथ ही उनकी चर्चा पीएम मोदी के उत्तराधिकारी के रूप में भी चल रही थी। पीएम मोदी के संभावित उत्तराधिकारी के बारे में उन्होंने स्पष्ट कहा कि इस तरह की चर्चाओं की कोई आवश्यकता नहीं है।

## गोवा नाइटक्लब अग्निकांड : मालिक लूथरा ब्रदर्स थाइलैंड से गिरफ्तार



एजेंसी

नई दिल्ली। थाइलैंड में भारतीय एजेंसियों ने गोवा के उस नाइटक्लब के दोनों मालिक भाइयों गौरव लूथरा और सौरभ लूथरा को गिरफ्तार कर लिया है, जहां 6 दिसंबर की रात भीषण आग लगने से 25 लोगों की जिंदा जलकर मौत हो गई थी। दोनों को जल्द ही भारत लाया जा रहा है और उनके प्रत्यर्पण की कानूनी प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। विदेश मंत्रालय उनके पासपोर्ट की वैधता भी रद्द करने पर विचार कर रहा है, क्योंकि गोवा सरकार ने इसकी औपचारिक मांग की मांग की है। आग लगते ही दोनों भाई देश छोड़कर भाग गए थे। घटना के महज कुछ घंटों बाद, जब बचाव दल मलबे में फंसे लोगों को निकालने और आग बुझाने की कोशिश कर रहा था, तब लूथरा ब्रदर्स ने भागने की तैयारी शुरू कर दी थी। जांच में पता चला है कि 7 दिसंबर की रात 1:17 बजे उन्होंने एक ट्रैवल पोर्टल पर थाइलैंड की फ्लाइट बुक की थी।

# सदन में फिर उठा 100 रुपए में एक ट्रैक्टर बालू का मुद्दा

प्रातः नागपुरी संवाददाता



**रांची।** विधानसभा के शीतकालीन सत्र के अंतिम दिन गुरुवार को सदन में एक बार फिर बालू का मुद्दा उठा। सत्येंद्र नाथ तिवारी के गैर संकल्प सवालों का जवाब देते हुए प्रभारी मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने कहा कि सदस्य सत्येंद्र नाथ तिवारी जिस 444 चिन्हित बालू घाटों की नीलामी की बातें कह रहे हैं। वह पेसा कानून लागू नहीं होने के कारण रुका हुआ है। उन्होंने कहा कि उच्च न्यायालय की ओर से इसपर रोक लगाई गई है। बावजूद इसके राज्यवासियों को कैसे बालू मिले इसपर राज्य सरकार काम कर रही है। उन्होंने कहा कि 374 बालू घाटों की नीलामी हो चुकी है। जहां स्थानीय स्तर के लोग अबुआ आवास सहित अपने कार्यों के लिए 100 प्रति ट्रैक्टर ले जा सकते हैं। इस सोच के साथ सरकार ने काम किया है। विपक्ष पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि जहां से विपक्ष सोचना बंद करती है। वहीं से सरकार सोचना शुरू करती है। मंत्री ने कहा कि उच्च न्यायालय की ओर से आदेश मिलते ही 10 से 15 दिनों के भीतर राज्य सरकार बचे 444 चिन्हित बालू घाटों की भी नीलामी कर दिया जाएगा। इससे पहले सत्येंद्र नाथ तिवारी ने गैर सरकारी संकल्प के तहत सभा पटल के समक्ष पिछले छह वर्षों से राज्य के लगभग 444 चिन्हित बालू घाटों की नीलामी का टेंडर नहीं होने के कारण जिम्मेदार पदाधिकारियों पर कार्रवाई करने और इन सभी बालू घाटों की नीलामी टेंडर करने की मांग की। उन्होंने कहा कि सत्ता पक्ष की ओर से 100 सीएफटी में बालू मिलने की बातें कही जाती है। लेकिन जिन घाटों का टेंडर अबतक नहीं हुआ और जहां पर अनियमितताएं हो रही हैं उसपर सरकार को जवाब देना चाहिए।

# इंडियन ऑयल टर्मिनल में तेल उठाव ठप, हड़ताल पर गए टैंकर चालक

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि



**खूंटी।** इंडियन ऑयल टर्मिनल में गुरुवार से तेल का उठाव पूरी तरह ठप हो गया। जिला टैंकर एसोसिएशन के आह्वान पर टैंकर चालक हड़ताल पर चले गए हैं। इसके कारण टर्मिनल के बाहर दर्जनों टैंकर खड़े हैं। टर्मिनल से रोजाना तीन से चार सौ टैंकरों में तेल लोड होकर झारखंड के विभिन्न जिलों में भेजा जाता था, लेकिन हड़ताल से सप्लाई पर असर पड़ने की आशंका बढ़ गई है। टैंकर एसोसिएशन के अध्यक्ष गुलाम मुस्तफा खान उर्फ टीका खान और उमेश भगत ने टर्मिनल प्रबंधन पर आरोप लगाते हुए कहा कि टैंकर चालक और ट्रांसपोर्टरों के साथ दुर्व्यवहार किया जा रहा है। साथ ही चालकों के लिए मूलभूत सुविधाओं की भारी कमी है। उन्होंने बताया कि प्रतिदिन सैकड़ों टैंकर टर्मिनल में प्रवेश करते हैं, फिर भी यहां शौचालय, पेयजल और पार्किंग जैसी न्यूनतम सुविधाएं उपलब्ध नहीं हैं। पार्किंग स्थल नहीं होने से चालकों को सड़क किनारे वाहन खड़ा करना पड़ता है, जिससे दुर्घटना का जोखिम बढ़ जाता है। उन्होंने कहा कि चालकों को आराम के लिए रेस्टरूम भी उपलब्ध नहीं है, जबकि इस संबंध में कई बार प्रबंधन से आग्रह किया जा चुका है। एसोसिएशन का कहना है कि मंगलवार को जब वे अपनी समस्याएं रखने के लिए टर्मिनल पहुंचे थे तो उन्हें रोक दिया गया। मौके पर उन्होंने संबंधित अधिकारी के व्यवहार को लेकर नाराजगी जताई और आरोप लगाया कि ट्रांसपोर्टरों के साथ भी सम्मानजनक व्यवहार नहीं किया जाता है।

## संक्षिप्त

### राहे के कई भाजपा कार्यकर्ता मंडल अध्यक्ष मनोनीत



**सोनाहातू/राहे।** भाजपा झारखंड प्रदेश के निर्देशानुसार पूर्व सांसद घुरन राम ने भाजपा राहे मंडल से मेघनाथ महतो, सोनाहातू से खगेश महतो,बारेंदा से सुभाष महतो,को मंडल अध्यक्ष मनोनीत किया है। मंडल अध्यक्ष मनोनीत के बाद संगठन में मजबूती आयेगी। तीनों मंडल पर अध्यक्ष मनोनीत किए जाने पर केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री सह सांसद संजय सेठ, ग्रामीण जिला अध्यक्ष विनय महतो धीरज ने बधाई दी है।

### सिल्ली के तीरंदाज नेशनल आर्चरी चैंपियनशिप प्रतियोगिता के लिए हैदराबाद रवाना

**सिल्ली।** बिरसा मुंडा तीरंदाजी एकाडमी के खिलाड़ी सीनियर नेशनल आर्चरी चैंपियनशिप में भाग लेने के लिए गुरुवार देर शाम हैदराबाद के लिए रवाना हुए। कोच प्रकाश राम ने बताया कि 11से18 दिसम्बर तक हैदराबाद में आयोजित सीनियर नेशनल आर्चरी चैंपियनशिप प्रतियोगिता में झारखंड तीरंदाजी टीम में शामिल बिरसा मुंडा तीरंदाजी एकेडमी के कई खिलाड़ी शामिल हैं। जिसमें इंडियन राउंड में वर्षा खलको, तमन्ना चौधरी कंपाउंड में मधुमिता कुमारी, अनीता कुमारी और रिकर्व में सुरभि पाल, आदित्य राय शामिल हैं। एकाडमी के संरक्षक पुर्व उप मुख्यमंत्री सुदेश कुमार महतो, अध्यक्ष नेहा महतो, गूंज परिवार के संयोजक जयपाल सिंह, ब्रजेश प्रसाद समेत स्थानीय खेल प्रेमियों ने बधाई देते हुए शुभकामनाएं दी है।

### सड़क दुर्घटना में कुंजला के युवक की मौत



**खूंटी।** खूंटी- सिमडेगा मुख्य मार्ग पर अंगराबारी स्वास्थ्य उप केंद्र के पास बुधवार की देर रात हुई सड़क दुर्घटना में दिलीप कुमार नामक 24 वर्षीय युवक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। मृतक मुरहू थाना क्षेत्र के कुंजला गांव का रहने वाला। वैसे मूल रूप से उसका परिवार कर्रा थाना क्षेत्र के घासीबारी गांव का रहने वाला है। जानकारी के अनुसार दिलीप कुमार अपने दोस्तों के साथ कृष्णा ढाबा में किसी का जन्मदिन मना कर वापस अपनी बाइक से कुंजला लौट रहा था। बाबा आमरेश्वर धाम के पहले स्वास्थ्य उप केंद्र के पास उसकी बाइक अनियंत्रित होकर एक पेड़ से टकरा गई। इससे घटनास्थल पर ही दिलीप कुमार की मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलने पर मुरहू थाना की पुलिस घटनास्थल पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल खूंटी भेज दिया।

# ब्राउन शुगर के अंतरराज्यीय रैकेट का खुलासा, चार गिरफ्तार

## गिरफ्तार आरोपियों के पास से लाखों का ब्राउन शुगर बरामद

**गिरफ्तार आरोपितों में अनिकेत उर्फ शीनू, अमित कुमार सोनी, सोनू कुमार और अनिशा कुमारी है शामिल**

**इनके पास से 33.18 ग्राम ब्राउन शुगर और नकद छह लाख 82 हजार रुपये, एक स्कार्पियों और एक स्कूटी किया गया है बरामद**

प्रातः नागपुरी संवाददाता




**रांची।** रांची पुलिस ने सुखदेवनगर थाना क्षेत्र से ब्राउन शुगर के एक अंतरराज्यीय रैकेट का खुलासा करते हुए चार आरोपितों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपितों में अनिकेत उर्फ शीनू, अमित कुमार सोनी, सोनू कुमार और अनिशा कुमारी शामिल है। इनके पास से 33.18 ग्राम ब्राउन शुगर (बाजार मूल्य छह लाख 60 हजार रुपये) और नकद छह लाख 82 हजार रुपये, एक स्कार्पियों और एक स्कूटी बरामद किया गया है। डीएसपी प्रकाश सोय ने गुरुवार को बताया कि एसएसपी राकेश रंजन को मिली गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस की टीम ने कार्रवाई करते हुए सुखदेवनगर थाना सेंट्रल बैंक गली स्थित अखिल मेमोरियल मार्ग से चार लोगों को गिरफ्तार किया है।

टीम ने सबसे पहले सुखदेवनगर स्थित कुम्हार टोली, चूना भट्ठा के पास अमित सोनी के घर पर विधिवत छापा मारा। तलाशी के दौरान, अमित सोनी के घर के दूसरे तल पर कपड़ों के बीच छिपाकर रखी गई 20.58 ग्राम ब्राउन शुगर बरामद किया गया। पूछताछ में अमित सोनी ने बताया कि वह सासाराम के शाहिद नामक व्यक्ति से ब्राउन शुगर लाकर रांची में ऊंचे दाम पर बेचता है। वह वैध कागजात प्रस्तुत नहीं कर सका।

दूसरी कार्रवाई रातू रोड में अमित सोनी से मिली जानकारी के आधार पर, टीम ने देर रात करीब अखिल मेमोरियल गली, रातू रोड स्थित अनिकेत कुमार उर्फ शीनू के घर पर छापा मारा। छापेमारी के दौरान घर में अनिकेत कुमार उर्फ शीनू और उसका भाई सोनू कुमार मिले। दोनों की तलाशी लेने पर अनिकेत के पैंट की पॉकेट से प्लास्टिक में लिपटी 10.20 ग्राम और सोनू कुमार के पैंट से 2.40 ग्राम ब्राउन शुगर बरामद हुई। डीएसपी ने बताया कि अनिकेत के खिलाफ पूर्व से रांची में तीन और अमित के खिलाफ दो मामले दर्ज हैं।

## शीतकालीन विधानसभा सत्र में सुरेश बैठा ने उठाया मुद्दा

प्रातः नागपुरी संवाददाता

**कांके।** शीतकालीन विधानसभा सत्र के अंतिम दिन कांके विधायक सुरेश बैठा ने गैर सरकारी संकल्प, पदकवीर खिलाड़ियों व स्मार्ट मीटर का मुद्दा उठाया। इसकी सराहना प्रखंड अध्यक्ष संजर खान, कांग्रेसी कार्यकर्ता व ग्रामीणों ने की। श्री बैठा ने कहा कि कांके जिले का सबसे बड़ा प्रखंड है, जिसमें 32 पंचायत है।

उन्होंने कांके व पिठोरिया में दो प्रखंड कार्यालय बनाने की मांग रखी। बताया कि प्रशासनिक कार्यों के लिये आम जनता को काफी लंबी दूरी तय करनी पड़ती है। श्री बैठा ने कहा कि राज्य के



अंतराष्ट्रीय व राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता खिलाड़ियों को नियुक्ति हो रही है। यह गौरव की बात है। हालांकि अभ्यास के लिये छुट्टी नहीं मिल पाने से उन खिलाड़ियों को अभ्यास का मौका नहीं मिल पा रहा है। उन्हें अभ्यास के लिये सरकार छुट्टी आसानी से उपलब्ध कराए। वहीं बिजली के लिये घरों में लगे स्मार्ट मीटर हटाने की मांग रखी।

## सीओ के निर्देश पर चौक-चौराहों पर की गई अलाव की व्यवस्था

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि

**सिल्ली।** कड़ाके की ठंड से लोगों को राहत दिलाने के उद्देश्य से अंचल अधिकारी अरुणिमा एक्का ने प्रखंड क्षेत्र के प्रमुख चौक-चौराहों पर अलाव की व्यवस्था शुरू करा दी है।शाम ढलते ही विभिन्न स्थानों पर अलाव जलाये जा रहे हैं। जहां स्थानीय लोग जुटकर आग तापते हुए आपस में चर्चा और परिचर्चा करते नजर आ रहे हैं। शाम को झारखंड मोड़ चौक, सिल्ली बुंडू मोड़, अस्पताल परिसर पर भी अलाव के आसपास लोगों की भीड़ देखने को मिली, जहां सभी ने प्रशासन की पहल की सराहना की। ग्रामीणों का कहना है कि ठंड बढ़ने के साथ ऐसी व्यवस्था बेहद जरूरी है।जिससे स्थानीय लोगों को काफी राहत मिल रही है।



प्रशासन ने भरोसा दिलाया है कि ठंड के दिनों में सभी प्रमुख चौक-चौराहों पर नियमित रूप से अलाव जलाये जायेंगे। अंचल अधिकारी अरुणिमा एक्का द्वारा जहां जरूरतमंद, दिहाड़ी मजदूर, प्रवासी राहगीर और बेघर लोग अधिक संख्या में रहते या गुजरते हैं। इन स्थानों पर अलाव की व्यवस्था कर संबंधित कर्मचारी को लगातार निगरानी के निर्देश भी दिए गए हैं।

# मानवाधिकार की सार्वभौमिक घोषणा की 75वीं वर्षगांठ पर कार्यक्रम आयोजित

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि




**खूंटी।** इंटरनेशनल ह्यूमन राइट्स एसोसिएशन झारखंड प्रदेश के तत्वावधान में खूंटी निरीक्षण भवन परिसर में मानवाधिकार की सार्वभौमिक घोषणा की 75वीं वर्षगांठ पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि जिला विधिक सेवा प्राधिकार की सचिव सह जज राजश्री अपर्णा कुजूर ने दीप प्रज्वलित कर किया। रांची जिला अध्यक्ष शंकर शंभु राजेश और लोहरदगा जिला अध्यक्ष रामजी कुमार मुंडा ने मुख्य अतिथि को शॉल और पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रदेश महासचिव तपन कुमार घोष ने की। अपने संबोधन में जज राजश्री अपर्णा कुजूर ने कहा कि संविधान द्वारा प्रदत्त मानवाधिकारों की रक्षा सर्वोपरि है और उनका हनन किसी भी स्थिति में स्वीकार्य नहीं। उन्होंने कहा कि विधिक सेवा प्राधिकार आमजन को निःशुल्क कानूनी सलाह और सहायता उपलब्ध करा रहा है, इसलिए लोगों में जागरूकता जरूरी है। अध्यक्षता करते हुए तपन कुमार घोष ने कहा कि झारखंड मानवाधिकार आयोग तीन वर्षों से निष्क्रिय है, जिससे लगभग तीन हजार मामले लंबित हैं। उन्होंने सरकार से आयोग को सक्रिय करने की मांग की। कार्यक्रम में पश्चिमी सिंहभूम जिला अध्यक्ष डॉ. पी.के. विश्वास और खूंटी जिला अध्यक्ष सुदामणी देवी को मुख्य अतिथि की ओर से सम्मानित किया गया। मौके पर विभिन्न जिलों के पदाधिकारी एवं सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

### बुली महतो के त्याग और बलिदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता : शैलेन्द्र महतो

**सोनाहातू।** प्रखंड के भकुआडीह मोड़ पर गुरुवार को स्वतंत्रता सेनानी बुली महतो के जीवनी और इतिहास की जानकारी देने,प्रचार प्रसार के को लेकर माल्यार्पण सभा का आयोजन किया गया। सभी लोगों के द्वारा बुली महतो के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित किया गया।सभा में पूर्व सांसद शैलेंद्र महतो ने बुली महतो के कोल विद्रोह में भूमिका को विस्तार से बताए। देश के आजादी के लिए किस तरह बुली महतो ने घर परिवार छोड़ कर बलिदान दिया ,इसकी जानकारी सभा के माध्यम से लोगों को दिए। बुली महतो के संघर्ष की कहानी का कई इतिहास के पुस्तकों में दर्ज है उनकी भी जानकारी दी गई। इन्होंने कहा कि स्वतंत्रता सेनानी ने देश की आजादी के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया था। उनके त्याग और बलिदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। कुरमाली भाषा परिषद के अध्यक्ष डॉ राजाराम महतो ने कहा कि आजादी आसानी से नहीं मिली है, इसके पीछे असंख्य वीरों का संघर्ष निहित है।बुली महतो हमारे प्रेरणा स्रोत है। इसके गांव कोड़ाडीह ऐतिहासिक रूप में विकसित किया जाएगा। इस क्रम में आयोजनकर्ता समाज सेवी धनपति महतो ने स्वतंत्रता सेनानी के परिजनों को सम्मानित किया और कहा कि बुली महतो की जीवनी को गांव गांव बताया जायेगा। इस अवसर पर लोक कलाकार रेवती देवी ओर टीम के द्वारा रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। संचालन राजेंद्र महतो ने किया ।मौके पर कुरमाली कवि देवेंद्रनाथ महतो, बनमाली महतो, सत्यनारायण महतो, नीरज कुमार महतो,प्रदीप महतो, राजू महतो, जगतपाल महतो, सहित काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

### बिरसा कॉलेज के शिविर में 12 यूनिट रक्त संग्रह

**खूंटी।** बिरसा कॉलेज खूंटी परिसर में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) एवं कॉलेज प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में बुधवार को रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। शिविर की शुरूआत एनसीसी की छात्राओं ने रक्तदान कर की, जिससे पूरे परिसर में सेवा और जागरूकता का सकारात्मक माहौल बना। सदर अस्पताल खूंटी की ब्लड बैंक टीम की देखरेख में कुल 12 यूनिट रक्त संग्रह किया गया। कार्यक्रम में कॉलेज के प्रोफेसर प्रतीक लुगुन सहित कई शिक्षकों और विद्यार्थियों ने रक्तदान कर युवाओं की जिम्मेदारी और संवेदनशीलता का उदाहरण प्रस्तुत किया। मौके पर प्रभारी प्राचार्य डॉ. चंद्र किशोर भगत, ब्लड बैंक प्रभारी आनंद उरांव, खेल प्रभारी राजकुमार गुप्ता, तथा एबीवीपी के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य प्रकाश टूटी उपस्थित थे।



### सादा पट्टा में बेची जा रही जमीन, गायब हो रहे रिकॉर्ड : राजेश

**रांची।** शीतकालीन सत्र के अंतिम दिन सदन में गुरुवार को रांची समय पूरे राज्य में आदिवासी जमीन को सादा पट्टा में बेचने का मामला कांग्रेस के विधायक राजेश कच्छप ने उठाया। इस पर प्रभारी मंत्री दीपक बिरुआ ने कहा कि इस मामले पर राज्य सरकार गंभीर है। ऐसे मामले पर सरकार अविलंब कार्रवाई करेगी। विधायक ने गैर संकल्प के तहत सदन में सवाल उठाते हुए कहा कि राज्य के आदिवासी मूलवासियों की जमीन की सुरक्षा के लिए ही छोटानागपुर टेनेंसी एक्ट (सीएनटी) 1908 लागू हुआ था। लेकिन 118 साल बीतने के बावजूद आदिवासी मूलवासियों की जमीन लूट, जमीन के नेचर से छेड़छाड़, जमीन को सामान्य बनाने के मामले, रिकॉर्ड ऑफ राइट के संरक्षित स्थल अभिलेखागार से रिकॉर्ड गायब करने और रिकॉर्ड फाड़ देने जैसे काम धड़ल्ले से हो रहे हैं। इन्हीं कारणों से जमीन की सुरक्षा सुनिश्चित नहीं हो पा रही है। उन्होंने कहा कि राजधानी रांची में बड़ी संख्या में आदिवासी जमीनों को सादा पट्टा में लिखकर बेचने का कार्य बदस्तूर जारी है। इसपर रोक लगनी चाहिए। नहीं तो आने वाले समय में आदिवासी मूलवासी पूरी तरह अपने ही जमीन से बेदखल हो जाएंगे जो बेहद चिंता का विषय है।

### पुण्यतिथि पर विधायक ने दी एनई होरो को श्रद्धांजलि

**खूंटी।** झारखंड आंदोलन के पुरोधा, गांधीवादी नेता और झारखंड गोमके एनई होरो की पुण्यतिथि पर गुरुवार को तोरपा विधायक सुदीप गुड़िया ने गोविंदपुर मिशन चौक पहुंचकर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। मौके पर विधायक ने कहा कि एनई होरो भले ही समाज में मौजूद नहीं हैं, लेकिन झारखंड की स्मृतियों और माटी में वे सदैव अमर रहेंगे। विधायक ने कहा कि एनई होरो का योगदान झारखंड की सांस्कृतिक पहचान, अधिकारों और स्वाभिमान की रक्षा के लिए अविस्मरणीय है। उन?होंने कहा कि उनके विचार आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित करते रहेंगे। कार्यक्रम में पादरी प्रदीप करकेट्टा, डीडी गुड़िया, विनोद उरांव, राहुल केशरी, लछुवा लोहरा, मुन्ना हेरेज, शिशिर हेमरोम, निस्तार बारला, कार्तिक उरांव, आशीष करकेट्टा सहित कई गणमान्य उपस्थित थे।

# कांग्रेस का आरोप- छात्रवृत्ति मामले में ओबीसी छात्रों को गुमराह कर रही भाजपा

प्रातः नागपुरी संवाददाता



**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने गुरुवार को कांग्रेस भवन में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में आरोप लगाया कि भाजपा ओबीसी छात्रों की छात्रवृत्ति के मुद्दे पर उन्हें गुमराह कर रही है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार स्वयं राज्य को छात्रवृत्ति की अदायगी के लिए आवश्यक राशि उपलब्ध नहीं करा रही है, फिर भी भाजपा नेता इस विषय पर संवेदना बटोरने की राजनीति कर रहे हैं। कमलेश ने बताया कि राज्य सरकार ने 2023-24 में केंद्र से 271 करोड़ रुपये की मांग की थी, जिसके बदले सिर्फ 77 करोड़ रुपये ही मिले। इसी तरह 2024-25 में 253 करोड़ रुपये की मांग के विरुद्ध 33 करोड़ रुपये दिए गए।

वर्ष 2025-26 में 370 करोड़ रुपये की मांग पर केंद्र ने मात्र 13 करोड़ रुपये जारी किए। उन्होंने कहा कि यह आंकड़े साबित करते हैं कि भाजपा का प्रचार भ्रामक है और इसका जवाब भाजपा नेताओं को देना चाहिए। उन्होंने बताया कि कांग्रेस और महागठबंधन सरकार छात्रवृत्ति को लेकर बेहद गंभीर है और छात्रों को उनका अधिकार दिलाने के लिए प्रतिबद्ध है। इसी उद्देश्य से एनएसयूआई 10 जनवरी 2026 को लोकभवन का घेराव करेगी और छात्रवृत्ति की राशि अविलंब उपलब्ध कराने की मांग उठाएगी। प्रदेश कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने कहा कि केंद्र सरकार यह आरोप लगा रही है कि राज्य सरकार उपयोगिता प्रमाणपत्र उपलब्ध नहीं करा रही है, जबकि छात्रवृत्ति मद में ऐसे प्रमाणपत्र की कोई आवश्यकता नहीं होती है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार लगातार गलत तथ्य पेश कर छात्रों, युवाओं और महिलाओं को गुमराह कर रही है। तिर्की ने विपक्षी दलों से अपील की कि यदि वे सच में छात्र हित की चिंता करते हैं, तो वे दलगत राजनीति से ऊपर उठकर 10 जनवरी को होने वाले लोकभवन घेराव में शामिल हों।

# निःशुल्क नेत्र जांच शिविर में 175 से अधिक बच्चों-अभिभावकों की हुई आंखों की जांच

प्रातः नागपुरी संवाददाता



**रांची।** डीएवी शिक्षा दीप स्कूल, रातू रोड में दो दिवसीय निःशुल्क नेत्र जाँच शिविर का सफल आयोजन किया गया, जिसमें कुल 103 बच्चों और 72 अभिभावकों की नेत्र जांच की गई। यह शिविर नयन सुख केयर के नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉक्टरों और उनकी टीम द्वारा आयोजित किया गया, जिसमें दृष्टि परीक्षण, स्क्रीनिंग और आवश्यक परामर्श प्रदान किए गए। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्राचार्य आलोक कुमार ने की। वहीं छात्र क्लब चिकित्सक मंच (यूनिट-छात्र क्लब ग्रुप) के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिव किशोर शर्मा मुख्य अतिथि और विद्यालय की संस्थापिका नीलम देवी तथा संरक्षक ब्रजेश कुमार पाठक विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। विद्यालय के निदेशक शिवनंदन पाठक ने कहा - स्वस्थ दृष्टि से आत्मविश्वास और स्पष्टता दोनों का जन्म होता है। शिक्षित समाज की शुरूआत स्वस्थ आँखों से ही होती है। मुख्य अतिथि शिव किशोर शर्मा ने नेत्र स्वास्थ्य के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि आँखों में किसी भी प्रकार की परेशानी महसूस होते ही विशेषज्ञ चिकित्सक से जांच कराना जरूरी है।

# एमएमके इंटर हाउस क्रिकेट प्रतियोगिता : टीम ब्लू बनी चैंपियन

**बरियातु स्थित महात्मा गांधी स्टेडियम में एमएमके ग्रीन एवं एमएमके ब्लू टीमों के बीच हुआ मुकाबला**

**टॉस जीतकर एमएमके ग्रीन ने पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया**

**प्रातः नागपुरी संवाददाता**

**रांची।** एमएमके हाई स्कूल के तत्वावधान में चल रहे एमएमके इंटर हाउस क्रिकेट प्रतियोगिता 2025 का फाइनल मैच 11 दिसंबर को खेला गया। बरियातु स्थित महात्मा गांधी स्टेडियम में एमएमके ग्रीन एवं एमएमके ब्लू टीमों के बीच मुकाबला हुआ। टॉस जीतकर एमएमके ग्रीन ने पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। टीम ने निर्धारित 20 ओवर में 9 विकेट के नुकसान पर 126 रन बनाए। ग्रीन टीम की ओर से अरहान ने सर्वाधिक 37 रन, राजन ने 26 रन का योगदान दिया। एमएमके ब्लू की गेंदबाजी में सौरव, शिव कुमार, तथा हिमांशुने शानदार प्रदर्शन करते हुए 2-2 विकेट हासिल किए।

लक्ष्य का पीछा करते हुए एमएमके ब्लू ने 16.5 ओवर में 7 विकेट खोकर फाइनल मुकाबला जीत लिया। ब्लू टीम की जीत में जुनैद के 45 और अंकित के 35 रन महत्वपूर्ण रहे। गेंदबाजी में भी अंकित ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 4 विकेट झटके। फाइनल मुकाबले के बाद विजेता टीम को विनर ट्रॉफी और उपविजेता टीम को ट्रॉफी प्रदान किए गए। इस अवसर पर स्कूल के निदेशक डॉ. तनवीर अहमद ने दोनों टीमों के खिलाड़ियों को सम्मानित किया। उनकी सराहना करते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।



## रांची में होगा पूर्वी जोन स्कूल बैंड प्रतियोगिता का भव्य आयोजन

**प्रातः नागपुरी संवाददाता**



**रांची।** झारखंड इस वर्ष पूर्वी जोन स्कूल बैंड प्रतियोगिता की मेजबानी करेगा। स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग और झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद के तहत यह प्रतियोगिता 14-15 दिसंबर 2025 को खेलगांव स्थित मेगा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में आयोजित होगी। इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में पूर्वी भारत के 11 राज्यों झारखंड, पश्चिम बंगाल, ओडिशा, अरुणाचल प्रदेश, असम, मेघालय, मणिपुर, मिजोरम, नगालैंड, त्रिपुरा और सिक्किम की स्कूल बैंड टीमें भाग लेंगी। यहां से चयनित चार टीमें राष्ट्रीय स्तर पर जगह बनाएंगी। आयोजन सचिव एवं राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी धीरसेन ए। सोरेंग ने कहा कि यह अवसर झारखंड के लिए गर्व का विषय है। यह सिर्फ प्रतियोगिता नहीं, बल्कि बच्चों में अनुशासन, तालझलय, समरसता और राष्ट्रभक्ति को बढ़ावा देने का मंच है। उन्होंने बताया कि आवास, भोजन, सुरक्षा, परिवहन और अन्य व्यवस्थाओं की तैयारी तेजी से चल रही है। प्रतियोगिता के माध्यम से न केवल विद्यार्थियों की प्रतिभा प्रदर्शित होगी, बल्कि झारखंड की सांस्कृतिक धरोहर और आयोजन क्षमता भी राष्ट्रीय स्तर पर चमकेगी।

## संक्षिप्त

### गुरु गोबिंद सिंह के प्रकाशोत्सव के लिए 15 से निकलेगी प्रभातफेरी



**रांची।** खालसा पंथ के संस्थापक सिखों के दसवें गुरु श्री गुरु गोबिंद सिंह महाराज के 359वें प्रकाशोत्सव के उपलक्ष्य में 15 दिसंबर से श्री गुरु सिंह सभा के दिशा निर्देशन में अलग-अलग गुरुद्वारों से प्रभातफेरी निकाली जाएगी। श्री गुरु सिंह सभा के महासचिव गगनदीप सिंह सेठी ने गुरुवार को बताया कि मेन रोड गुरुद्वारा से 15 दिसंबर से 22 दिसंबर तक सुबह 4:30 बजे से प्रभात फेरी निकालने का फैसला लिया गया। उन्होंने बताया कि पटना साहिब में होने वाले श्री गुरु गोविंद सिंह महाराज के प्रकाशोत्सव और नगर कीर्तन में शामिल होने के लिए संगत का जत्था 24 दिसंबर को पटना श्री हरमंदिर साहिब के लिए रवाना होगा।

### बकरी बाजार में अतिक्रमण अभियान, 25 से अधिक अवैध ढांचे तोड़े



**रांची।** रांची नगर निगम की इनफोर्समेंट टीम ने आज बकरी बाजार स्थित निगम धर्मशाला के आसपास बड़े पैमाने पर अतिक्रमण हटाने का अभियान चलाया। काफी समय से वहां अवैध रूप से बनी अस्थायी दुकानें और झुग्गी-झोपड़ियां खड़ी थीं। निगम टीम ने मौके पर पहुंचकर सभी अवैध संरचनाओं को हटाया और पूरी जमीन को खाली कराया। इस कार्रवाई में 25 से ज्यादा अवैध ढांचे तोड़े गए। निगम ने साफ कहा है कि शहर की सार्वजनिक जगहों और निगम की जमीन पर किसी भी तरह का अवैध कब्जा बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। आगे भी ऐसे अभियान लगातार चलेंगे।

# अंडरग्राउंड पाइपलाइन के जरिए लोगों को मिलेगा तिलैया नहर का पानी : मंत्री

**जल संसाधन मंत्री विधानसभा में बोले - योजना का डीपीआर यूडीपीएल के तहत किया रहा है तैयार**

**प्रातः नागपुरी संवाददाता**

**रांची।** अंडरग्राउंड पाइपलाइन के जरिए तिलैया नहर का पानी स्थानीय लोगों को मिलेगा। इस योजना का डीपीआर यूडीपीएल के तहत तैयार किया रहा है। अंडरग्राउंड पाइपलाइन का उपयोग करने से स्थानीय लोगों से भूमि अधिग्रहण का झंझट नहीं रहेगा। ग्रामीण अपनी जमीन योजनाओं के लिए नहीं देना चाहते हैं। यह बातें जल संसाधन मंत्री हफीजुल हसन ने विधानसभा के शीतकालीन सत्र के अंतिम दिन गुरुवार को कही। उन्होंने कहा कि 1948 में डीवीसी का गठन हुआ था, लेकिन उस समय डीवीसी को ही सभी अधिकार दे दिए गए। उन्होंने बताया कि तिलैया डैम 1953 में बना था और उस समय के शर्तों के मुताबिक डैम के 246 एमटीएम जल का उपयोग झारखंड को करने का अधिकार दिया गया था। इस मामले को अल्प सूचित प्रश्न के तहत बरकटठा से भाजपा के विधायक अमित कुमार यादव ने उठाया था। उन्होंने सरकार से कोडरमा जिले के तिलैया नहर योजना के निर्माण कार्य के लिए जल्द डीपीआर बनाने की मांग की थी। विधायक ने कहा कि तिलैया नहर योजना का निर्माण कार्य 1950 से ही विचाराधीन है। इसे लेकर वर्ष 2014-15 में डीपीआर बनाने का निर्णय लिया गया था। लेकिन यह अब तक नहीं बन सका है। उन्होंने कहा कि डीवीसी के सभी डैम झारखंड में बने हैं, लेकिन यह दुखद है कि इन डैमों से सिंचाई का कार्य झारखंड के किसान नहीं कर सकते हैं। डीवीसी के डैम के पानी का इस्तेमाल पश्चिम बंगाल करता है।



## शीतकालीन सत्र : विधायक और मंत्री के बीच हुई बातचीत की जांच कराने की मांग

**झारखंड** विधानसभा के शीतकालीन सत्र के पांचवें और अंतिम दिन गुरुवार को प्रश्नकाल के साथ सदन की कार्यवाही शुरू हुई। सदन की कार्यवाही शुरू होते ही नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने विधायक और मंत्री के बीच हुई बातचीत की जांच कराने की मांग की। बाबूलाल ने ध्यान आकर्षण के दौरान चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि उनके पास इसकी सीडी भी उपलब्ध है, जो मैं आपको दे रहा हूं। उन्होंने कहा कि यह भ्रष्टाचार का मामला है और विधानसभा अध्यक्ष से इस मामले में हस्तक्षेप कर जांच कराने की मांग की। इस पर वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर ने कहा कि जिस प्रकरण की जिक्र हो रही है, वह एक पार्टी कार्यालय के भीतर का मामला है और इससे विधानसभा का कोई सरोकार नहीं है।

## संथाल में दो अधिकारियों के बूते हो रहा सर्वे का काम : हेमलाल

**प्रातः नागपुरी संवाददाता**

**रांची।** झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के विधायक हेमलाल मुर्मू ने विधानसभा के शीतकालीन सत्र के अंतिम दिन गुरुवार को संथाल परगना प्रमंडल में पिछले 50 वर्षों से हो रहे सर्वे सेटलमेंट के अधूरे काम का मुददा उठाया। उन्होंने ध्यानाकर्षण सूचना के तहत कहा कि संथाल में 1973 से सर्वे सेटलमेंट का काम हो रहा है, लेकिन यह अब तक पूरा नहीं हो सका है। उन्होंने बताया कि क्षेत्र के 12273 गांवों का सर्वे होना है। इसमें से केवल 687 गांवों का ही सर्वे हुआ है। शेष 11586 गांवों का सर्वे का काम लंबित है। विधायक ने कहा कि प्रमंडल में 25 के मुकाबले महज दो सहायक बंदोबस्त पदाधिकारियों के बूते



यह कार्य हो रहा है।

उन्होंने सरकार से संथाल में सहायक बंदोबस्त पदाधिकारियों की नियुक्ति कर जल्द सर्वे का काम पूरा कराने की मांग की। इसके जवाब में भू राजस्व मंत्री दीपक बिरूवा ने कहा कि मानव संसाधान की कमी के कारण सर्वे का काम नहीं हो पा रहा है। उन्होंने बताया कि राज्य के अन्य प्रमंडलों में भी सर्वे का काम लंबित है। मंत्री ने कहा कि राज्य में सीआई की परीक्षा का परिणाम जल्द आ जाएगा और कुछ पद प्रोन्नति देकर भी भरी जाएगी और सर्वे का काम किया जाएगा। उन्होंने कहा कि झारखड में सर्वे को लेकर अधिकारियों की टीम केरल और कर्नाटक भी गई थी। इस काम के लिए ड्रोन की मदद भी ली जा रही थी, लेकिन ग्रामीणों के विरोध के कारण इसे रोकना पडा। मंत्री ने कहा कि वे कुछ सहायक बंदोबस्त पदाधिकारियों की नियुक्ति कर संथाल में सर्वे के काम में तेजी लाने का प्रयास करेंगे। ताकि सर्वे का काम जल्द पूरा हो सके।

## गुमला में अल्बर्ट एक्का की प्रतिमा तोड़े जाने के खिलाफ रांची में प्रदर्शन




**रांची।** शहीद अल्बर्ट एक्का चौक पर सामाजिक कार्यकताओं ने प्रदर्शन किया। इस दौरान लोगों ने कहा कि गुमला स्थित जारी गांव में अल्बर्ट एक्का की प्रतिमा को बुलडोजर लगाकर तोड़ दिया था, जबकि इसे अनुशासनपूर्वक जमीन पर रखा जाना था। लेकिन गुमला प्रशासन ने प्रतिमा को हटाने के लिए बुलडोजर का उपयोग किया। और प्रतिमा क्षतिग्रस्त हो गई। प्रशासन और कारीगरों के खिलाफ कार्रवाई की करेंगे मांग। पूर्व टीएसी सदस्य रतन तिर्की और सामाजिक कार्यकर्ता प्रभाकर तिर्की ने कहा कि बुलडोजर लगाकर प्रतिमा तोड़ने वाले प्रशासन के खिलाफ कार्रवाई की मांग की जाएगी। राज्यपाल और सीएम से भी इसकी शिकायत करने का निर्णय लिया है। रतन तिर्की ने कहा कि जयंती के अवसर पर देश के सैनिकों ने अलबर्ट एक्का की प्रतिमा पर माल्यापर्ण करने नहीं पहुंचे। उन्हें श्रद्धांजलि तक नहीं दी। अलबर्ट एक्का की प्रतिमा टूटने को लेकर गुमला प्रशासन ने खेद प्रकट करते हुए कहा कि पहले की अपेक्षा अब आकर्षक और भव्य प्रतिमा बनाई जा रही है। इसके साथ ही इसका सौंदर्यीकरण भी करने का ऐलान किया है।

## हाईकोर्ट ने कहा - रिम्स परिसर से अतिक्रमण हटाओ अभियान रहेगा जारी

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट ने राजेंद्र आयुर्विज्ञान संस्थान (रिम्स) परिसर से अतिक्रमण हटाओ अभियान को जारी रखने का बड़ा फैसला सुनाया है। कोर्ट ने अतिक्रमण हटाने के विरोध में दायर की गई सभी याचिकाओं को सुनवाई के बाद खारिज कर दिया है। यह फैसला तब आया, जब कोर्ट में सुनवाई के दौरान हस्तक्षेप याचिका दाखिल कर कई लोगों ने अतिक्रमण रोकने का आग्रह किया था। जिसे न्यायालय ने अस्वीकार कर दिया। सुनवाई के दौरान रांची के डीसी, एसएसपी और बड़गाई सीओ (अंचल अधिकारी) दस्तावेजों के साथ कोर्ट में उपस्थित थे। इससे पहले हाईकोर्ट ने पिछली सुनवाई में रिम्स परिसर के अतिक्रमणकारियों को 72 घंटे के भीतर स्वयं अतिक्रमण हटाने का निर्देश दिया था। ऐसा न करने पर, प्रशासन को अतिक्रमण हटाने का निर्देश दिया गया था। कोर्ट के इसी आदेश पर प्रशासन द्वारा अतिक्रमण हटाने का अभियान चलाया जा रहा है। हालांकि कोर्ट ने डीआईजी ग्राउंड के निकट स्थित कैलाश कोठी के संबंध में दायर याचिका पर सुनवाई के लिए सोमवार की तारीख निर्धारित की है। कोर्ट ने पिछले दिनों कैलाश कोठी को हटाने पर रोक लगाई है।




## कांग्रेस की वोट चोर गद्दी छोड़ रैली लोकतंत्र बचाने का ऐतिहासिक अभियान : बंधु तिर्की

**रांची।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने कहा कि 14 दिसंबर को दिल्ली के ऐतिहासिक रामलीला मैदान में होने वाली कांग्रेस की वोट चोर गद्दी छोड़ रैली देश में लोकतंत्र को बचाने का महत्वपूर्ण और निर्णायक प्रयास है। उन्होंने दावा किया कि यह रैली न सिर्फ व्यापक जनसमर्थन जुटाएगी, बल्कि चुनाव आयोग की भूमिका पर उठ रहे सवालों को लेकर पूरे देश में एक बड़ा संदेश भी देगी। अपने आवास पर आयोजित एक कार्यक्रम में लगभग 300 टाना भगतों के दल को रवाना करने से पहले मीडिया से बात करते हुए तिर्की ने कहा कि रैली से लोगों को यह समझने में मदद मिलेगी कि चुनाव प्रक्रिया किस तरह प्रभावित की जा रही है और किस प्रकार सरकारी तंत्र का दुरुपयोग कर वोट चोरी को संरक्षण दिया जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि चुनाव आयोग पर लगाए गए गंभीर आरोपों के बाद भी आयोग की ओर से निष्पक्ष जांच के प्रति कोई तत्परता दिखाई नहीं दे रही, जबकि सरकार आयोग के पक्ष में खड़ी होकर लोकतांत्रिक मूल्यों को कमजोर कर रही है। रैली में शामिल होने के लिए टाना भगत अपने पारंपरिक वाद्य-यंत्रों के साथ रांची से दिल्ली रवाना हुए। तीन बसों को हरी झंडी दिखाकर बंधु तिर्की ने विदा किया। इसके अलावा तिर्की, कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं, प्रखंड अध्यक्षों, पदाधिकारियों और कार्यकताओं का एक बड़ा समूह भी शाम ट्रेन से दिल्ली के लिए रवाना हो गया।



## यात्री सुविधाओं के विस्तार को लेकर रक्षा राज्य मंत्री ने रेल मंत्री से की मुलाकात

**प्रातः नागपुरी संवाददाता**

**रांची।** रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने गुरुवार को नई दिल्ली में रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से मुलाकात की। इस मुलाकात के क्रम में सेठ ने रांची को दी जा रही रेल परियोजनाओं के लिए उनके प्रति आभार जताया और रांची में रेल यात्री सुविधाओं के विस्तार को लेकर आग्रह पत्र भी सौंपा। अपने पत्र में सेठ ने कहा कि झारखंड की राजधानी होने के कारण रांची से प्रतिदिन बड़ी संख्या में यात्री आवागमन करते हैं।

कई शहरों से सीधे कनेक्टिविटी नहीं होने के कारण उन्हें बड़ी समस्या होती है। इसके समाधान हेतु विभिन्न ट्रेनों के परिचालन



और फेरे बढ़ाने जैसे विषयों की तरफ सकारात्मक पहल आवश्यक है। उन्होंने मंत्री से आग्रह किया कि रांची से आनंद विहार को जाने वाली हटिया आनंद विहार सुपरफास्ट एक्सप्रेस (ट्रेन नं -12825/12826) का विस्तार जयपुर तक किया जाए। इससे झारखंड और राजस्थान की कनेक्टिविटी सुगम हो जाएगा।

रांची से अहमदाबाद के लिए नई अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेन का परिचालन शुरू किया जाए। इससे देश के कई राज्यों की कनेक्टिविटी हो सकेगी।

इस ट्रेन के परिचालन से आम जनता का आवागमन भी सुगम हो सकेगा। रांची से लोहरदगा के लिए एक पैसेंजर ट्रेन चलती है। इस पैसेंजर ट्रेन के फेरे बढ़ाए जाने की आवश्यकता है, ताकि अधिक से अधिक लोग सुगम यात्रा कर सकें। इसकी मांग भी क्षेत्र की जनता लंबे समय से कर रही है। रांची, सिल्ली, मुरी के लिए भी एक नई मेमू ट्रेन के परिचालन की आवश्यकता है।

## विशेष मध्यस्थता अभियान के चौथे दिन 11 मामले सुलझे

**प्रातः नागपुरी संवाददाता**



**रांची।** माननीय झालसा के निर्देश पर व्यवहार न्यायालय, रांची में चल रहे पांच दिवसीय विशेष मध्यस्थता अभियान का आज चौथा दिन रहा। माननीय अध्यक्ष-सह-न्यायायुक्त अनिल कुमार मिश्रा-1 के मार्गदर्शन और डालसा सचिव रवि कुमार भास्कर की देखरेख में यह अभियान 12 दिसंबर 2025 तक संचालित होगा। कुल 58 मामले विभिन्न न्यायालयों से मध्यस्थता केंद्र, रांची में स्थानांतरित होकर पहुंचे, जिनमें से 11 मामलों को मध्यस्थों तथा अधिवक्ताओं के सहयोग से सफलतापूर्वक सुलझा लिया गया। दोनों पक्ष आपसी सहमति से अपने विवाद समाप्त करने के लिए राजी हुए।

# आईआईएम में बैंक अधिकारियों को मिला नेतृत्व और प्रबन्धन कौशल का प्रशिक्षण

**प्रातः नागपुरी संवाददाता**

**रांची।** आईआईएम रांची में कोटक महिंद्रा बैंक लिमिटेड के अधिकारियों के लिए दो दिवसीय प्रबंधन विकास कार्यक्रम (एमडीपी) - लीडरशिप एवं प्रबंधकीय विकास की शुरूआत हुई। कार्यक्रम का उद्देश्य प्रतिभागियों की नेतृत्व क्षमता से सुदृढ़ करना और उन्हें व्यावसायिक परिस्थितियों की चुनौतियों का सामना करने के लिए आवश्यक कौशल की जानकारी देना है।

उद्घाटन सत्र में कार्यक्रम निदेशक प्रो. मनीष कुमार ने प्रतिभागियों का स्वागत किया। उन्होंने कार्यक्रम की रूपरेखा और उद्देश्यों पर विस्तार से चर्चा की। प्रो. मनीष ने प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों को



प्रबंधकीय कौशल विकसित करने की प्रेरणा दी, साथ ही बाजार के मांग के अनुरूप खुद को ढालने, जरूरी कौशल का प्रशिक्षण लेकर समय के साथ चलने की बात कही। चेयरपर्सन, एग्जीक्यूटिव एजुकेशन एंड कंसल्टिंग (ईईसी) प्रो. मनीष बंसल ने उन्हें आईआईएम रांची के एग्जीक्यूटिव लर्निंग के उद्देश्य से परिचय कराया। उन्होंने आईआईएम रांची में संचालित प्रबंधन विकास कार्यक्रम, लॉन्ग ड्यूरेशन प्रोग्राम, शॉर्ट ड्यूरेशन प्रोग्राम सहित विभिन्न एग्जीक्यूटिव कोर्स की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि ये कार्यक्रम प्रबंधकीय और कार्यकारी स्तर के पेशेवरों को सीधे लाभ प्रदान कर सकते हैं।

प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों को नेतृत्व क्षमता पर केंद्रित सत्रों - स्ट्रेस मैनेजमेंट, कम्युनिकेशन स्किल, टीम का नेतृत्व, परिवर्तनकारी एवं अनुकूल परिस्थिति में नेतृत्व कौशल की भूमिका, परिवर्तन एवं नवाचार प्रबंधन जैसे विषय की जानकारी दी गयी। प्रोफेशनल विद्यार्थियों के लिए पाठ्यक्रम इस प्रकार तैयार किया गया है, ताकि प्रतिभागी व्यावहारिक समझ के साथ रणनीति तैयार करने में सक्षम हो सके।

## एसीबी ने स्निग्धा सिंह की तलाश में कई जगह छापे मारे

**प्रातः नागपुरी संवाददाता**

**रांची।** हजारीबाग भूमि घोटाला और उससे जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग केस में फरार चल रही स्निग्धा सिंह (पत्नी - विनय सिंह) की तलाश में छापे मारे गए। एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) ने गुरुवार की सुबह करीब 4 बजे दो अलग-अलग ठिकानों पर एक साथ छापेमारी की।

एसीबी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया, यह कार्रवाई जांच में निर्णायक मोड़ है। आने वाले कुछ दिनों में कई और बड़े खुलासे होंगे। स्निग्धा सिंह अभी भी फरार हैं और एसीबी उनकी तलाश में जुटी हुई है। मनी ट्रेल में पूर्व आईएएस विनय चौबे से भी कनेक्शन जुड़ रहा है।




एसीबी की तकनीकी सेल ने कई दिनों तक डिजिटल सर्विलांस और लोकेशन ट्रैकिंग के बाद यह कार्रवाई की। हालांकि स्निग्धा सिंह दोनों जगहों से भागने में कामयाब रहीं, लेकिन उनके बेटे सनत सिंह मौके पर मौजूद थे। हजारीबाग के चर्चित वन भूमि घोटाले की नामजद आरोपित स्निग्धा की तलाश में एसीबी की एक टीम रविवार को लखीसराय भी पहुंची थी। स्निग्धा सिंह नेक्सजेन आटोमोबाइल कारोबारी विनय सिंह की पत्नी हैं और वन भूमि घोटाला केस में एसीबी थाना हजारीबाग में दर्ज नामजद आरोपित हैं। विनय सिंह उक्त केस में गिरफ्तार हैं और वर्तमान में हजारीबाग के जयप्रकाश नारायण केंद्रीय कारा में बंद हैं।

विनय सिंह निलंबित आइएएस अधिकारी विनय कुमार चौबे के सहयोगी हैं जिनपर विनय कुमार चौबे के काले धन के निवेश का भी आरोप हैं। एसीबी रांची में दर्ज शराब घोटाला केस में भी निलंबित आइएएस अधिकारी विनय कुमार चौबे के साथ-साथ विनय सिंह भी आरोपित हैं।

# झारखंड प्रोक्योरमेंट ऑफ गुड्स एवं सर्विसेज मैन्युअल पर कार्यशाला आयोजित

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि



**लोहरदगा।** झारखंड प्रोक्योरमेंट ऑफ गुड्स एवं सर्विसेज मैन्युअल-2024 को लेकर आज उपायुक्त डॉ ताराचंद की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में कार्यशाला आयोजित की गई। इसमें स्टेट झारखंड कोर्डिनेशन माइक्रो के सीनियर कंसल्टेंट रमेश कुमार ने झारखंड प्रोक्योरमेंट ऑफ गुड्स एवं सर्विसेज मैन्युअल-2024 की विस्तृत जानकारी दी। इसमें बताया गया कि राज्य सरकार के विभिन्न विभागों व कार्यालयों द्वारा खुली प्रतिस्पर्धात्मक निविदा द्वारा अथवा गवर्नमेंट ई मार्केट प्लेस प्लेटफार्म के माध्यम से एवं ऑफलाइन कोटेशन आमंत्रित कर अधिप्राप्ति की कार्रवाई जाती है, जो प्रोक्योरमेंट मैनुअल में समाहित किये गए हैं। राज्य में रोजगार सृजन के लिए स्थानीय वेंडर्स एवं मैन्युफैक्चरर्स को प्रोत्साहित करना अधिप्राप्ति का एक प्रमुख उद्देश्य है। कार्यशाला में झारखंड प्रोक्योरमेंट ऑफ गुड्स एवं सर्विसेज मैन्युअल-2024 की परिभाषा बतायी गयी और प्रोक्योरमेंट के सामान्य सिद्धांत, प्रोक्योरमेंट के तरीकों, खुली प्रतिस्पर्धात्मक निविदा प्रबंधन, सप्लायर रिलेशन मैनेजमेंट, डिबार या ब्लैकलिस्ट करने की प्रक्रिया, शिकायतों का निवारण समेत अन्य बिंदुओं की जानकारी दी गयी। कार्यशाला में उपायुक्त ने जिला के सभी विभागों को झारखंड प्रोक्योरमेंट ऑफ गुड्स एवं सर्विसेज मैन्युअल-2024 का पालन करने का आदेश दिया गया। कार्यशाला में अपर समाहर्ता जितेंद्र मुंडा, आइटीडीए परियोजना निदेशक सुषमा नीलम सोरेंग समेत सभी विभागों के कार्यालय प्रधान उपस्थित थे।

# स्कूल परिसर के पास सघन वाहन जांच अभियान चलाया गया

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि




**लोहरदगा।** डीएवी पब्लिक स्कूवल परिसर के आसपास स्कूल बसों, छात्राओं को लाने-ले जाने वाले ऑटो और बाइक से आने वाले छात्रों का सघन वाहन जांच अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान सड़क सुरक्षा नियमों का पालन सुनिश्चित करने के लिए सभी वाहनों की बारीकी से जांच की गई। इस निरीक्षण अभियान में जिला परिवहन अधिकारी जया सांखी मुर्मू, जिला सड़क सुरक्षा प्रबंध अमृतेश्वर गिरी, रोड इंजीनियर एनालिस्ट कृष्ण कुमार गुप्ता, ट्रैफिक इंचार्ज गैलन रजवार अपने पूरे दल-बल के साथ मौजूद रहे। जिला परिवहन अधिकारी द्वारा स्कूल प्रबंधन और स्कूल बस चालकों को सड़क सुरक्षा नियमों के प्रति सख्त चेतावनी दी गई। निर्देश दिया गया कि बच्चों की सुरक्षा किसी भी कीमत पर सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। साथ ही, बाइक से स्कूल आने वाले छात्र-छात्राओं को हेलमेट उपयोग, वैध दस्तावेज रखने और सुरक्षित ड्राइविंग के महत्व के बारे में जागरूक किया गया। कई छात्रों के वाहनों की जांच की गई और जहां-जहां कमी पाई गई, वहां आवश्यक निर्देश दिए गए। अभियान का उद्देश्य स्कूल परिवहन प्रणाली को सुरक्षित बनाना और छात्रों को सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित करना था।

## संक्षिप्त

### सड़क सुरक्षा जांच अभियान के दौरान दो वाहन जब्त



**गुमला।** सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए 11 नवंबर, 2025 को सघन सड़क सुरक्षा अभियान चलाया गया। यह पहल उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित और पुलिस कप्तान हारिश बिन जामां के कड़े निदेशों पर की गई। इसका नेतृत्व जिला परिवहन पदाधिकारी (डीटीओ), ज्ञान शंकर जायसवाल ने डीएबी मोड के पास किया। टेंपो एवं टोटो वाहनों में निर्धारित क्षमता से अधिक स्कूली बच्चों को लादना, जो सुरक्षा के लिए एक बड़ा खतरा है। ड्राइविंग लाइसेंस, इंश्योरेंस, परमिट, पॉल्यूशन अंडर कंट्रोल, सर्टिफिकेट और रोड टैक्स के बिना वाहनों का संचालन की भी जांच की गई।

### बिना परमिट के चल रहा शैलेन्द्र बस जब्त, 2.20 लाख का जुर्माना



**गुमला।** जिला परिवहन पदाधिकारी (डीटीओ) ज्ञानशंकर जायसवाल के नेतृत्व में जांच टीम ने मालवाहक और यात्री परिवहन की जांच की गई। इस आकस्मिक कार्रवाई में ओवरलोडिंग, बिना वैध परमिट के परिचालन और नियमों की अनदेखी करने वाले वाहनों से 2.20 लाख का भारी जुमार्ना वसूला गया। जिला परिवहन पदाधिकारी के सड़क पर उतरते ही वाहन चालकों में हड़कंप मच गया। जांच का मुख्य फोकस बॉक्साइट जैसे खनिज लदे वाहनों पर था, लेकिन कार्रवाई के दायरे में यात्री बसें भी आईं। शैलेन्द्र' नामक एक यात्री बस को बिना वैध परमिट के चलते हुए पाए जाने पर तुरंत जब्त कर लिया गया। बॉक्साइट लदे वाहनों में निर्धारित क्षमता से अधिक माल लादकर सड़क को जोखिम में डाला जा रहा था। कई चालकों के पास वैध लाइसेंस नहीं थे। ना ही उनके पास वाहन परिचालन के लिए ऑथोराइजेशन सर्टिफिकेट मौजूद था।

# उपायुक्त ने की गव्य विकास, पशुपालन व मत्स्य विभाग की बैठक, दिये निर्देश

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि



**पश्चिमी सिंहभूम।** जिला समाहरणालय स्थित प्रकोष्ठ में जिला दंडाधिकारी-सह-उपायुक्त चंदन कुमार की अध्यक्षता में गव्य विकास, पशुपालन एवं मत्स्य विभाग द्वारा क्रियान्वित योजनाओं से संबंधित समीक्षात्मक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में उपायुक्त के द्वारा पशुपालन विभाग से संचालित मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना अंतर्गत जोड़ा बैल वितरण, कुक्कुट पालन, बत्तख पालन, बकरी पालन, सूकर पालन आदि से संबंधित अद्यतन प्रतिवेदन का अवलोकन किया गया। इस दौरान बताया गया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में योजना अंतर्गत 1603 लाभुकों को लाभान्वित करने का लक्ष्य निर्धारित है। जिसमें नियमानुसार चयन समिति के माध्यम से लाभुकों का चयन कर 779 लाभुकों को डीबीटी के माध्यम से राशि का हस्तांतरण और 195 यूनिट का वितरण भी किया गया है। इसी प्रकार वित्तीय वर्ष 2024-25 में 2596 लाभुकों को डीबीटी के माध्यम से राशि का हस्तांतरण और 2082 यूनिट का वितरण भी किया गया। बैठक में उपायुक्त के द्वारा जिला पशुपालन पदाधिकारी को निर्देश दिया गया कि चालू वित्तीय वर्ष अंतर्गत नियमानुसार लक्ष्य के अनुरूप शत-प्रतिशत लाभुकों का चयन एवं उनके एस्क्रो बैंक खाते को खुलवाते हुए राशि का हस्तांतरण सुनिश्चित करवाया जाए। बैठक में उपायुक्त के द्वारा जिला गव्य विकास कार्यालय अंतर्गत गव्य विकास प्रक्षेत्र के तहत मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना(गव्य प्रक्षेत्र) से संबंधित प्रगति प्रतिवेदन का समीक्षा किया गया। जिसमें बताया गया कि योजना अंतर्गत विभाग के माध्यम से 2 गाय/5 गाय/10 गाय वितरण योजना और हस्तचालित/विद्युत चालित चारा कटिंग मशीन, खोवा मेकिंग मशीन सहित अन्य मशीनें निर्धारित सब्सिडी दर पर लाभुकों को प्रदान किया जाता है। बैठक में बताया गया कि 2 गाय वितरण योजना के तहत 150 लाभुकों के चयन का लक्ष्य निर्धारित है, जिसमें 134 लाभुकों का चयन हुआ है और तकरीबन 60 लोगों का एस्क्रो बैंक खाता खुलवाया गया है और जल्दी ही राशि का हस्तांतरण भी सुनिश्चित किया जाएगा। बैठक में उपायुक्त के द्वारा बैंक खाता का केवाईसी नहीं होने की वजह से योजना के लंबित राशि का लाभ संलग्न लाभुकों को उपलब्ध कराने के संदर्भ में, जिला गव्य विकास पदाधिकारी एवं जिला पशु पालन पदाधिकारी को निर्देश दिया कि संबंधित बैंक से समन्वय स्थापित कर सभी संबंधित खातों का केवाईसी पूर्ण करवाया जाए। उन्होंने कहा कि किसी भी परिस्थिति में योजना का पैसा खाते में लंबित न रहे, सरकार के द्वारा योजना तहत प्रदान किया गया लाभ, लाभुकों को आजीविका संवर्धन हेतु प्रदान किया जाता है और इसे ससमय सुनिश्चित भी करना है। बैठक में उपायुक्त को सूचित किया गया कि गव्य प्रक्षेत्र की योजना के अंतर्गत अलग-अलग तीन वित्तीय वर्ष में लाभुकों के द्वारा अंशदान की राशि जमा नहीं करने के कारण वितरण का कार्य अधूरा है। जिस पर उपायुक्त के द्वारा संबंधित सभी लाभुकों को नोटिस निर्गत करने और समय सीमा निर्धारित कर अंशदान जमा करवाने के संदर्भ में उचित निर्देश दिया।

### 6 साल से फरार आरोपी गिरफ्तार




**गुवा।** गुवा थाना पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। वर्ष 2018 से फरार चल रहे आरोपी दीपक पान उर्फ श्याम, पिता चंदन प्रसाद, को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। गुवा थाना प्रभारी ने बताया कि आरोपी नोवामुंडी क्षेत्र में वर्ष 2018 में पिकअप वैन से एक युवक को धक्का मारकर फरार हो गया था। इसके अलावा वह एक चोरी कांड में भी वांछित था। गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने गुरुवार को गुवा स्थित उसके घर पर छापेमारी कर उसे गिरफ्तार किया। आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद आरोपी को चाईबासा जेल भेज दिया गया। पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र में राहत का माहौल है।

### विधायक जगत माझी ने सदन में उठाया वन पट्टाधारियों का जाति प्रमाण पत्र नहीं बनने का मामला




**चक्रधरपुर।** मनोहरपुर के झामुमो विधायक जगत माझी ने गुरूवार को शीतकालीन सत्र के दौरान सदन में वन पट्टाधारियों का जाति प्रमाण पत्र निर्गत नहीं होने का मामला उठाया। इस पर विभागीय मंत्री दीपक बिरूवा ने जवाब में कहा कि अगले बजट सत्र से पूर्व ठोस निर्णय लेंगे। विधायक ने सदन में कहा कि पश्चिमी सिंहभूम जिला अन्तर्गत कोल्हान, पोड़ाहाट, चाईबासा व सारंडा वन प्रमंडल अन्तर्गत वन पट्टाधारियों का जाति प्रमाण पत्र नहीं बन रहा है। इससे उनके बच्चे शिक्षा के साथ अन्य सरकारी योजनाओं से वंचित हो रहे है। विधायक ने सदन को बताया कि इससे पूर्व वह इस मामले को ट्राइबल एडवाइजरी कौंसिल की बैठक में प्रमुखता से रख चुके हैं, मामला वहां समीक्षाधीन है। विधायक ने सरकार से मांग करते हुए कहा कि यथाशीघ्र जाति प्रमाण पत्र बनाने का कार्य शुरू किया जाए, ताकि वन पट्टाधारी योजना का लाभ लें सकें। विधायक के प्रश्न के बाद उत्तर देते हुए राजस्व, निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग के मंत्री दीपक बिरूवा ने विधायक जगत माझी के सवाल को जायज ठहराया और कहा कि यह बात सही है कि वन पट्टाधारियों का जाति प्रमाण पत्र निर्गत नहीं हो रहा है, जिससे उन परिवारों को कठिनाई हो रही है। मंत्री ने विधायक को आश्वस्त करते हुए कहा कि प्रयास होगा कि अगले बजट सत्र से पूर्व इस मामले पर ठोस निर्णय ले लेंगे। मामले पर गंभीरता दिखाये जाने पर विधायक ने मंत्री को धन्यवाद दिया।

### प्राइवेट स्कूलों के संचालन का समय बदला

**लोहरदगा।** न्यूनतम तापमान में निरंतर गिरावट के कारण विद्यार्थियों के स्वास्थ्य एवं सुरक्षा पर प्रतिकूल प्रभाव की आशंका है। इसके मद्देनजर वर्तमान सत्र में प्रातःकालीन प्राइवेट स्कूलों के संचालन के समय में परिवर्तन किया जाना आवश्यक पाया गया है। जिला शिक्षा पदाधिकारी ने जिले के सभी निजी विद्यालयों को निर्देश दिया है कि अगले आदेश तक विद्यालय का संचालन समय प्रातः 9 बजे से प्रारंभ किया जायेगा। किसी भी परिस्थिति में पूर्वाह्न 9 बजे से पूर्व कक्षाओं का संचालन/विद्यार्थियों की उपस्थिति नहीं की जायेगी। समय-सारणी परिवहन व्यवस्था और प्रातः सभा इत्यादि को नये समय के अनुरुप समायोजित किया जाय। अभिभावकों एवं विद्यार्थियों को सूचना पुस्तिका, विद्यालय नोटिस बोर्ड और अन्य उपर्युक्त माध्यमों से अवगत कराया जाय। निदेर्शों की अवहेलना की स्थिति में उत्तरदायित्व संबंधित विद्यालय प्रबंधन एवं प्रधानाचार्य / प्रधानाध्यापक की होगी। इसके लिए विभागीय कार्रवाई की जा सकती है।

# डोभा निर्माण में जेसीबी उपयोग की शिकायत निकली फर्जी

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि



**चिनिया (गढ़वा)।** जिले के चिनिया प्रखंड की डोल पंचायत अंतर्गत चपकली गांव में मनरेगा डोभा निर्माण में जेसीबी मशीन के उपयोग की मिली शिकायत पर गुरुवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी सुबोध कुमार, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी शशि रंजन और तकनीकी टीम ने स्थल निरीक्षण किया। चपकली गांव निवासी शिकायतकर्ता संतोष कुमार गुप्ता ने आरोप लगाया था कि मजदूरों की जगह जेसीबी से डोभा खुदाई कराई जा रही है। शिकायत के साथ उन्होंने फोटो भी उच्च अधिकारियों को भेजे थे। शिकायतकर्ता के अनुसार यह मनरेगा नियमों का उल्लंघन है, जिससे मजदूरों को काम नहीं मिल पा रहा है। वे पलायन को विवश हैं। स्थल निरीक्षण के दौरान जांच टीम ने मनरेगा जॉन ऐप और जीपीएस मैपिंग के जरिए पूरे लोकेशन की स्कैनिंग की। जेई मनोज कुमार और रोजगार सेवक कृष्ण शर्मा ने बताया कि जिस स्थान को लेकर शिकायत की गई है, वहां से करीब 50 मीटर तक नर तो कोई सरकारी योजना स्वीकृत है, ना ही किसी प्रकार का जियो-टैग मौजूद है। चपकली गांव के ही उमाशंकर गुप्ता ने बताया कि वे अपनी निजी जमीन से ईंट निर्माण के लिए मिट्टी कटवा रहे थे। इसी निजी कार्य को आधार बनाकर इसे सरकारी डोभा निर्माण बताकर शिकायत कर दी गई।

# सरस फूड फेस्टिवल में महिला समूह का उत्कृष्ट प्रर्दशन

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि



**गुमला।** सरस फूड फेस्टिवल 2025 (29 नवंबर-9 दिसंबर) में जिले के बिशुनपुर की सर्वेश्वरी महिला समूह ने अपनी उत्कृष्ट भागीदारी से झारखंड का मान बढ़ाया। फेस्टिवल में झारखंड की सखी मंडल की दीदियों ने पलाश ब्रांड के अंतर्गत पारंपरिक, स्थानीय एवं स्वादिष्ट खाद्य उत्पादों की आकर्षक प्रस्तुति दी, जिसे देशभर से आए आगंतुकों ने अत्यंत सराहा। इस अवसर पर सर्वेश्वरी महिला समूह की सदस्य अनीता देवी को नेशनल फूड कनक्लेव में उनकी उत्कृष्ट सहभागिता और पलाश उत्पादों के सफल प्रदर्शन के लिए ग्रामीण विकास मंत्रालय, भारत सरकार ने सम्मानित किया। गुमला जिला प्रशासन द्वारा महिला समूहों को सशक्त करने, बाजार से जोड़ने एवं राष्ट्रीय स्तर पर मंच उपलब्ध कराने के निरंतर प्रयासों का यह परिणाम है कि ग्रामीण महिलाओं की कड़ी मेहनत, कौशल और उद्यमशीलता आज राष्ट्रीय मंचों पर भी प्रशंसा पा रही है।

# आदिवासी किसान मजदूर पार्टी का टोंटो प्रखंड में धरना-प्रदर्शन, सौंपा ज्ञापन

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि



**पश्चिमी सिंहभूम।** आदिवासी किसान मजदूर पार्टी के बैनर तले मानसिंह तिरिया जिला अध्यक्ष सह जिला परिषद के नेतृत्व में टोन्टो प्रखंड एवं झींकपानी अध्यक्ष सत्य मुंडा के अध्यक्षता में प्रखंड कार्यालय के समक्ष धरना प्रदर्शन कर प्रखंड विकास पदाधिकारी के माध्यम से महमहिम राष्ट्रपति एवं महमहिम राजपाल महोदय को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में कहा जोन मिरन मुंडा लगातार टाटा, रूंगटा, एसीसी से लड़कर मजदूरों का हक अधिकार लेकर आवाज उठाएं और इस लड़ाई को देखकर जिला प्रशासन स्थानीय विधायक मंत्री घबरा गए इसलिए जॉन मिरन मुंडा को बार-बार जेल भेज रहे हैं। इस धरना प्रदर्शन में जिला अध्यक्ष मानसिंह तिरिया ने धरना प्रदर्शन में आए हुए ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि मजदूर किसान की लड़ाई को दबाने के लिए जोन मिरन मुंडा को जेल भेज रहे हैं यहां के टाटा, रुंगटा, एसीसी और स्थानीय विधायक मंत्री के इशारे पर गरीब मजदूर किसानों की आवाज को दबाने के लिए झूठा केस में जेल भेज रहे हैं ताकि यहां की लड़ाई कोई नहीं लड़े और ग्रामीणों जनता से विश्वास खत्म करने जैसे करामाती कार्य कर रहे हैं। पुरे कोल्हान में आदिवासियों का जमीन अधिग्रहण करने में लगे हुए हैं नो इंट्री लेकर ग्रामीण लोगों के ऊपर आदि रात को लाठी चार्ज करवा दिया जाता है किई लोगोंको जेल भी जाना पड़ा है लेकिन फिर भी परिवहन मंत्री कहता है नो इंट्री तो केंद्र सरकार द्वारा लगाया गया है और हम इसमें कुछ नहीं कर सकते है हमको बदनाम करने के लिए ऐसे प्रचार किया जा रहा है तो हम कहना चाहते है कि उससे पहले भी चाईबासा में नो इंट्री लागू था लेकिन जब से परिवहन मंत्री दीपक बिरुआ बन के बाद रोज रूंगटा के भारी वाहनों से दुर्घटना से लोग मर रहे है अगर नो एंट्री नहीं कर सकते हैं या केंद्र सरकार क्या दिन पर हैं आप कुछ नहीं कर सकते हैं तो अपना पद से इस्तीफा दे दीजिए।

### देर रात एसडीएम ने अवैध बालू परिवहन में संलिप्त दो ट्रैक्टर किये जब्त

# दोनों वाहनों में एक ही नंबर लिखा मिला, जब्त कर पुलिस को सौंपा

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि



**गढ़वा।** सदर एसडीएम संजय कुमार ने बुधवार की रात किए गए सघन निरीक्षण के दौरान कचहरी रोड में अवैध बालू परिवहन के खिलाफ कार्रवाई की। एसडीएम को दो ट्रैक्टर तेज गति से संदिग्ध परिस्थितियों में जाते दिखे। रुकवाकर दोनों की जांच की गई। दोनों ट्रैक्टरों में ट्रॉली में लगी थी। वाहनों में बालू उत्खनन में प्रयुक्त उपकरण के साथ 7 मजदूर सवार थे। पूछताछ के दौरान मजदूरों ने तुरंत स्वीकार किया कि वे बालू लोड करने जा रहे हैं। वाहनों के मालिक के रूप में ग्राम चिरोंजीया के अशोक प्रसाद गुप्ता का नाम बताया। जांच में यह तथ्य सामने आया कि दोनों ट्रैक्टर एक ही रजिस्ट्रेशन नंबर पर चल रहे थे। इससे अवैध उत्खनन व परिवहन के संगठित स्वरूप की आशंका मजबूत हो गई। एसडीएम ने तुरंत गढ़वा पुलिस को मौके पर बुलाया। पुलिस की उपस्थिति में दोनों ट्रैक्टरों को जब्त कर विधिक प्रक्रिया के लिए थाना प्रभारी को सुपुर्द किया गया। एसडीएम ने निर्देश दिया कि वाहन मालिक के माध्यम से संचालित नेटवर्क और डुप्लीकेट नंबर प्लेट के पूरे प्रकरण की गहन जांच कर कार्रवाई करें। उन्हें प्रतिवेदित करें।

# जनता दरबार में जिला आपूर्ति पदाधिकारी ने लोगों की समस्याएं सुनीं

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि



**देवघर।** जिला आपूर्ति पदाधिकारी प्रीतिलता किस्कू की अध्यक्षता में गुरुवार को जनता दरबार का आयोजन किया गया। मौके पर जिलास्तर के सभी अधिकारी व कर्मी उपस्थित थे, ताकि ऑन द स्पॉट समस्याओं का समाधान संबंधित विभाग द्वारा किया जा सके। जिले के शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों ने जनता दरबार में भू-अर्जन व मुआवजा भुगतान से संबंधित, अनुकम्पा, बिजली बिल माफी, झारखंड मुख्यमंत्री मईंया सम्मान योजना, फसल बीमा योजना, भू-राजस्व, पेंशन, आवास से जुड़े मामलों को समक्ष रखा गया। जिला आपूर्ति पदाधिकारी द्वारा वहां उपस्थित सभी लोगों से एक-एक कर उनकी समस्याएँ सुनी गयी। आश्वस्त किया गया कि संज्ञान में आए हुए सभी शिकायतों की जाँच कराते हुए जल्द से जल्द सभी का समाधान किया जाएगा।

# उपायुक्त पहुंचे निर्वाण-2 वृद्धाश्रम, हेल्पिंग हैंड्स फाउंडेशन का सेवाभाव देख हुए भावुक

प्रातः नागपुरी संवाददाता

**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम के डुमरिया प्रखंड की बांकीशोल पंचायत के बाकुलचंदा गांव स्थित निर्वाण-2 वृद्धाश्रम का निरीक्षण उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने किया। यह वृद्धाश्रम हेल्पिंग हैंड्स फाउंडेशन द्वारा सीएमओ एवं सिविल सर्जन के सहयोग से संचालित है। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने आश्रम में रह रहे निराश्रित एवं असहाय बुजुर्गों से बातचीत की और उनके स्वास्थ्य, दैनिक दिनचर्या, उपलब्ध सुविधाओं तथा आवश्यकताओं की जानकारी ली। निरीक्षण के क्रम में कुछ बुजुर्गों के पास पेंशन, आधार कार्ड या बैंक खाता नहीं होने की जानकारी मिलने पर उपायुक्त ने बीडीओ डुमरिया को तत्काल आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने आवासीय सुविधा, भोजन की गुणवत्ता, चिकित्सा देखभाल, स्वच्छता और सुरक्षा व्यवस्था की बारीकी से समीक्षा की। उपायुक्त श्री सत्यार्थी ने कहा कि बुजुर्गों की सेवा मानवता का सर्वोच्च कार्य है और हेल्पिंग हैंड्स फाउंडेशन के प्रवीण श्रीवास्तव का यह प्रयास समाज के लिए प्रेरणादायक उदाहरण है। उन्होंने ठंड के मौसम को देखते हुए विशेष प्रबंध सुनिश्चित करने के निर्देश देते हुए वृद्धाश्रम में रह रहे वरिष्ठ नागरिकों के बीच ऊनी वस्त्र, शॉल और अन्य आवश्यक सामग्री का वितरण भी किया। उन्होंने निर्देश दिया कि वृद्धजनों के लिए पौष्टिक भोजन, दवाइयां, नियमित स्वास्थ्य परीक्षण, मनोरंजन, योग एवं ध्यान जैसी गतिविधियां नियमित रूप से आयोजित की जाएं। साथ ही, परिसर की स्वच्छता और सुरक्षा पर विशेष ध्यान दिया जाए, ताकि बुजुर्गों को सम्मानजनक और सुरक्षित वातावरण मिल सके। निरीक्षण के दौरान बीडीओ डुमरिया नीलेश मुर्मू, स्वास्थ्य विभाग के पदाधिकारी, हेल्पिंग हैंड्स फाउंडेशन के प्रतिनिधि और अन्य संबंधित उपस्थित रहे।



# केंदुआडीह गैस प्रभावित इलाके का निरीक्षण करने पहुंची झामुमो की केंद्रीय समिति

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि

**धनबाद।** पार्टी के शीर्ष नेतृत्व के निदेर्शानुसार झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो )की केंद्रीय समिति के सदस्यों ने गुरुवार को निरीक्षण करने केंदुआडीह पहुंची। टीम ने केंदुआडीह गैस रिसाव प्रभावित क्षेत्र का दौरा किया। सबसे पहले टीम केंदुआडीह थाना प्रभारी से वार्ता के बाद सभी प्रभावित क्षेत्रों में गई। इस दौरान प्रभावित क्षेत्र में रह रहे लोगों के घर पर चिपकाये गए गैस रिसाव कीं मात्रा एवं बीसीसीएल के नोटिस का भी आकलन किया। केंद्रीय समिति सदस्यों ने प्रभावित लोगों से बात कर उनकी समस्याएं सुनी एवं उनके मनतव्यों को भी जाना। केंद्रीय समिति सदस्य डॉ. नीलम मिश्रा ने बताया कि प्रभावित इलाके में गैस रिसाव का उतार चढ़ाव जारी है और स्थिति अच्छी नहीं है। बीसीसीएल प्रबंधन गैस रिसाव को बंद करने में किये जानेवाले प्रयासों को ज्यादा तबज्जो न देकर स्थानीय लोगों को विस्थापित करने पर ज्यादा जोर दे रही है, जोकि न्याय संगत नहीं है। लोगों को एक साजिश के तहत हटाने का प्रयास हो रहा है। गैस रिसाव की घटना के दौरान दो लोगों की मौत हो गई। कई लोग बीमार पड़ गए। लोगों को हटाने के बजाय बीसीसीएल पहले गैस रिसाव को बंद करे। उन्होंने बताया कि सीएम हेमंत सोरेन इस मामले में गंभीर हैं।



## संक्षिप्त

### छात्र अमित की सड़क हादसे में मौत

**रंका (गढ़वा)।** जिले के रंका थाना क्षेत्र के खरड़िहा गांव में रहने वाले 20 वर्षीय अमित कुमार यादव की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। उसकी मौत ने पूरे क्षेत्र को गमगीन कर दिया है। मंगलवार की शाम लगभग 8 बजे एक अज्ञात वाहन की चपेट में आने से अमित गंभीर रूप से घायल हो गया था। घटना के बाद स्थानीय लोगों की मदद से उसे तुरंत रंका स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने रांची रिम्स रेफर कर दिया। बुधवार की शाम लगभग 4 बजे रिम्स ले जाने के क्रम में ही रास्ते में उसकी मृत्यु हो गई। अमित गढ़वा पॉलिटेक्निक का सिविल इंजीनियरिंग का छात्र था। कॉलेज में अपनी मेधावी पहचान के लिए जाना जाता था। पुलिस वाहन और चालक की पहचान करने में लगी है।

### निर्माणाधीन मकान से चोरी के मामले में चार आरोपित गिरफ्तार



**पूर्वी सिंहभूम।** गोविंदपुर थाना क्षेत्र के जोजोबेड़ा शिव मंदिर के पास निमार्णाधीन मकान से बुधवार देर रात हुई गेट और ग्रिल एंगल की चोरी की घटना को पुलिस ने महज कुछ ही घंटों में सुलझाकर अपनी तत्परता का परिचय दिया। गुरुवार सुबह तड़के छापेमारी कर पुलिस ने चार आरोपितों को चोरी किए गए सामान सहित गिरफ्तार कर लिया। घटना उस समय उजागर हुई जब एक स्थानीय व्यक्ति ने चोरी के दौरान ऑटो पर लोड किए जा रहे गेट और ग्रिल की तस्वीर खींच ली। इस तस्वीर में आरोपित साफ-साफ दिख रहे थे, जो पुलिस के लिए बड़ा सुराग साबित हुआ। फोटो के आधार पर पहचान करते हुए पुलिस ने तुरंत कार्रवाई शुरू की और सुबह तक सभी आरोपितों को उनके ठिकानों से दबोच लिया। गिरफ्तार आरोपितों में बारीगोड़ा निवासी संजय गोप, जोजोबेड़ा निवासी निरज कुमार, अभिषेक कुमार उर्फ बिल्ला और प्रेम कुमार शामिल हैं। इनके पास से चोरी में प्रयुक्त डाला ऑटो, घर का गेट और ग्रिल एंगल बरामद किया गया है। पूछताछ में आरोपितों ने निमार्णाधीन मकान में घुसकर चोरी करने की बात स्वीकार की है।

# 15 लाख के अवैध अफीम के साथ दो तस्कर गिरफ्तार, न्यायिक हिरासत में भेजे गये जेल

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि

**चतरा।** गुप्त सूचना के आधार पर सिमरिया एसडीपीओ शुभम खंडेलवाल के नेतृत्व में 15 लाख रुपये की अवैध अफीम के साथ दो लोगों को रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया। चतरा पुलिस अधीक्षक सुमित कुमार अग्रवाल ने गुरुवार को अपने कार्यालय में प्रेस वार्ता आयोजित कर इसकी जानकारी दी। प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए पुलिस कप्तान अग्रवाल ने कहा कि गुप्त सूचना मिली थी कि कुछ लोग लोटार डैम के पास अवैध अफीम खरीदने और बेचने वाले हैं। एसडीपीओ सिमरिया शुभम खंडेलवाल के नेतृत्व में एक छापेमारी टीम बनाई गई। गिद्धौर थाना अंतर्गत लोटार डैम से रोहमार जाने वाले रास्ते में दो लोग संदिग्ध हालत में आते दिखे, जो पुलिस को देखकर भागने लगे। पुलिस टीम के द्वारा दोनों लोगों गिरफ्तार किया गया।गिरफ्तार व्यक्तियों के पास से 03.012 किलोग्राम अवैध अफीम बरामद किया गया।जिसकी अनुमानित रकम करीब 15 लाख रुपये है।



चतरा पुलिस अधीक्षक सुमित अग्रवाल ने बताया कि इस संबंध में गिद्धौर थाना कांड संख्या-103/25, दिनांक-11 दिसंबर 2025, धारा-17 (उ)/18 (बीओ)/21 (सीओ)/22 (सीओ)/27 (ए)/28/29 एनडीपीएस एक्ट दर्ज कर आरोपी पप्पू कुमार, पिता कैलाश यादव, ग्राम सलगा, थाना-गिद्धौर, जिला-चतरा और बबलू कुमार महतो पिता स्वर्गीय लाटो महतो, ग्राम-पांडेय टोला, थाना-गिद्धौर, जिला-चतरा को न्यायिक हिरासत में भेजा गया। गिरफ्तार लोगों के पास से अवैध अफीम-03.012 किलोग्राम और दो मोबाइल बरामद किया गया। एसडीपीओ शुभम कुमार खंडेलवाल, सिमरिया, पुलिस सब-इंस्पेक्टर शिवा यादव, गिद्धौर थाना प्रभारी, असिस्टेंट सब-इंस्पेक्टर विद्यानंद शर्मा, असिस्टेंट सब-इंस्पेक्टर रंजय कुमार सिंह थाना गिद्धौर छापामारी टीम में शामिल थे।

# विधायक ने सदन में चिकित्सकों की कमी का उठाया मामला

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि

**चौपारण (हजारीबाग)।** बरही विधानसभा क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक मनोज कुमार यादव ने झारखंड विधानसभा में शीतकालीन सत्र में तारांकित प्रश्न संख्या 06 के माध्यम से बरही और चौपारण के स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर सरकार से जवाब तलब किया। इस दरमियान श्री यादव ने कहा कि बरही अनुमंडलीय अस्पताल एवं चौपारण सामुदायिक अस्पताल दोनों जीटी रोड पर अवस्थित है किंतु इन अस्पतालों में चिकित्सा सेवाएं बदहाल स्थिति में है। इन अस्पतालों के विशेषज्ञों और चिकित्सकों के अभाव का दंश लगातार झेलना पड़ रहा है। भारी यातायातों का परिचालन जीटी रोड से होता है। जीटी रोड दुर्घटना संभावित क्षेत्र के रूप में जाना जाता है लेकिन यहां इन दोनों अस्पतालों में सृजित पदों के अनुरूप विशेषज्ञों और सामान्य चिकित्सकों का घोर अभाव है। बरही अनुमंडलीय अस्पताल में मात्र पांच चिकित्सक हैं वहीं चौपारण सामुदायिक अस्पताल में मात्र दो चिकित्सक कार्यरत है। यह संख्या सृजित पदों अनुरूप नहीं है। सदन में सरकार से विधायक ने मांग की की इन दोनों अस्पतालों में सृजित पदों के अनुरूप चिकित्सकों की नियुक्ति की जाए ताकि इस क्षेत्र के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध हो सके। बरही विधायक मनोज कुमार यादव के प्रश्न के जवाब में स्वास्थ्य चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग ने आश्वासन दिया कि नियुक्ति हेतु आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।



# आईआईटी धनबाद में सेमीकंडक्टर रिफ्रेशर कोर्स की हुई शुरुआत

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि

**धनबाद।** आईआईटी (आईएसएम) धनबाद में गुरुवार को एडवांस्ड सेमीकंडक्टर डिवाइस, माइक्रोइलेक्ट्रॉनिक्स और वीएलएसआई फार प्रोफिशिएंट एम्बेडेड सिस्टम डिजाइन विषय पर आयोजित रिफ्रेशर कोर्स का शुभारंभ ⁄2ँ बिल्डिंग में हुआ। उद्घाटन सत्र में प्रो. केका ओझा, डीन (कंटिन्यूइंग एजुकेशन प्रोग्राम); प्रो. प्रदीप कुमार साधु, प्रोफेसर (एचएजी), इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग विभाग और प्रो. कौशिक मजूमदार, इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग विभाग एवं कोर्स कोऑर्डिनेटर मौजूद रहे। आज के उद्घाटन कार्यक्रम में करीब 35 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। यह रिफ्रेशर कोर्स 11 से 22 दिसंबर तक चलेगा और देशभर के विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों से आए प्रतिभागियों को एडवांस्ड वाइड-बैंडगैप सेमीकंडक्टर मैटेरियल, ग्रुप क्क्क्ख्क्ष् कंपाउंड सेमीकंडक्टर बेस्ड हेटेरोजंक्शन ट्रांजिस्टर, आधुनिक वीएलएसआई सर्किट डिजाइन, टीसीएडी आधारित मॉडलिंग और सीएमओएस , एमओएसएफईटी तथा एचईएफटी जैसे सेमीकंडक्टर डिवाइस के फैब्रिकेशन प्रोसेस की ट्रेनिंग देगा।

# केंद्रीय मंत्री से मिले सांसद, समग्र सड़क विकास पर की विस्तृत चर्चा

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि

**पलामू।** पलामू सांसद विष्णु दयाल राम ने नई दिल्ली स्थित संसद भवन के कार्यालय में गुरूवार को केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गड़करी से मुलाकात कर पलामू एवं गढवा के निमार्णाधीण राष्ट्रीय राजमार्गो की प्रगति, समग्र सड़क विकास, कनेक्टिविटी विस्तार तथा क्षेत्र में उच्च गुणवत्ता वाले राजमार्गों के निर्माण से जुड़े कई विषयों पर विस्तृत चर्चा की एवं परियोजनाओं के निर्माण की मांग की। परियोजनाओं के डिटेल्ड प्रोजेक्ट रिपोर्ट (डीपीआर) शीघ्र तैयार करने तथा राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) द्वारा उन्हें प्राथमिकता सूची में शामिल करने का अनुरोध किया है। मंत्री ने मांगों पर सहमति व्यक्त करते हुए संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई हेतु निर्देश दिया। सांसद ने बताया कि राष्ट्रीय राजमार्ग 139 (पुराना राष्ट्रीय राजमार्ग 98) के सीलीदाग से पड़वा मोड़ तक 22 कि.मी. फोरलेन में सीलीदाग से हरिहरगंज तक निर्माण हो चुका है। राष्ट्रीय राजमार्ग 343 का गढवा फोरलेन बाईपास (राष्ट्रीय राजमार्ग-39) से रामानुजगंज (झारखंड-छत्तीसगढ़ सीमा) तक लगभग 50 कि.मी. सड़क का फोरलेन निर्माण हुआ है। गढ़वा मझिआंव मोड़ से कांडी के श्रीनगर-पडुका ब्रिज (झारखंड-बिहार सीमा) तक लगभग 40 कि.मी. सड़क का फोरलेन, राष्ट्रीय राजमार्ग-139 (कर्माकला, छतरपुर बाईपास) से नई फोरलेन सड़क, जपला फोरलेन बाईपास, देवरी कला एवं देवीपुर (नौहट्टा बिहार) को जोड़ने वाली सोन नदी पर पुल सहित कई सड़कों का निर्माण, जो राष्ट्रीय राजमार्ग-119 से जुड़ेगी। इस परियोजना के निर्माण के लिए पीएम गति शक्ति योजना में सम्मिलित किया जा चुका है। रांची से वाराणसी कॉरिडोर में राष्ट्रीय राजमार्ग-39 के सेक्शन-3 में भोगू से शंखा तक डालटनगंज फोरलेन बाईपास का कार्य निमार्णाधीन है।



## हुसैनाबाद एसडीओ के हैदरनगर पीएचसी निरीक्षण में खामियां उजागर



**पलामू।** उपायुक्त के निर्देश पर गुरुवार को हैदरनगर प्रखंड के सभी पंचायतों में स्वास्थ्य केंद्रों, आंगनबाड़ी केंद्रों, विद्यालयों एवं पीडीएस दुकानों की व्यापक जांच की गई। निरीक्षण अभियान के दौरान हुसैनाबाद के अनुमंडल पदाधिकारी ओमप्रकाश गुप्ता ने हैदरनगर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का गहन निरीक्षण कर स्वास्थ्य सेवाओं की वास्तविक स्थिति का आकलन किया। एसडीओ ने ओपीडी, हाजिरी रजिस्टर, प्रसव कक्ष, दवा वितरण केंद्र, टीकाकरण कक्ष सहित सभी वार्डों की बारीकी से जांच की। निरीक्षण के दौरान उन्होंने स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि चिकित्सक और स्वास्थ्य कर्मी मरीजों के प्रति शालीन, संवेदनशील एवं जिम्मेदार व्यवहार सुनिश्चित करें। उन्होंने यह भी कहा कि जेनरिक दवाओं का प्रिस्क्रिप्शन अनिवार्य है और इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। अस्पताल परिसर में साफ-सफाई की व्यवस्था असंतोषजनक मिलने पर एसडीओ ने नाराजगी प्रकट की और संबंधित कर्मियों को सख्त चेतावनी दी। उन्होंने कहा कि सरकार की ओर से उपलब्ध सभी स्वास्थ्य सुविधाएं बिना किसी बाधा के आम लोगों तक पहुंचनी चाहिए और इसके लिए प्रत्येक कर्मी को अपनी जिम्मेदारियों का समय पर और ईमानदारी से निर्वहन करना आवश्यक है। एसडीओ ने कहा कि स्वास्थ्य व्यवस्था में सुधार तभी संभव है जब चिकित्सक और सभी संबंधित कर्मी अपनी भूमिका गंभीरता और संवेदनशीलता के साथ निभाएं। निरीक्षण के दौरान चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. ज्योतिष कुमार, राकेश कुमार, फार्मासिस्ट नवीन किशोर सहित कई स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित थे। सहयोगी निरीक्षण दल में भूमि उपसमाहर्ता गौरांग महतो, प्रखंड विकास पदाधिकारी विश्व प्रताप मालवा, अंचल अधिकारी संतोष कुमार, पंचायत सचिव शैलेंद्र कुमार चौधरी समेत हुसैनाबाद, हैदर नगर, मोहोमदगंज के अन्य पदाधिकारी शामिल थे।

## योग नगरी-हावड़ा एक्सप्रेस से आरपीएफ ने बरामद किया 7 कछुआ, वन विभाग को सौंपा गया



**धनबाद।** धनबाद में रेलवे सुरक्षा बल ने गुप्त सूचना के आधार पर गुरुवार को योग नगरी ऋषिकेश-हावड़ा दून एक्सप्रेस के जनरल कोच में तलाशी अभियान चलाकर लावारिश हालत में सात कछुआ बरामद किया है। सभी कछुओं की प्राथमिक जांच के बाद उन्हें सुरक्षित रूप से वन विभाग को सौंप दिया गया। आरपीएफ अधिकारियों ने बताया कि कछुओं की तस्करी एक गंभीर अपराध है, जिसके तहत अज्ञात व्यक्ति पर वन्य जीव संरक्षण अधिनियम, 1972 के अंतर्गत कार्रवाई की जा रही है। वन विभाग ने आश्वस्त किया है कि कछुओं को उचित संरक्षण, देखभाल और सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराया जाएगा तथा ऐसे अवैध कार्यों के खिलाफ सख्त कदम उठाए जाते रहेंगे।

## दो दिवसीय इमर्जिंग झारखंड बिजनेस कॉन्क्लेव का आयोजन 13 और 14 दिसंबर को

**धनबाद।** झारखंड इंडस्ट्रीज एंड ट्रेड एसोसिएशन और एल्यूर सोसाइटी के द्वारा संयुक्त रूप से आगामी 13 एवं 14 दिसंबर को धनबाद के गोविंदपुर स्थित राजविलास लग्जरी रिसोर्ट में इमर्जिंग झारखंड बिजनेस कॉन्क्लेव का आयोजन किया जा रहा है। इसमें नॉलेज पार्टनर के तौर पर आईआईटी आईएसएम की बड़ी भूमिका है। इस संदर्भ में गुरुवार को यूनियन क्लब में प्रेस वार्ता आयोजन कर झारखंड इंडस्ट्री ट्रेड एसोसिएशन के अध्यक्ष अमितेश सहाय एवं महासचिव राजीव शर्मा ने मीडिया को बताया कि इस कॉनक्लेव का मुख्य उद्देश्य महिला सशक्तिकरण, शिक्षा एवं संस्कृति, स्वास्थ्य, उद्योग एवं व्यवसाय तथा खनन क्षेत्र पर विचार-विमर्श करना है, ताकि झारखंड की औद्योगिक प्रगति को नई गति प्रदान की जा सके।

# आकांक्षी जिला के केंद्रीय प्रभारी ने की समीक्षा बैठक, दिए कई दिशा-निर्देश

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि

**पूर्वी सिंहभूम।** पूर्वी सिंहभूम जिले में गुरुवार को आकांक्षी जिला कार्यक्रम की समीक्षा बैठक का आयोजन समाहरणालय सभागार में किया गया। इस बैठक की अध्यक्षता आकांक्षी जिला के केंद्रीय प्रभारी सह संयुक्त सचिव, भारत सरकार महावीर प्रसाद ने की। बैठक में जिले के प्रमुख सूचकांकों (इंडिकेटर्स) जैसे स्वास्थ्य, पोषण, शिक्षा, कृषि, जल संसाधन, वित्तीय समावेशन, कौशल विकास और बुनियादी ढांचे के क्षेत्र में प्रगति का विस्तृत आकलन किया गया। तीन दिवसीय दौरे के पहले दिन आयोजित इस समीक्षात्मक बैठक में जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहे। उप विकास आयुक्त नागेन्द्र पासवान, अपर उपायुक्त भगीरथ प्रसाद, निदेशक एनईपी संतोष गर्ग, एडीएम एसओआर राहुल आनंद सहित विभिन्न विभागों के पदाधिकारियों ने विभागवार प्रस्तुतियों के माध्यम से जिले में चल रहे कार्यक्रमों की जानकारी साझा की। महावीर प्रसाद ने प्रस्तुत आंकड़ों और योजनाओं के कार्यान्वयन को ध्यानपूर्वक देखा और कई आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक के दौरान जिला प्रशासन द्वारा चलाई जा रही कई नवोन्मेषी पहलें साझा की गईं। इसमें सबर समुदाय का विस्तृत ग्राउंड सर्वेक्षण शामिल था, जिसमें समुदाय की सामाजिक-आर्थिक स्थिति, सरकारी योजनाओं का आच्छादन और जीवन स्तर में सुधार के लिए किए गए प्रयासों की जानकारी दी गई। मिशन उल्लास के तहत मिर्गी रोगियों की मुफ्त जांच, परामर्श और दवा वितरण की व्यवस्था की गई है। वहीं, सिकुई-दिकुई अभियान के माध्यम से स्कूलों में शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने और छात्रों के ड्रॉप आउट को कम करने के प्रयासों को भी साझा किया गया। जिला प्रशासन की पहलों की सराहना करते हुए महावीर प्रसाद ने कहा कि पूर्वी सिंहभूम जिले में योजनाओं का क्रियान्वयन और प्रशासनिक नवाचार सकारात्मक दिशा में हैं। उन्होंने पदाधिकारियों से आग्रह किया कि वे संवेदनशीलता और जन-सेवा की भावना के साथ काम करें, योजनाओं की जानकारी लाभुकों तक पूरी जिम्मेदारी और आत्मीयता के साथ पहुंचाएं और जमीनी स्तर पर सक्रिय प्रयास करें। उनके अनुसार, योजनाओं का प्रभाव तभी मापनीय होगा जब उन्हें धरातल पर प्रभावी रूप से लागू किया जाएगा।



# केंदुआडीह गैस रिसाव मामले में जांच तेज सीएमपीडीआई टीम ने किया ड्रोन से मेजरमेंट

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि

**धनबाद।** धनबाद के केंदुआडीह थाना क्षेत्र में पिछले नौ दिनों से जारी गैस रिसाव मामले में जांच प्रक्रिया तेज कर दी गई है। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए सेंट्रल माइन प्लानिंग एंड डिजाइन इंस्टीट्यूट लिमिटेड (सीएमपीडीआई) रांची की एक विशेष टीम गुरुवार को केंदुआडीह पहुंची। टीम ने अत्याधुनिक ड्रोन कैमरे का उपयोग कर रिसाव क्षेत्र का विस्तृत मेजरमेंट (माप) शुरू किया है। सीएमपीडीआई की टीम का नेतृत्व जयॉलोजी मैनेजर भुवनेश कुमार गुप्ता कर रहे हैं। इस दौरान उन्होंने मीडिया से बात करते हुए कहा कि मेजरमेंट के लिए ड्रोन का इस्तेमाल किया जा रहा है, जो मुख्य रूप से दो महत्वपूर्ण डेटा एकत्र करेगा। पहला डेटा यह जानने के लिए कि क्या कहीं का तापमान सामान्य से अधिक है। उन्होंने बताया कि वर्तमान में ठंड के मौसम में अधिकतम तापमान 22 से 25 डिग्री सेल्सियस के बीच है। यदि किसी स्थान पर तापमान इससे अधिक पाया जाता है तो यह स्पष्ट संकेत होगा कि यह गैस रिसाव या भूगर्भिक गतिविधि के कारण हो सकता है। दूसरा क्षेत्र की आबादी, घरों की संख्या और उनकी भौगोलिक स्थिति का डेटा भी एकत्र करेगा, जो संभावित खतरे वाले क्षेत्रों की पहचान करने में मदद करेगा। ?भुवनेश गुप्ता ने यह भी स्पष्ट किया कि आकलन की सटीकता सुनिश्चित करने के लिए यह मेजरमेंट दोहराया जाएगा। इस विस्तृत वैज्ञानिक जाँच की अंतिम रिपोर्ट आने में 15 से 20 दिनों का समय लगेगा। वहीं गैस रिसाव का आज नौवां दिन है और विशेषज्ञों की टीम द्वारा हर दिन मेजरमेंट जारी है, लेकिन स्थिति अभी भी गंभीर बनी हुई है।

## संपादकीय

### इंतजामों में लापरवाही

**गोवा** के एक नाइट क्लब में लगी भीषण आग और उसमें हुई कम से कम पच्चीस लोगों की मौत ने एक बार फिर देश में सुरक्षा मानकों को लेकर जारी गंभीर लापरवाही की ओर ध्यान खींचा है। दुर्भाग्य यह है कि लगभग हर बड़े हादसे के बाद वही सवाल दोहराए जाते हैं-क्या हमने पिछली घटनाओं से कोई सबक सीखा? क्या सुरक्षा से जुड़े बुनियादी इंतजामों में सुधार हुआ? और जवाब लगभग हर बार ह्यनह्ण में मिलता है। नाइट क्लबों, मॉल, बाजारों, अस्पतालों और भीड़भाड़ वाली इमारतों में चकाचौंध और सुविधाओं पर भारी खर्च किया जाता है, लेकिन आपात स्थिति में लोगों की जिंदगी बचाने वाले बुनियादी उपायों-अग्नि शमन व्यवस्था, पर्याप्त निकास मार्ग, नियमित सुरक्षा जांच-को अक्सर नजरअंदाज किया जाता है। गोवा में जो हुआ, उसमें भी आपात निकास संकरा था और अग्नि सुरक्षा इंतजाम नाकाफी साबित हुए। यह सिर्फ इमारत मालिकों या प्रबंधन की लापरवाही नहीं, बल्कि सरकारी तंत्र की उदासीनता भी है। अगर संबंधित विभाग नियमित रूप से निरीक्षण करें, मानकों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करें और उल्लंघन पर समय रहते कार्रवाई करें, तो ऐसी त्रासदियों को काफी हद तक रोका जा सकता है। हादसे के बाद मुआवजा और दोषियों पर कार्रवाई की औपचारिक घोषणा किसी खोई हुई जिंदगी को वापस नहीं ला सकती। देश में तेजी से बढ़ते शहरी विस्तार और बढ़ती भीड़ के बीच सुरक्षा इंतजामों को अनिवार्य रूप से सर्वोच्च प्राथमिकता बनाना होगा। यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि अग्निशमन वाहनों को हर इमारत तक निर्बाध पहुंच मिले, निकास मार्ग कभी बाधित न हों, और अग्नि सुरक्षा उपकरण हमेशा कार्यशील स्थिति में रहें। साथ ही, तकनीकी खामियों से बड़ा हादसा बनने की संभावना को समाप्त करने के लिए भवन निर्माण और संचालन के प्रत्येक चरण में सुरक्षा सर्वोपरि हो। हर हादसे के बाद उठने वाले सवालों का वास्तविक समाधान तभी मिलेगा, जब नियम-कायदों पर अमल सिर्फ कागजों में नहीं, बल्कि रोजमर्रा की प्रशासनिक सक्रियता में दिखे। अब भी समय है-लापरवाही की इस श्रृंखला को रोकने का। क्योंकि सुरक्षा इंतजामों में एक छोटी चूक भी कई जिंदगियों की कीमत बन सकती है।

# देश में कपास किसानों की बढ़ती चुनौतियां

**आरके विश्वकर्मा**



भारत में कच्चे कपास के आयात पर पहले पांच फीसद मूल सीमा शुल्क, पांच फीसद कृषि अवसंरचना और विकास उपकर तथा इन दोनों पर दस फीसद सामाजिक कल्याण अधिभार, यानी कुल मिलाकर ग्यारह फीसद का सीमा शुल्क लगता था। फरवरी, 2021 में किसान आंदोलन के बाद देश के कपास किसानों के हित को ध्यान में रख कर यह शुल्क लगाया गया था। मगर अब सरकार ने कपड़ा उद्योग की मांग पर कच्चे कपास के आयात पर सभी सीमा शुल्क में 19 अगस्त, 2025 से छूट दे दी है। इस फैसले की सराहना देश के कपड़ा उद्योग ने तो की ही, अमेरिकी कृषि विभाग ने भी बाकायदा बयान जारी करके इसे महत्त्वपूर्ण कदम बताया और कहा कि इससे अमेरिकी कपास का भारत में निर्यात बढ़ेगा। इस निर्णय से भले ही अमेरिका को फायदा हो, लेकिन देश के किसान इससे आहत हैं। ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव (जीटीआरआइ) के मुताबिक, आयात शुल्क में इस छूट का सबसे बड़ा लाभ निश्चित तौर पर अमेरिका को ही होने वाला है। भारत को कपास निर्यात करने वाला अमेरिका सबसे बड़ा देश है, और वहा कपास की नई फसल बाजार में जुलाई-अगस्त से आनी शुरू हो जाती है।

महत्त्वपूर्ण बात यह है कि आयात शुल्क उस वक्त खत्म किया गया, जब भारतीय किसानों के कपास की नई उपज बाजार में आने ही वाली थी। देश में कपास की फसल अक्तूबर से सितंबर तक होती है। इसी दौरान किसानों को कपास के अच्छे दाम मिलने की उम्मीद होती है। अब विदेश से बड़े पैमाने पर कपास आने से घरेलू कपास की कीमतें गिर जाएंगी। सीमा शुल्क में छूट की अधिसूचना जारी होने के दिन भारतीय कपास निगम यानी काटन कार्पोरेशन आफ इंडिया (सीसीआइ) ने कपास की कीमत 600 रुपए प्रति कैंडी (एक कैंडी- 356 किग्रा) कम कर दी और उसके दूसरे दिन फिर 500 रुपए प्रति कैंडी कम कर दी। इस तरह महज दस दिनों के भीतर ही कपास के न्यूनतम मूल्य में कुल 1700 रुपए प्रति कैंडी की कमी खुद सरकार की ओर से की गई।

अमेरिका की बात की जाए, तो कपास उत्पादन में वह दुनिया में तीसरे स्थान पर है, लेकिन इसकी घरेलू खपत वहां बहुत कम है। कुल उत्पादन का लगभग 85 फीसद कपास वह निर्यात करता है। पहले अमेरिकी कपास का सबसे बड़ा आयातक चीन था, लेकिन डोनाल्ड ट्रंप की शुल्क नीति के कारण चीन वहां से कपास का आयात कम करता जा रहा है। इसलिए अमेरिका को एक वैकल्पिक बाजार की तलाश थी, जो उसे भारत में नजर आ रहा है। हालांकि, भारत दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा कपास उत्पादक देश है और यहां घरेलू खपत कुल उत्पादन का औसतन 95 फीसद है। मगर यहां उच्च गुणवत्ता वाले या ज्यादा लंबे रेशे वाले कपास (ईएलएस) की पैदावार कम होती है और उसकी जरूरत को आयात के जरिए पूरा किया जाता है।

*महत्त्वपूर्ण बात यह है कि आयात शुल्क उस वक्त खत्म किया गया, जब भारतीय किसानों के कपास की नई उपज बाजार में आने ही वाली थी। देश में कपास की फसल अक्तूबर से सितंबर तक होती है। इसी दौरान किसानों को कपास के अच्छे दाम मिलने की उम्मीद होती है। अब विदेश से बड़े पैमाने पर कपास आने से घरेलू कपास की कीमतें गिर जाएंगी। सीमा शुल्क में छूट की अधिसूचना जारी होने के दिन भारतीय कपास निगम यानी काटन कार्पोरेशन आफ इंडिया (सीसीआइ) ने कपास की कीमत 600 रुपए प्रति कैंडी (एक कैंडी- 356 किग्रा) कम कर दी और उसके दूसरे दिन फिर 500 रुपए प्रति कैंडी कम कर दी। इस तरह महज दस दिनों के भीतर ही कपास के न्यूनतम मूल्य में कुल 1700 रुपए प्रति कैंडी की कमी खुद सरकार की ओर से की गई। अमेरिकी की बात की जाए, तो कपास उत्पादन में वह दुनिया में तीसरे स्थान पर है, लेकिन इसकी घरेलू खपत वहां बहुत कम है। कुल उत्पादन का लगभग 85 फीसद कपास वह निर्यात करता है। पहले अमेरिकी कपास का सबसे बड़ा आयातक चीन था, लेकिन डोनाल्ड ट्रंप की शुल्क नीति के कारण चीन वहां से कपास का आयात कम करता जा रहा है। इसलिए अमेरिका को एक वैकल्पिक बाजार की तलाश थी, जो उसे भारत में नजर आ रहा है। हालांकि, भारत दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा कपास उत्पादक देश है और यहां घरेलू खपत कुल उत्पादन का औसतन 95 फीसद है।*

अमेरिकी कृषि व्यापार निकाय काटन काउंसिल इंटरनेशनल (सीसीआइ) तो इस शुल्क को हटाने की मांग लंबे समय से कर रहा था। दरअसल, उच्च गुणवत्ता वाले या अति लंबे रेशे के कपास के आयात पर से ग्यारह फीसद शुल्क सरकार ने 20 फरवरी, 2024 से समाप्त कर दिया है, लेकिन इससे छोटे रेशे के कपास आयात पर शुल्क जारी था, जिसे इस वर्ष अगस्त में खत्म किया गया। इस कदम से सरकार अमेरिकी शुल्क की मार से भारतीय वस्त्र निर्यातकों के मुनाफे को तो कुछ हद तक सुरक्षित कर लेगी, लेकिन इसका खमियाजा देश के किसानों को भुगतना पड़ेगा। खासकर तब जब किसानों की आय दोगुनी करने का जोर-शोर से दावा किया जा रहा है। कपास से सीमा शुल्क हटाने को लेकर जारी बयान में कपड़ा निमार्ताओं और उपभोक्ताओं के हितों की बात तो कही गई थी, लेकिन कपास किसानों का जिक्र करना सरकार भूल गई। दूसरी बार जारी बयान में कहा गया कि भारतीय कपास निगम लिमिटेड द्वारा संचालित न्यूनतम समर्थन मूल्य व्यवस्था के माध्यम से किसानों के हितों की रक्षा की जाती है, जो यह सुनिश्चित करती है कि किसानों को उनकी उत्पादन लागत से कम से कम पचास फीसद अधिक मूल्य प्राप्त हो।

न्यूनतम समर्थन मूल्य किसान की उपज का वह मूल्य है, जिसका निर्धारण सरकार इसलिए करती है कि किसानों को उनकी फसल का उचित मूल्य मिल सके और इसे सुनिश्चित करने के लिए सरकार किसानों से कपास खुद खरीदती है। अब यहां दो बाते हैंः पहली यह कि सरकार कपास का न्यूनतम समर्थन मूल्य कितना तय करती है और दूसरी यह कि इस मूल्य पर सरकार किसानों से कितना कपास खरीदती है! सरकार न्यूनतम समर्थन मूल्य का निर्धारण ए-2 एफएल फामूर्ले के आधार पर करती है। इसके अनुसार, मध्यम रेशे के कपास का न्यूनतम समर्थन मूल्य वर्ष 2024-25 के लिए 7,121 रुपए प्रति कुंतल निर्धारित किया गया है। मगर किसान संगठनों की मांग है कि यह सी-2 फामूर्ले के आधार पर निर्धारित किया जाना चाहिए, जिसके अनुसार यह मूल्य 10,075 रुपए प्रति कुंतल होना चाहिए। मालूम हो कि न्यूनतम समर्थन मूल्य के निर्धारण के लिए सी-2 का फामूर्ला डा एमएस स्वामीनाथन ने सुझाया था।

भारत में कपास की खेती मुख्यतः लगभग 99 फीसद खरीफ फसल के रूप में होती है, जबकि तमिलनाडु और उसके आसपास के दूसरे राज्यों के कुछ हिस्सों में यह रबी की फसल है। भारत में लगभग साठ लाख किसान परिवार कपास की खेती से अपनी आजीविका चलाते हैं। इसके अतिरिक्त 4-5 करोड़ दूसरे लोग भी इसके व्यापार से जुड़े हैं। यहां पिछले वर्ष कुल 114.47 लाख हेक्टेयर कृषि योग्य जमीन पर कपास की खेती की गई, जो पूरी दुनिया में कपास की खेती के रकबे 314.79 लाख हेक्टेयर का 36.36 फीसद है। रकबे के लिहाज से भारत पूरी दुनिया में पहले स्थान पर है और उत्पादन के मामले में चीन के बाद दूसरे स्थान पर है। मगर यहां प्रति हेक्टेयर कपास की पैदावार (437 किग्रा प्रति हेक्टेयर) विश्व की औसत पैदावार (833 किग्रा प्रति हेक्टेयर) से काफी कम है। पिछले दस वर्षों में सरकार ने न्यूनतम समर्थन मूल्य पर कपास की खरीद पर कुल 1,17,348.13 करोड़ खर्च किए। यह एक निवेश की तरह है, सीसीआइ किसानों से कपास खरीद कर इसे बाजार में बेचती है। मगर किसानों की आर्थिक स्थिति लगातार बिगड़ती जा रही है। इस साल के पहले तीन माह में महाराष्ट्र के विदर्भ क्षेत्र के करीब 767 किसानों ने आत्महत्या कर ली। बीते दशक में कपास का कुल उत्पादन 3370.72 लाख गांठें (एक गांठ-170 किग्रा) रहा और न्यूनतम समर्थन मूल्य पर कुल खरीद मात्र 380.58 लाख गांठें।

**- लेखक के अपने निजी विचार हैं।**

# दुनिया में क्यों मची हथियारों की होड़...

**जी जी द्विवेदी**

**यह** सवाल स्टॉकहोम इंटरनेशनल पीस रिसर्च इंस्टीट्यूट के एक डाटा से पैदा हुआ है। इस डाटा के मुताबिक, संसार की शीर्ष 100 हथियार कंपनियों द्वारा हथियारों व सैन्य उपकरणों की बिक्री से प्राप्त होने वाले राजस्व में 5.9 प्रतिशत की वृद्धि हुई है और यह राशि 670 अरब डॉलर के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई है। हथियारों की बिक्री से होने वाली यह कमाई बिक्री में रुकावटों, महंगाई और औद्योगिक मंदी के बावजूद हुई है। हथियारों की बिक्री का आलम यह है कि साल 2024 में दुनिया की शीर्ष 100 हथियार कंपनियों में शामिल अमेरिका की 43 कंपनियों का कुल राजस्व 3.8 प्रतिशत बढ़कर 334 अरब डॉलर हो गया। इनमें लॉकहीड मार्टिन, नॉर्थरोप, ग्रुम्मन और जनरल डायनेमिक्स आदि शामिल हैं। रूस को छोड़ दें, तो शेष यूरोप की 26 हथियार कंपनियों में से 23 ने हथियारों के राजस्व में 13 फीसदी की बढ़ोतरी दर्ज की और उनका राजस्व 151 अरब डॉलर पहुंच गया। हथियारों की बिक्री असल में रूस द्वारा यूक्रेन पर हमले के साथ नाटो देशों को कथित धमकी और हिंद-प्रशांत क्षेत्र समेत तमाम संघर्षरत देशों के कारण बढ़ी है। केवल एशिया और ओशिनिया ने 2024 में शीर्ष 100 कंपनियों से हथियारों की कम खरीद की। इनकी खरीदारी साल 2023 की तुलना में 1.2 प्रतिशत घटकर 130 अरब डॉलर रही। शीर्ष की दो रूसी कंपनियों- रोस्टेक और यूनाइटेड शिपबिल्डिंग कॉरपोरेशन्स ने अंतरराष्ट्रीय प्रतिबंधों के कारण कल-पुर्जों की कमी के बावजूद 23 प्रतिशत की वृद्धि करके अपने संयुक्त राजस्व को 31.2 अरब डॉलर कर लिया। जापानी और दक्षिण कोरियाई कंपनियों ने यूरोप और अपनी घरेलू मांगों की वजह से बढ़त को जारी रखा है।

शीर्ष में शामिल जापान की पांच कंपनियों ने अपना राजस्व बढ़ाकर 13.3 अरब डॉलर और दक्षिण कोरियाई कंपनियों ने 14.1 अरब डॉलर कर लिया है। इसी तरह, पश्चिम एशिया की कंपनियों का कुल राजस्व 31 अरब डॉलर रहा, वहीं तीन इजरायली कंपनियों ने 16.2 अरब डॉलर का राजस्व कमाया। इनमें तीन भारतीय कंपनियों ने पहली बार घरेलू मांग की वजह से अपने कुल हथियार राजस्व को 8.2 प्रतिशत बढ़ाकर 7.5 अरब डॉलर कर लिया। साफ है, दुनिया भर की सरकारें रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनने की



कोशिश में ज्यादा हथियार खरीद रही हैं। वे अपने खत्म हो चुके हथियार भंडार को फिर से भर रही हैं और आपातकालीन तैयारी के तौर पर ऐसी खरीदी कर रही हैं, जिनके बारे में हाल तक सोचा भी नहीं गया था। इसके अलावा, यूक्रेन युद्ध ने तोप के गोलों, ड्रोन, प्रिसिजन मिसाइल और एयर-डिफेंस सिस्टम की भारी मांग पैदा कर दी है। गाजा पर इजरायली हमलों ने भी अनावश्यक हथियारों व युद्धक सामानों की मांग बढ़ा दी है।

साउथ चाइना-सी और ताइवान जलडमरूमध्य में बढ़ते तनाव की वजह से जापान, ऑस्ट्रेलिया, दक्षिण कोरिया और ताइवान जैसे देश लंबी दूरी तक मार करने वाली मिसाइलें, पनडुब्बियां और अगली पीढ़ी के लड़ाकू विमान खरीदने को मजबूर हो रहे हैं। इतिहास पर गौर करें, तो हथियार जमा करने की प्रवृत्ति बड़े संघर्षों से पहले दिखी है। अर्थात, 1914 से पहले, फिर 1930 के दशक में और शीत युद्ध के अंतिम दौर में। मस्क की भविष्यवाणी इसी आलोक में लगती है। हो भी क्यों न। जब बड़ी ताकतें एक ही समय में अपनी-अपनी सेनाओं का आधुनिकीकरण करती हैं, तो गलत अंदाजा लगाया जाना स्वाभाविक है। हालांकि, हथियारों की बिक्री में बढ़ोतरी तीसरे विश्व युद्ध की उल्टी गिनती का संकेत नहीं है। यहां सबसे बड़ा अंतर इरादे में है। इस समय हो रही ज्यादातर हथियार-खरीद रक्षात्मक है, आक्रामक नहीं। यूरोपीय देश रूस के साथ युद्ध शुरू करने के लिए नहीं, बल्कि मॉस्को को किसी भी गलत कदम से रोकने के लिए हथियार खरीद रहे हैं। इसी तरह, हिंद-प्रशांत क्षेत्र के देश चीन से युद्ध नहीं चाहते, बल्कि बीजिंग को ताइवान या साउथ चाइना-सी में एकतरफा कार्रवाई से रोकना चाहते हैं। इसके अलावा, परमाणु हथियार बड़ी ताकतों के लिए लड़ाई रोकने का बड़ा जरिया बना हुआ है। यह सही है कि इससे परमाणु हथियारों के इस्तेमाल का खतरा पूरी तरह खत्म नहीं होता। जब पारंपरिक लड़ाइयां बढ़ेंगी, तो परमाणु हथियारों के इस्तेमाल की आशंका भी बनी रहेगी। यूक्रेन-रूस और गाजा-हमास की लड़ाई में कूटनीति बहुत कारगर साबित नहीं हो पा रही है और छद्म संघर्षों का खतरा बना हुआ है। ड्रोन, हाइपरसोनिक मिसाइल, लंबी दूरी के मारक हथियार और एआई-इनेबल्ड सर्विलांस जैसे अत्याधुनिक हथियारों का तेजी से इस्तेमाल खतरे को गंभीर बनाता है। रक्षा उत्पादों को बढ़ावा दिया जा रहा है और सुरक्षा से जुड़े बुनियादी ढांचे विकसित किए जा रहे हैं। इसका मतलब है कि देश किसी लड़ाई की चेतावनी मिलते ही तुरंत कार्रवाई कर सकने में सक्षम हों। संयुक्त राष्ट्र जैसी वैश्विक संस्थाओं के कमजोर पड़ने के साथ बड़ी ताकतों की बढ़ती प्रतिस्पर्द्धा ने बहुपक्षीय कूटनीति में एक बिखराव पैदा किया है, जिससे संघर्ष को टालने की प्रक्रिया पर नकारात्मक प्रभाव पड़ा है। ऐसे में, हथियारों की बिक्री में तेजी से खतरा तो बढ़ा है, मगर इससे जंग छिड़ जाए, यह जरूरी नहीं है। विभिन्न देशों द्वारा हथियारों की खरीद आसन्न खतरे से बचने, आधुनिकीकरण और अपनी क्षमता को मजबूत करने के लिए है। असल खतरा किसी एक देश से नहीं, बल्कि कई देशों के एक साथ फिर से हथियार जमा करने में है। एक ऐसी दुनिया में, जहां भरोसा कम हो रहा है और संकट कूटनीतिक संवाद के दायरे से बड़े होते जा रहे हैं, पहले से ज्यादा असरदार संकट प्रबंधन की जरूरत है। ऐसे में, मस्क की भविष्यवाणी को एक संकेत के तौर पर लेना चाहिए, क्योंकि कई तरह की अवांछित गतिविधियों के साथ बिगड़ते वैश्विक सुरक्षा परिदृश्य में हथियारों का निर्माण तेजी से हो रहा है। हथियारों की बिक्री में बढ़ोतरी गहरी भू-राजनीतिक उथल-पुथल और बदलते शक्ति-संतुलन का लक्षण है। भविष्य के विश्व-युद्ध का फैसला न सिर्फ बनाए जा रहे हथियारों और हार्डवेयर से होगा, बल्कि उस समय के नेताओं के फैसलों पर भी निर्भर करेगा।

**- लेखक के अपने निजी विचार हैं।**

## आज का पंचांग

### दैनिक पंचांग

**12 दिसम्बर 2025 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह | स्थिति | लग्नारंभ | समय |
|---|---|---|---|
| सूर्य | वृश्चिक में | धनु | 06.53 बजे से |
| चंद्र | सिंह में | मकर | 08.58 बजे से |
| मंगल | धनु में | कुंभ | 10.45 बजे से |
| बुध | वृश्चिक में | मीन | 12.18 बजे से |
| गुरु | मिथुन में | मेष | 13.48 बजे से |
| शुक्र | वृश्चिक में | वृष | 15.28 बजे से |
| शनि | मीन में | मिथुन | 17.27 बजे से |
| राहु | कुंभ में | कर्क | 19.40 बजे से |
| केतु | सिंह में | सिंह | 21.56 बजे से |
| | | कन्या | 00.08 बजे से |
| | | तुला | 02.19 बजे से |
| | | वृश्चिक | 04.33 ब.से |


**राहुकाल** 10.30 से 12.00 बजे तक

**शुक्रवार** 2025 वर्ष का 346 वा दिन
**दिशाशूल** पश्चिम **ऋतु** हेमन्त।
**विक्रम संवत्** 2082 **शक संवत्** 1947
**मास** पौष (दक्षिण भारत में मृगशीर्ष) **पक्ष** कृष्ण
**तिथि** अष्टमी 14.57 बजे को समाप्त।
**नक्षत्र** उत्तराफाल्गुनी 05.50 बजे प्रातः को समाप्त।
**योग** प्रीति 11.12 बजे को समाप्त।
**करण** कौलव 14.57 बजे तदनन्तर तैतिल 03.43 बजे को समाप्त।
**चन्द्रायु** 21.7 घण्टे
**रवि क्रान्ति** दक्षिण 23° 05'
**सूर्य** दक्षिणायन
**कलि अहर्गण** 1872556
**जूलियन दिन** 2461021.5
**कलियुग संवत्** 5126
**कल्पारंभ संवत्** 1972949123
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123
**वीरनिर्वाण संवत्** 2552
**हिजरी सन्** 1447
**महीना** जमादि उस्सानी **तारीख** 20

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| चर | 05.55 से | 07.23 बजे तक | रोग | 05.38 से | 07.1 बजे तक |
| लाभ | 07.23 से | 08.51 बजे तक | काल | 07.11 से | 08.43 बजे तक |
| अमृत | 08.51 से | 10.19 बजे तक | लाभ | 08.43 से | 10.15 बजे तक |
| काल | 10.19 से | 11.47 बजे तक | उद्वेग | 10.15 से | 11.47 बजे तक |
| शुभ | 11.47 से | 01.15 बजे तक | शुभ | 11.47 से | 01.19 बजे तक |
| रोग | 01.15 से | 02.43 बजे तक | अमृत | 01.19 से | 02.51 बजे तक |
| उद्वेग | 02.43 से | 04.10 बजे तक | चर | 02.51 से | 04.23 बजे तक |
| चर | 04.10 से | 05.38 बजे तक | रोग | 04.23 से | 05.55 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अतः आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। ■ Jagrutidaur.com, Bangalore

## शब्द पहेली - 8704



### बाएँ से दाएँ

1. सुरक्षित, संरक्षित-4
4. उत्सुकता, जिज्ञासा-3
6. पिता के पिता-2
7. नमस्कार, प्रणाम-3
9. आखेट मंच-3
11. आत्मबलिदानी-5
12. प्लेट, तश्तरी-3
15. रहस्य, भेद-2
16. जी, चित्त-2
18. जुड़वा-3
20. मन का मिलना-5
22. नल, टोंटी-3
24. देवर्षि, देवमुनि-3
26. गुप्तचर, जासूस-2
27. गमन, विदा होना-3
28. ईश्वर, रब-4

### ऊपर से नीचे

1. सद्चरित्रता-3
2. इच्छा, मर्जी-2
3. अंधकार, अंधेरा-3
5. धार्मिक आयोजन स्थल तक मंगल कलश ले जाना-5
6. मोल, कीमत, दर-2
8. नरक के समान-5
10. बेकार, अयोग्य-3
13. बुआई करना-2,3
14. विश्वविजेता, संसार जीतने वाला (उर्दू-5)
17. प्रणाम, नमस्कार-3
19. जल में रहने वाला-4
21. स्वर्ग का विलोम-3
23. छोटी सवारी गाड़ी-2
25. कीमत, भाव-2

### शब्द पहेली -8703 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| श | ब | न | म | ■ | ■ | आ | का | श |
| रा | ■ | ■ | स्त | र | ही | न | ■ | म |
| रा | त | ■ | ■ | सी | ना | ■ | ■ | शी |
| ■ | र | ग | ■ | ला | ■ | क | बी | र |
| ■ | का | ज | ल | ■ | अ | स | र | ■ |
| क | री | ब | ■ | मि | ■ | र | ब | ■ |
| रा | ■ | ■ | चा | रा | ■ | ■ | ल | ब |
| मा | ■ | रा | ह | ज | नी | ■ | ■ | हा |
| त | र | ह | ■ | ■ | म | ज | बू | र |

■ Jagrutidaur.com, Bangalore

## सुडोकू

### सूडोकु नवताल- 7641

★★★✯☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 9 | | 3 | 1 | | | 8 | |
| 3 | 6 | | 2 | | 7 | | 9 | |
| | | 7 | | | 6 | | 2 | 1 |
| | 7 | | 1 | | | | | |
| 1 | 3 | | | 4 | | | 7 | 2 |
| | | | | | 5 | | 4 | |
| 6 | 2 | | 4 | | | 9 | | |
| | 5 | | 6 | | 9 | | 1 | 8 |
| | 1 | | | 5 | 3 | | 6 | 4 |

■ Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -7640 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 9 | 7 | 5 | 1 | 4 | 6 | 8 | 2 |
| 1 | 2 | 8 | 6 | 9 | 3 | 4 | 5 | 7 |
| 6 | 4 | 5 | 2 | 8 | 7 | 1 | 3 | 9 |
| 5 | 7 | 3 | 4 | 6 | 9 | 2 | 1 | 8 |
| 2 | 1 | 9 | 7 | 5 | 8 | 3 | 4 | 6 |
| 4 | 8 | 6 | 3 | 2 | 1 | 7 | 9 | 5 |
| 9 | 3 | 2 | 8 | 4 | 6 | 5 | 7 | 1 |
| 7 | 6 | 1 | 9 | 3 | 5 | 8 | 2 | 4 |
| 8 | 5 | 4 | 1 | 7 | 2 | 9 | 6 | 3 |



# प्रियंका चोपड़ा ने जाह्नवी के बेबाक और सच्चे विचारों की जमकर तारीफ़ की

प्रियंका चोपड़ा ने हाल ही में वी द विमेन मंच से जाह्नवी कपूर का प्रभावशाली वीडियो शेयर कर उनके विचारों को खुलकर सराहा। इंस्टाग्राम स्टोरी पर इस क्लिप को री-पोस्ट करते हुए प्रियंका ने लिखा, बातचीत से शुरुआत होती है, तो मैं भी शामिल होती हूँ। उन्होंने जाह्नवी के बेबाक और सच्चे विचारों की जमकर तारीफ़ की। यह वीडियो बरखा दत्त के प्रमुख प्लेटफ़ॉर्म वी द विमेन का है, जो देशभर की महिलाओं की आवाज़, उनकी पहचान, महत्वाकांक्षाओं और सशक्तिकरण से जुड़े मुद्दों पर खुलकर चर्चा करने के लिए जाना जाता है। क्लिप में जाह्नवी कपूर बेहद साफ़गोई से स्त्रीत्व, समाज की अपेक्षाओं और समानता के असली मायनों पर बात करती दिखाई देती हैं। वह बताती हैं कि महिलाओं के अनुभवों को समझना और स्वीकारना कितना ज़रूरी है, बजाय इसके कि समानता को सिर्फ़ एक सतही अवधारणा तक सीमित कर दिया जाए। पीले रंग के आकर्षक आउटफ़िट में नज़र आ रहीं जाह्नवी के स्पष्ट और आत्मविश्वास से भरे विचार दर्शकों के साथ गहराई से जुड़े और इन्हीं विचारों ने प्रियंका चोपड़ा को उन्हें अपने प्लेटफ़ॉर्म पर साझा करने के लिए प्रेरित किया।





# रवि तेजा के साथ स्क्रीन शेयर कर सकती हैं सामंथा रुथ प्रभु

दक्षिण सिनेमा की मशहूर एक्ट्रेस सामंथा रुथ प्रभु काफी समय से अपनी निजी जिंदगी को लेकर चर्चा में बनी हुई हैं। खबरे हैं कि वह निर्देशक राज निदिमोरू के साथ रिश्ते में हैं। इस बीच अभिनेत्री की अगली फिल्म से जुड़ा अपडेट आया है। चर्चा है कि सामंथा पहली बार सुपरस्टार रवि तेजा के साथ स्क्रीन साझा करते हुए नजर आएंगी। दोनों एक प्रोजेक्ट के लिए साथ में आए हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक... सामंथा वर्तमान में रवि के साथ एक प्रोजेक्ट पर बातचीत कर रही हैं। फिल्म का शीर्षक तय नहीं है, लेकिन इसका निर्देशन शिव निर्वाण कर सकते हैं। अगर सबकुछ ठीक रहा तो पहला मौका होगा जब सामंथा और रवि को एक साथ फिल्मी परदे पर देखने का दर्शकों को मौका मिलेगा। अभी तो इस प्रोजेक्ट से संबंधित कोई भी आधिकारिक घोषणा सामंथा या रवि की ओर से नहीं की गई है। फिलहाल तो सामंथा रक्त ब्रह्मांड: द ब्लडी किंगडम में व्यस्त चल रही हैं। यह नेटफ्लिक्स की आगामी वेब सीरीज है, जिसका निर्माण राज और डीके डी 2आर फिल्म्स के तहत कर रहे हैं। इस सीरीज का निर्देशन राही अनिल बर्वे ने किया है। सामंथा के अलावा, इस सीरीज में आदित्य रॉय कपूर, अली फजल, वामिका गब्बी और जयदीप अहलावत नजर आएंगे। दूसरी तरफ, सुपरस्टार रवि अगली फिल्म मास जाथारा में नजर आएंगे इसमें उनके साथ अभिनेत्री श्रीलीला हैं।

# मेघना गुलजार की 'दायरा' में पहली बार साथ दिखेंगे करीना और पृथ्वीराज सुकुमारन



निर्देशक मेघना गुलजार इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'दायरा' को लेकर चर्चाओं में हैं। फिल्म की अभी शूटिंग चल रही है। इस बीच अब मेघना गुलजार ने फिल्म के फाइनल शेड्यूल की शूटिंग को लेकर अपडेट दिया है। इस फिल्म में करीना कपूर खान और पृथ्वीराज सुकुमारन प्रमुख भूमिकाओं में नजर आएंगे।

मेघना गुलजार ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक तस्वीर साझा की है। इस तस्वीर को साझा करते हुए उन्होंने फिल्म के फाइनल शेड्यूल को लेकर जानकारी दी है। मेघना ने जो तस्वीर साझा की है वो किसी कार के अंदर की तस्वीर है। इसमें सीट पर बड़े-बड़े बैग रखे नजर आ रहे हैं। संभवतः इनमें शूटिंग उपकरण हैं। इस तस्वीर को साझा करते हुए मेघना ने कैप्शन में लिखा, 'फाइनल शेड्यूल। यहां हम चले।' इसके साथ हैशटैग में उन्होंने दायरा भी लिखा है।


मेघना गुलजार द्वारा निर्देशित इस फिल्म को जंगली पिक्चर्स और पेन स्टूडियो ने मिलकर प्रोड्यूस किया है। फिल्म में करीना कपूर और पृथ्वीराज सुकुमारन प्रमुख भूमिका में नजर आएंगे। दोनों स्टार्स पहली बार एकसाथ किसी फिल्म में दिखाई देंगे। हालांकि, अभी तक फिल्म को लेकर कोई ज्यादा जानकारी सामने नहीं आई है।

## 'राजी' और 'सैम बहादुर' जैसी फिल्मों का निर्माण कर चुकी हैं मेघना

मेघना गुलजार की गिनती इंडस्ट्री के चुनिंदा निर्देशकों में होती है। वो इससे पहले 'राजी', 'छपाक' और 'सैम बहादुर' जैसी फिल्मों का निर्देशन कर चुकी हैं। तीनों ही फिल्मों को क्रिटिक्स से जबरदस्त सराहना मिली है। वहीं 'छपाक' को छोड़कर बाकी दोनों फिल्में बॉक्स ऑफिस पर भी सफल रही हैं। मेघना की आखिरी फिल्म 'सैम बहादुर' है, जिसमें विक्की कौशल प्रमुख भूमिका में नजर आए हैं। यह फिल्म भारत के पहले फील्ड मार्शल सैम मानेकशॉ के जीवन पर आधारित है।







# मनोज बाजपेयी ने बॉलीवुड में एक्टर्स की इनसिक्योरिटी के बारे में बात की

**एक्टर मनोज बाजपेयी इन दिनों द फैमिली मैन सीजन 3 में अपने अभिनय के लिए तारीफें बटोर रहे हैं। हाल ही में कास्ट ने कुशा कपिला और कॉमेडियन रवि गुप्ता के साथ शो के बारे में कई बातें कीं। बातचीत में मनोज बाजपेयी ने बॉलीवुड में एक्टर्स के बीच मौजूद इनसिक्योरिटी के बारे में खुलकर बात की।**

## अनिश्चितता में हैं बॉलीवुड के कलाकार

मनोज बाजपेयी ने बॉलीवुड एक्टर्स में अनिश्चितता की भावना के बारे में बात की। उन्होंने कहा, हमारी इंडस्ट्री में, एक्टर्स कभी एक-दूसरे की तारीफ नहीं करेंगे। वे कभी किसी के काम की तारीफ करने के लिए कॉल नहीं करेंगे, क्योंकि वे बहुत इनसिक्योर होते हैं। मैं अब भी लोगों को काम मांगने के लिए कॉल करता हूं। क्योंकि मैं पैदाइशी संघर्ष करने वाला इंसान हूं।

## रो पड़े थे जयदीप

बातचीत में जयदीप अहलावत ने बताया कि मनोज बाजपेयी ने पाताल लोक सीजन 1 में उनके काम की तारीफ की तो वह रो पड़े थे। उन्होंने कहा जब पाताल लोक सीजन 1 रिलीज हुआ था, तो मनोज भाई ने मुझे रात में फोन किया और मुझसे 15-20 मिनट बात की। मैं इसे जिंदगी भर नहीं भूलूंगा। उसके बाद, मैं बहुत रोया। उस समय मनोज बाजपेयी ने जयदीप अहलावत से कहा एक इंस्टिट्यूशन खोलो, और मैं तुम्हारा छात्र बनूंगा।

## मनोज और जयदीप साथ में कर चुके काम

द फैमिली मैन 3 से पहले, मनोज बाजपेयी और जयदीप अहलावत ने 2012 में गैंग्स ऑफ वासेपुर और चटगांव में साथ काम किया था। द फैमिली मैन के नए सीजन में, मनोज बाजपेयी ने श्रीकांत तिवारी का अपना रोल फिर से निभाया है, जबकि जयदीप अहलावत ने विलेन रुक्मा का रोल किया है।

## द फैमिली मैन 3 की कास्ट

द फैमिली मैन 3 के निर्देशक राज एंड डीके हैं। शो में मनोज बाजपेयी, निमरत कौर, अश्लेषा ठाकुर, शारिब हाशमी, प्रियमणि और जयदीप अहलावत अहम रोल में हैं। 21 नवंबर से यह शो अमेजन प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम हो रहा है।





# इंडस्ट्री में है कोंकणा की अलग पहचान

**कोंकणा सेन शर्मा भारतीय सिनेमा की एक ऐसी अभिनेत्री हैं, जिन्होंने अपनी सादगी भरी अदाकारी से लाखों दिल जीते हैं। वे हिंदी और बंगाली फिल्मों में काम करती हैं और निर्देशन में भी अपनी पहचान बना चुकी हैं।**

कोंकणा का फिल्मी सफर बचपन से ही शुरू हो गया था। मात्र 4 साल की उम्र में उन्होंने 1983 में बंगाली फिल्म इंदिरा में बाल कलाकार के रूप में डेब्यू किया, जो उनकी मां अपर्णा सेन द्वारा निर्देशित थी। फिल्म अमोदिनी में भी छोटी भूमिका निभाई। इसके बाद कोंकणा ने बंगाली थ्रिलर एक जे आछे कन्या की, जिसमें उन्होंने एक नेगेटिव किरदार निभाया। इसके अलावा एक्ट्रेस ने अपनी मां द्वारा निर्देशित अंग्रेजी फिल्म मिस्टर एंड मिसेज अय्यर में मीनाक्षी अय्यर का रोल किया। इस फिल्म के लिए उन्हें सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का नेशनल फिल्म अवॉर्ड मिला।

## पेज 3 से मिली बॉलीवुड में पहचान

कोंकणा का करियर इंडिपेंडेंट सिनेमा और मेनस्ट्रीम बॉलीवुड का शानदार मिश्रण है। 2005 में हिंदी डेब्यू पेज 3 से उन्होंने पत्रकार मदहवी शर्मा का रोल निभाया, जो मीडिया की दुनिया पर आधारित थी। इस फिल्म ने तीन नेशनल अवॉर्ड जीते। इसके बाद 2006 की ओमकारा में शेक्सपियर के ओथेलो पर बनी फिल्म में उन्होंने इंदु (लंगड़ा त्यागी की पत्नी) का किरदार निभाया, जो एक गांव की साधारण महिला थी। इसके लिए उन्हें बेस्ट सपोर्टिंग एक्ट्रेस का नेशनल अवॉर्ड और फिल्मफेयर अवॉर्ड मिला। लाइफ इन ए मेट्रो जैसी एंथोलॉजी फिल्म में श्रुति घोष का रोल निभाकर उन्होंने फिर फिल्मफेयर अवॉर्ड जीता। यह फिल्म रिश्तों की उलझनों पर बनी थी। कोंकणा ने वेक अप सिड में रणबीर कपूर के साथ रोमांटिक रोल किया, जहां वे महत्वाकांक्षी लड़की ऐशा बनर्जी बनीं।

## बतौर निर्देशक कोंकणा का करियर

2017 में उन्होंने निर्देशन में डेब्यू किया अ डेथ इन द गंज से, जो एक इंग्लिश ड्रामा थी और जिसने उन्हें बेस्ट डेब्यू डायरेक्टर का फिल्मफेयर अवॉर्ड दिलाया। 2023 में उन्होंने लस्ट स्टोरीज 2 के एक सेगमेंट का निर्देशन किया। कुल मिलाकर कोंकणा को दो राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार और तीन फिल्मफेयर पुरस्कारों सहित कई पुरस्कार मिल चुके हैं।

## कोंकणा की शादी

कोंकणा सेन शर्मा ने अभिनेता रणवीर शौरी से शादी की थी, लेकिन अब वे अलग हो चुके हैं और उनका तलाक हो गया है। उनके बेटे का नाम हारून शौरी है, और वे अपने बेटे की सह-अभिभावक हैं।

## ओटीटी पर कोंकणा का कमाल

वे ओटीटी पर भी सक्रिय हैं, जैसे अजीब दास्तान्स में दलित लेस्बियन वर्कर का रोल किया। हाल ही में उनकी सीरीज द नैना मर्डर केस रिलीज हुई है, जो एक क्राइम थ्रिलर वेब सीरीज है। यह एक कॉलेज छात्रा नैना की रहस्यमयी मौत के इर्द-गिर्द घूमती है। एक एसीपी नैना के हत्यारे को खोजने की कोशिश करती है। यह मशहूर डेनिश सीरीज द किलिंग का भारतीय रूपांतरण है।

मिस्टर एंड मिसेज अय्यर के दौरान उन्होंने तमिल एक्सेंट सीखने के लिए घंटों प्रैक्टिस की। एक सीन में बच्चे को चुप कराने के लिए चिल्लाने वाली मां का रोल इतना रियल था कि क्रू मेंबर्स हंस पड़े, लेकिन डायरेक्टर अपर्णा सेन ने कहा कि यही असली मां का रूप है। वेक अप सिड के लिए उन्हें वजन घटाने की सलाह दी गई, और मूल रूप से तबू को ऑफर हुआ था, लेकिन जोया अख्तर ने कोंकणा को चुना क्योंकि उनकी सादगी कहानी से मैच करती थी। लस्ट स्टोरीज 2 के निर्देशन के दौरान उन्होंने महिलाओं की इच्छाओं पर खुलकर बात की, जो सेट पर सभी को प्रेरित करने वाला था। कोंकणा अक्सर कहती हैं कि सेट पर वे नेचुरल रहना पसंद करती हैं, बिना मेकअप के भी।

# मुरादपुर में अपराधियों और पुलिस के बीच मुठभेड़, अपराधी के पैर में लगी गोली

एजेंसी



**पटना।** राजधानी पटना में गुरुवार सुबह जानीपुर थाना क्षेत्र के मुरादपुर में अपराधियों और पुलिस के बीच मुठभेड़ में पुलिस ने रंगदारी मांगने के आरोपित अपराधी राकेश कुमार को पैर में गोली मारकर घायल कर दिया। घायल राकेश को तुरंत पुलिस की निगरानी में पटना एम्स में भर्ती कराया गया, जहां उसका इलाज जारी है। पुलिस का दावा है कि राकेश एक बैंककर्मी से रंगदारी मांगने के गंभीर मामले में वांछित था और लंबे समय से उसकी गतिविधियों पर पुलिस की नजर थी। जानीपुर थाना पुलिस को सूचना मिली थी कि रंगदारी मांगने वाला आरोपी राकेश कुमार मुरादपुर इलाके में देखा गया है। इसी सूचना के आधार पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची। पुलिस को देखते ही राकेश घबरा गया और मौके से भागने लगा। पुलिस ने उसे रोकने की कोशिश की, लेकिन राकेश ने भागते-भागते पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। अचानक हुई फायरिंग से पुलिस सतर्क हो गई और पलटकर जवाबी कार्रवाई की। पुलिस की ओर से की गई जवाबी फायरिंग में राकेश के पैर में गोली लगी और वह मौके पर ही गिर पड़ा। इसके बाद पुलिस टीम ने उसे तुरंत अपने कब्जे में ले लिया और एंबुलेंस की मदद से एम्स अस्पताल में भर्ती कराया गया। डॉक्टरों के मुताबिक, उसकी स्थिति फिलहाल स्थिर है और इलाज जारी है। पुलिस का कहना है कि घायल अपराधी राकेश कुमार दीघा थाना क्षेत्र का रहने वाला है। उस पर एक बैंककर्मी से रंगदारी की मांग करने का गंभीर आरोप है। बताया जा रहा है कि राकेश लंबे समय से पटना के कई इलाकों में सक्रिय था और स्थानीय लोगों में उसकी दहशत थी। पुलिस को आशंका है कि रंगदारी के अलावा वह अन्य आपराधिक गतिविधियों में भी शामिल रहा हो सकता है। जांच में यह भी सामने आया है कि राकेश अक्सर ठिकाने बदलता था, जिससे उसे पकड़ने में पुलिस को काफी समय लगा। पुलिस कई दिनों से उसकी लोकेशन ट्रैक कर रही थी और आज सुबह उसे पकड़ने के लिए एक विशेष टीम गठित की गई थी। साथियों की तलाश में पुलिस की छापेमारी जारी मुठभेड़ के बाद पुलिस पूरे मामले की बारीकी से जांच कर रही है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि राकेश कुमार अकेले इस अपराध में शामिल नहीं था। पुलिस को शक है कि उसके साथ कई अन्य अपराधी जुड़े हुए हैं, जो रंगदारी के इस नेटवर्क का हिस्सा हो सकते हैं।

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से पूर्व केंद्रीय मंत्री अश्विनी चौबे ने की मुलाकात

एजेंसी



**भागलपुर।** पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता अश्विनी कुमार चौबे ने गुरुवार को नई दिल्ली में देश की उन्नति और गौरव के प्रतीक, विश्व-पटल पर भारत का परचम बुलंद करने वाले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी श से शिष्टाचार भेंट की। यह मुलाकात अत्यंत आत्मीय, प्रेरणादायी तथा हृदय को स्पर्श करने वाली रही। प्रधानमंत्री के स्नेह, आशीर्वाद एवं मार्गदर्शन से नई ऊर्जा एवं उत्साह प्राप्त हुआ। इस अवसर पर चौबे ने पटना के गांधी मैदान में भगवान परशुराम जन्म महोत्सव के अंतर्गत 6 जुलाई को आयोजित सनातन महाकुंभ में पूजित भगवान श्रीराम की प्रतिमा को प्रधानमंत्री को ससम्मान समर्पित किया। इसके साथ ही अंग प्रदेश की प्रसिद्ध मंजूषा पेंटिंग, मिथिला की विख्यात मिथिला पेंटिंग, तथा दोनों की सुंदरता से रचित मिश्रित अंग वस्त्र भी प्रधानमंत्री को भेंट किए। चौबे द्वारा रचित पुस्तकों सनातन संग भारत, सनातन संवाद तथा केदारनाथ की त्रासदी (त्रिनेत्र) की प्रति भी प्रधानमंत्री जी को भेंट की गई।

## संक्षिप्त समाचार

### सैंडिस कंपाउंड में प्रवेश शुल्क से बढ़ी लोगों की परेशानी

**भागलपुर।** भागलपुर के सैंडिस कंपाउंड मैदान में पिछले कुछ महीनों से स्मार्ट सिटी परियोजना के नाम पर प्रवेश शुल्क वसूला जा रहा है। इस वजह से रोजाना सुबह और शाम टहलने आने वाले लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सुबह की सैर पर निकली महिलाओं ने बताया कि मैदान में मूलभूत सुविधाओं का अभाव है। न पीने के पानी की व्यवस्था है न साफ-सफाई न ही बैठने की व्यवस्था। इसके बावजूद शुल्क लेना सही नहीं है। वहीं बुजुर्गों ने इसे नगर निगम का तुगलगी फरमान बताया। उनका कहना है कि जब कंपाउंड में किसी तरह की व्यवस्था उपलब्ध नहीं है तो शुल्क वसूलने का कोई औचित्य नहीं बनता। स्मार्ट सिटी प्रबंधन के अनुसार कंपाउंड में सुबह 8 बजे से शाम 4 बजे तक एंट्री शुल्क लिया जाता है। ठंड के मौसम में देर से घर से निकलने वाले टहलने वालों का कहना है कि यह समय बढ़ाया जाना चाहिए ताकि आम लोगों को असुविधा न हो। लोगों ने स्मार्ट सिटी और नगर निगम से मांग की है कि या तो कंपाउंड में बुनियादी सुविधाएं सुनिश्चित की जाएं या फिर शुल्क वसूली पर पुनर्विचार किया जाए।

### नाई समाज की शैक्षणिक, सामाजिक और राजनीति में भागीदारी जरुरी : निखिल

**पश्चिम चंपारण (बगहा)।** बिहार में नाई समाज आज भी शैक्षणिक, आर्थिक, सामाजिक और आर्थिक रुप से काफी कमजोर है। सूबे और केंद्र की सरकार नाई समाज को उपेक्षित कर रखी है। उक्त बातें कपूर्री सेवा दल बिहार के राष्ट्रीय अध्यक्ष निखिल प्रताप ठाकुर ने कही। वे गुरुवार को पश्चिमी चंपारण जिला के गौनाहा प्रखंड स्थित महात्मा गांधी की सत्याग्रह आंदोलन की धरती भितिहरवा आश्रम से नाई समाज की हक अधिकार के साथ ही सामाजिक-आर्थिक विकास को सुदृढ़ बनाने और नाई समाज को राजनीतिक भागीदारी सुनिश्चित करने की मांग सरकार से की। कार्यक्रम उपरांत नाई समाज के लोगों के साथ उन्होंने महात्मा गांधी की फोटो पर पुष्प अर्पित करते हुए नाई समाज को एससी- एसटी जाति में शामिल करने की शंखनाद की।

## सीएम ने केसरिया में निर्माणाधीन टूरिस्ट फैसिलिटी सेंटर का किया निरीक्षण, बोले -

# टूरिस्ट फैसिलिटी सेंटर का निर्माण जल्द करें पूरा

एजेंसी



**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पूर्वी चंपारण जिला के केसरिया में निर्माणाधीन टूरिस्ट फैसिलिटी सेंटर का निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री ने यहां निर्माण कराए जा रहे ऑडिटोरियम, पर्यटकीय सुविधा आदि के बारे में अधिकारियों से जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस टूरिस्ट फैसिलिटी सेंटर का निर्माण कार्य जल्द से जल्द पूरा करें। केसरिया बौद्ध स्तूप को देखने के लिए बड़ी संख्या में पर्यटक आते हैं। सेंटर के निर्माण से पर्यटकों को सहूलियत होगी और बौद्ध धर्म के विभिन्न आयामों तथा बिहार के गौरवशाली गाथा को वे जान सकेंगे। निमार्णाधीन टूरिस्ट फैसिलिटी सेंटर में 5डी थियेटर बनाया जा रहा है जहां 48 व्यक्तियों के बैठने की सुविधा होगी। यहां महत्वपूर्ण बौद्ध शिक्षाओं से संबंधित फ्रेम प्रदर्शित किए जाएंगे। यह आगंतुकों के लिए परिचयात्मक क्षेत्र के रूप में कार्य करेगा। बिहार पेवेलियन बनाया जाएगा जहां बिहार के ऐतिहासिक विरासत से जुड़े फ्रेम प्रदर्शित किए जाएंगे। राज्य की सांस्कृतिक महत्ता को दशार्नेवाले शैक्षणिक डिस्प्ले का निर्माण किया जाएगा। यहां 90 से अधिक मूर्तियों को विशेष बॉक्सनुमा संरचनाओं में स्थापित किया जाएगा और खुले क्षेत्रों में कलात्मक मूर्तियों को प्रदर्शित किया जाएगा।

साथ ही बिहार के विभिन्न ऐतिहासिक बौद्ध स्मारकों की 8 प्रतिकृतियां भी रखी जाएंगी। इन्हें परिसर के चारों कोनों में स्थापित किया जाएगा। इसके पश्चात मुख्यमंत्री ने केसरिया बौद्ध स्तूप परिसर का भ्रमण कर वहां के पर्यटकीय सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि हमलोगों ने केसरिया बौद्ध स्तूप को सुरक्षित रखने एवं विकसित करने के लिए अनेक काम कराए हैं। इस परिसर को सुरक्षित रखें, इसका रख-रखाव एवं विकास के लिए कार्य करें। साथ ही पर्यटकीय सुविधाओं का भी ख्याल रखें। मुख्यमंत्री ने ग्राम ताजपुर स्थित हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर का भी निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने वहां की चिकित्सकीय सुविधाओं की जानकारी ली। साथ ही हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर के विभिन्न भागों की साफ-सफाई, मेडिकल सुविधा और दवा की उपलब्धता, निःशुल्क टीकाकरण आदि के बारे में वहां के चिकित्सक से बातचीत की। मुख्यमंत्री ने वहां मौजूद लाभुकों को आयुष्मान कार्ड वितरित किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि यहां इलाज के लिए आनेवाले मरीजों को इलाज में किसी प्रकार की असुविधा न हो इसका ख्याल रखें। सेंटर से जुड़नेवाली सड़क का और चौड़ीकरण करें ताकि यहां पहुंचने में सहूलियत हो। मुख्यमंत्री ने उच्च माध्यमिक विद्यालय, ताजपुर के मैदान में लगे विभिन्न स्टॉलों का निरीक्षण किया। वहां मौजूद ग्रामवासियों का हालचाल पूछा। जीविका दीदी, रसोइया, आंगनबाड़ी सेविका, ममता कार्यकर्ता, विकास मित्र, तालिमी मरकज और टोला सेवकों से बातचीत की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि आप सभी अच्छे से काम करते रहें, आपकी सुविधाओं का ख्याल रखा जा रहा है।

## एसटीईटी अभ्यर्थियों का बिहार बोर्ड ऑफिस के बाहर प्रदर्शन

**पटना।** पटना में गुरुवार को स्टेट टीचर एलिजिबिलिटी टेस्ट (एसटीईटी) अभ्यर्थियों ने बिहार बोर्ड ऑफिस के बाहर जोरदार प्रदर्शन किया। बड़ी संख्या में जुटे अभ्यर्थियों ने बोर्ड ऑफिस गेट का घेराव करते हुए रिवाइज्ड आंसर की जारी करने और लंबित नोटिफिकेशन की तत्काल घोषणा की मांग की। अभ्यर्थियों ने आरोप लगाया कि परीक्षा से जुड़े अपडेट को लेकर बोर्ड स्पष्ट जानकारी नहीं दे रहा है। उनका कहना है कि बार-बार यह कहा जा रहा है कि दो दिनों में नोटिफिकेशन जारी होगा, लेकिन कई दिनों से कोई आधिकारिक सूचना सामने नहीं आई। परीक्षार्थियों ने यह भी दावा किया कि प्रश्नपत्र में 21 सवाल सिलेबस से बाहर थे, जिसके लिए ग्रेस मार्क्स दिए जाने चाहिए। कई अभ्यर्थियों का कहना है कि उन्होंने पहले भी आंसर की में गड़बड़ियों को लेकर आपत्तियां दर्ज कराई थीं, लेकिन न तो रिवाइज्ड आंसर की जारी की गई और न ही उनकी शिकायतों पर कोई ठोस कार्रवाई हुई। गलत उत्तर कुंजी के कारण हजारों अभ्यर्थियों के अंक प्रभावित हो रहे हैं, जिससे नियुक्ति प्रक्रिया भी ठप पड़ी है। अभ्यर्थियों ने बताया कि 27, 28 और 29 नवंबर को भी उन्होंने बोर्ड ऑफिस का घेराव किया था, लेकिन अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। इसी वजह से विरोध और तेज कर दिया गया है। प्रदर्शन कर रहे अभ्यर्थियों ने कहा कि प्रदर्शन पहले की तुलना में बड़ा होगा। विभिन्न जिलों से अभ्यर्थी पटना पहुंच रहे हैं। उनका कहना है कि जब तक रिवाइज्ड आंसर की जारी नहीं होती और नोटिफिकेशन की स्पष्ट समय-सीमा नहीं दी जाती, तब तक उनका आंदोलन जारी रहेगा।

## बिहपुर विधायक ने केंद्रीय रेल मंत्री से की मुलाकात, सौंपा ज्ञापन



**भागलपुर।** बिहपुर के भाजपा विधायक ई.शैलेंद्र ने नई दिल्ली में गुरुवार को केंद्रीय रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने पूर्व मध्य रेलवे के सोनपुर मंडल के अन्तर्गत बरौनी कटिहार रेलखंड स्थित थाना बिहपुर रेलवे स्टेशन और रेलक्षेत्र के उत्थान, विकास और रेलयात्री सुविधा को लेकर मांगपत्र सौंपा। विधायक की मांग पर रेलमंत्री ने त्वरित साकारात्मक पहल करने की बात कही। विधायक ने रेलमंत्री को बताया कि व्यापारिक और आर्थिक दृष्टिकोण से थाना बिहपुर एक महत्वपूर्ण रेलवे स्टेशन है। यह क्षेत्र गेहूं, मक्का, केला, लीची, आम समेत सब्जी का बहुत बड़ा उत्पादन क्षेत्र/हब है। यहां कि किसानों को अपने उत्पादित सामान को दूसरे जगह भेजने के लिए दूसरे रेलवे स्टेशन के रैक प्वाइंट और मालगोदाम पर आश्रित होना पड़ता है। जबकि यहां मालगोदाम के पास माल उतारने चढ़ाने और भंडारण के लिए पर्याप्त जगह उपलब्ध है। मालगोदाम चालू हो जाने से रेलवे के राजस्व में वृद्धि होगी एवं इस क्षेत्र के किसानों को भी अपने उत्पादित माल को दूसरे जगह में भेजने में काफी सुविधा होगी एवं उचित लाभ भी मिलेगा। विधायक ई.शैलेंद्र ने किसानों व व्यवसाईयों के हितों को ध्यान में रखते हुए थाना बिहपुर रेलवे स्टेशन के बंद पड़े मालगोदाम को यथाशीघ चालू कराने की मांग किया। इस मौके पर प्रो.गौतम औल रूपेश रूप मौजूद थे।

## संवेदक पर मनमानी और धमकी देने का आरोप

**भागलपुर।** भागलपुर में संवेदक पर मनमानी करने और धमकी देने का आरोप लगा है। शीतला स्थान चौक दिनेश्वर धाम मंदिर के पास वार्ड नंबर 46 में नाला निर्माण रुकने से स्थानीय लोग परेशान है। जब सौम्या आदर्श (अधिवक्ता) ने इस बात की जानकारी संवेदक से लेनी चाही तो उन्होंने फोन पर ही एफआईआर करने की धमकी दे डाली। उसके बाद सौम्या आदर्श द्वारा नगर आयुक्त एवं जिला पदाधिकारी को दिए गए आवेदन में ठेकेदार पर गंभीर आरोप लगाए गए हैं। आवेदन में कहा गया है कि शहर के शीतला स्थान चौक दिनेश्वर धाम मंदिर भागलपुर इलाके में नाला निर्माण का काम चल रहा है, लेकिन संवेदक द्वारा मनमानी तरीके से गड्ढा खोदकर कार्य अधूरा छोड़ दिया गया, जिससे स्थानीय लोगों को आने-जाने में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। आवेदन के अनुसार, 9 दिसंबर को संवेदक द्वारा अचानक रास्ता खोदकर छोड़ देने से क्षेत्रवासियों को काफी परेशानी झेलनी पड़ी।

## महिषी की बेटी निशा की लिवर ट्यूमर के इलाज में कंप्यूटर साइंस के प्रयोग पर लंदन से शोध प्रकाशित

एजेंसी



**सहरसा।** मेडिकल कंप्यूटर की प्रतिष्ठित रिसर्च जर्नल न्यूरोकम्प्यूटिंग में यूनाईटेड किंगडम लन्दन से प्रकाशित शोध पत्र में बिहार महिषी सहरसा की बेटी निशा की रिसर्च पेपर को प्रमुखता के साथ प्रकाशित किया गया, जिसमें विश्व के दर्जनों उच्च स्थान रखने वाले शोधार्थियों का नव प्रयोग को दशार्या गया है।निशा द्वारा तैयार किया शोध पत्र डाटा एफिशिएंट डीप लर्निंग फॉर लिवर एंड लिवर ट्यूमर सेगमेंटेशनः ए कॉम्प्रिहेंसिव सर्वे विषय पर केंद्रित है। बनारस हिंदू विश्वविद्यालय (बीएचयू) से कंप्यूटर साइंस में पीएचडी कर रही निशा पटना साइंस कॉलेज और पटना विमेंस कॉलेज से क्रमशः एमसीए व बीसीए है। प्रारंभिक शिक्षा पटना से पूर्ण कर चुकी निशा मूल रूप से महिषी गांव से संबंध रखती हैं। हिन्दी भाषा व साहित्य के मूर्धन्य विद्वान और गांधीवादी स्वर्गीय यदुवीर चौधरी की कनिष्ठ सुपौत्री और सेवानिवृत बैंक अधिकारी प्रफुल्ल कुमार चौधरी उर्फ कुमारजी की सबसे छोटी आत्मजा है। स्वर्गीय यदुवीर चौधरी हिन्दी संकाय राजकीय संस्कृत महाविद्यालय, रांची से 1993 में सेवानिवृत होने के उपरांत अपने मूलग्राम महिषी में ही प्रवास करते थे। स्वतंत्रता के पूर्व से ही शिक्षक पद पर आसीन पंडित लक्ष्मीकांत चौधरी के एकमात्र पुत्र यदुवीर चौधरी अपने विद्वत्ता, गांधीवादी सोच और सैद्धांतिक प्रवृत्ति के महापुरुष थे।

## बाइक सवार को बचाने में अनियंत्रित हुई कार, बाल-बाल बचे कार सवार

एजेंसी

**भागलपुर।** जिले के तिलकामांझी थाना के सामने गुरुवार को एक बड़ा सड़क हादसा होतेझहोते टल गया। जीरोमाइल की ओर से आ रही एक तेज रफ्तार कार तिलकामांझी चौक की तरफ बढ़ रही थी, तभी अचानक सामने आए एक बाइक सवार को बचाने के प्रयास में कार अनियंत्रित हो गई। तेज झटके के साथ कार सड़क किनारे लगे पोल से टकराई और फिर लगभग 40 मीटर तक कई बार पलटते हुए सड़क पर फिसलती चली गई। हादसा इतना भीषण था कि कार के चारों चक्के ऊपर की ओर हो गए और एक टायर उखड़कर दूर जा गिरा। गाड़ी का आगे का हिस्सा पूरी तरह चकनाचूर हो गया। कार चला रहे सॉफ्टवेयर इंजीनियर और ज्योति विहार कॉलोनी निवासी प्रेम कुमार अपने परिचित से मिलने जा रहे थे। हादसे के दौरान कार कई बार पलटी लेकिन चमत्कारिक रूप से प्रेम कुमार बालझबाल बच गए। उन्हें केवल हल्की चोटें आई हैं। चूंकि हादसा तिलकामांझी थाना के ठीक सामने हुआ इसलिए पुलिस तुरंत मौके पर पहुंच गई। पुलिस कर्मियों ने काफी मेहनत के बाद प्रेम कुमार को कार से बाहर निकाला।

# सिपाही भर्ती परीक्षा में सल्वर गिरोह के चार आरोपी गिरफ्तार

एजेंसी



**डेहरी इन सोन।** रोहतास जिले के डेहरी स्थित परीक्षा केंद्र डीएवी पब्लिक स्कूल कटार डेहरी में चालक सिपाही भर्ती परीक्षा में सचिवालय पटना के वरीय कोषागार पदाधिकारी बन परीक्षा में परीक्षार्थी को नकल कराते व्यक्ति,परीक्षार्थी,प्रश्न पत्र हल करने वाले युवक समेत चार को अनुमंडल पदाधिकारी नीलेश कुमार के निर्देश पर जांचोपरांत पकड़ा गया है। एएसपी अतुलेश झा ने आज पत्रकारों को बताया कि पकड़ा गया कथित कोषागार पदाधिकारी अशोक कुमार सिंह पुलिस के कड़ी पूछ ताछ में पटना महेंद्रू में प्रशिक्षण केंद्र (कोचिंग सेंटर)के शिक्षक खुद को बताया है। इसके साथ जिला प्रशासन रोहतास का बोर्ड लगा स्कॉर्पियो पंजीयन संख्या बीआर 22पी 8266 पकड़ा गया है। इसके साथ परीक्षार्थी जहानाबाद जिला के घोसी थाना क्षेत्र निवासी विकास कुमार प्रश्न पत्र हल करने वाला युवक इसी थाना क्षेत्र के सुलेमानपुर गांव निवासी संतोष कुमार यादव और वाहन चालक रमेश कुमार को इंद्रपुरी थानाध्यक्ष प्रियंका कुमारी गुप्ता पुलिस हिरासत में थाने लाई है।परीक्षार्थी और कथित पदाधिकारी को रुपए पर सेटिंग करने वाला सरगना गोलू कुमार फरार है। उन्होंने बताया कि परीक्षा से एक दिन पूर्व ही कथित पदाधिकारी परीक्षा केंद्र का निरीक्षण कर गया था।परीक्षा के दिन केंद्र पर तैनात दंडाधिकारी समेत सभी कर्मियों को अव्यवस्था को लेकर जमकर हड़काया और चिन्हित परीक्षार्थी के निकट पहुंच उसे कदाचार करने का आरोप लगा अंक पत्र के साथ बाहर लाया।आधा घंटा तक वापस परीक्षा कक्ष में नहीं लौटने पर विक्षक ने केंद्राधीक्षक को सूचना दी।दोनो की खोजबीन होने लगी।

# युवा वैज्ञानिक डॉ. राज सरदार ने खोज निकाली प्लास्टिक खाने वाली नई बैक्टीरिया

एजेंसी



**सहरसा।** कोसी के लाल डॉ. राज सरदार ने कमाल कर अपने नए शोध में जटिल व मजबूत प्लास्टिक को जैविक विधि से खाने वाली नई बैक्टीरिया का पता लगाया हैं। डॉ. सरदार के नए शोध में सूक्ष्म जीव द्वारा प्लास्टिक को खाने वाली मेटाबेसिलस निबेंसिस नामक दूसरी एक्सट्रीमोफिलिक बैक्टीरिया का खोज किया हैं। माइक्रोबायोलॉजी विषय के विशेषज्ञ डॉ. राज सरदार सहरसा नगर निगम के वार्ड नं नौ, नरियार निवासी एवं स्व.अमरनाथ सरदार व समाजसेवी त्रिफुल देवी के सुपुत्र हैं । इंडियन इंक्लूसिव पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता डॉ धनोज कुमार एवं सहरसा कांग्रेस के युवा नेता सह मीडिया एंड आई टी सेल के सचिव आशीष कुमार ने पर्यावरण प्रदुषण के उपाय की दिशा में डॉ. सरदार को इस शानदार खोज के लिए बधाई और शुभकामना दिए है। डॉ. सरदार की यह महत्वपूर्ण डिस्कवरी स्विट्जरलैंड से फ्रंटियर्स मेडीसा प्रकाशक के द्वारा उच्च मानक क्यू-वन रैंक के अंतराष्ट्रीय जर्नल फ्रंटियर्स इन माइक्रोबायोलॉजी में प्रकाशित किया हैं। प्रकाशन से पूर्व इस डिस्कवरी की मूल्यांकनऔर सत्यापन हेतु नियुक्त अतातुर्क यूनिवर्सिटी तुर्की, के प्रोफेसर मूरत ओज्दल ने अपनी समीक्षा अनुशंषा एडिटर जिनवै झेंग यूनाइटेड किंगडम को सौपीं थी। मेटाबेसिलस निबेंसिस आंतरिक मेटाबोलिक रिमॉडलिंग कर प्लास्टिक विघटन हेतु आवशयक एन्जाइम्स बनाता है जिसके मदद से प्लास्टिक को विखंडित कर छोटे छोटे टुकड़ों में खंडित कर देता है। इस सूक्ष्म प्लास्टिक को जीवाणु स्वयं के लिए कार्बन एवं ऊर्जा के श्रोत के रूप में उपयोग कर प्लास्टिक के आण्विक भार को 3.3 प्रतिशत तक कम करता है साथ ही बायो मास में बृद्धि करता है । ये दर किसी अन्य शोध परिणाम की तुलना में दुगुना हैं । यह डिस्कवरी पर्यावरण के लिए काफी महत्वपूर्ण हैं क्युकी दुनियाभर में बढ़ते हुए प्लास्टिक कचरा का करीब दस फीसदी ही रिसायकल किया जाता हैं।बांकी के प्लास्टिक मृदा, नदी और समंदर को प्रदूषित करता हैं जिसके वजह से जहरीली गैसे, बंजर भूमि और आमजन के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल असर परता हैं। भारत में करीब दस मिलियन टन प्लास्टिक प्रतिवर्ष उत्पादन हो रहा है ।युवा वैज्ञानिक डॉ. राज सरदार, दक्षिण बिहार केंद्रीय विश्वविद्यालय के पर्यावरण विभाग में कार्यरत हैं तथा पिछले दो दशक से रिसर्च, अध्यन व अध्यापन कार्यों में जुड़े हैं।

# नल के पाइप को लेकर दो पक्षों में भिड़ंत, चार लोग घायल

एजेंसी



**भागलपुर।** जिले के कहलगांव थाना क्षेत्र के शांतिनगर गांव में गुरुवार को नल का पाइप तोड़ने को लेकर दो पक्षों के बीच विवाद हो गया। मामूली कहासुनी कुछ ही मिनटों में मारपीट में बदल गई, जिसके बाद दोनों ओर से लाठी-डंडे चलने लगे। इस घटना में नित्यानंद मंडल (45), ऋषभ राज, कुंदन कुमार और ऋषभ कुमार गंभीर रूप से घायल हो गए। हंगामे की सूचना मिलते ही स्थानीय ग्रामीण मौके पर जुटे और किसी तरह बीच-बचाव कर घायलों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया। इसके बाद 112 पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस टीम तुरंत गांव पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया। सभी घायलों को कहलगांव थाना लाया गया, जहां उनकी इंजरी कटाई की प्रक्रिया पूरी की गई। बाद में इलाज के लिए उन्हें कहलगांव अनुमंडल अस्पताल भेजा गया। जहां डॉक्टर आशुतोष कुमार की निगरानी में उनका उपचार किया गया। डॉक्टरों के अनुसार सभी को गंभीर चोटें आई हैं, हालांकि फिलहाल उनकी हालत स्थिर है। ग्रामीणों ने बताया कि गांव में नल के संचालन को लेकर आए दिन तनाव की स्थिति बनती रहती है। लेकिन इस बार विवाद हाथापाई में बदल गया। पुलिस ने दोनों पक्षों से पूछताछ शुरू कर दी है और मामले की जांच जारी है। थाना प्रभारी शियमला कुमार ने बताया कि दोषियों पर आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी। साथ ही उन्होंने लोगों से अपील की है कि छोटे-मोटे विवाद को बढ़ाने के बजाय आपसी समझदारी से हल करें और शांति बनाए रखें।

# नैना देवी हिमालयन बर्ड रिजर्व में चार दिवसीय पक्षी सर्वे शुरू

एजेंसी

**नैनीताल।** नैनीताल वन प्रभाग में पक्षी एवं जैव विविधता संरक्षण को प्रोत्साहित करने के लिए आज से चार दिवसीय पक्षियों एवं जैव विविधता के सर्वेक्षण शुरू हो गया। 14 दिसंबर तक चलनेवाले इस कार्यक्रम में नौ राज्यों के 34 बर्ड वॉचर प्रतिभाग कर रहे हैं। वन विभाग के अनुसार इस सर्वे से प्रभाग की पक्षी विविधता और पारिस्थितिक तंत्र की वास्तविक स्थिति का अद्यतन वैज्ञानिक आंकड़ा प्राप्त होगा, जो भविष्य की संरक्षण नीतियों के लिए उपयोगी सिद्ध होगा। प्रभागीय वनाधिकारी एवं प्राणी उद्यान के निदेशक आकाश गंगवार के निर्देशन और ओरियनटल ट्रेल के सहयोग से तीसरी बार इसका आयोजन किया जा रहा है। इस सर्वेक्षण में महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश, गुजरात, राजस्थान, उत्तर प्रदेश सहित नौ राज्यों से




आये 34 बर्ड वॉचर प्रतिभाग कर रहे हैं। सर्वेक्षण के शुभारंभ पर ओरियनटल ट्रेल के संस्थापक अमित सांकल्य ने प्रतिभागियों को सर्वे की रूपरेखा और पद्धति की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बेहतर समन्वय के लिए बर्ड वॉचरों को आठ समूहों में विभाजित किया गया है, जो नैनीताल वन प्रभाग के विभिन्न क्षेत्रों-हिमालयन बोटैनिकल गार्डन, नैना देवी हिमालयन बर्ड कंजर्वेशन रिजर्व, भवाली, महेशखान, विनायक, कुंजाखड़क, मुक्तेश्वर और चॉफी में सर्वेक्षण कर रहे हैं। सर्वेक्षण दलों में हिमालयन बॉटनिकल गार्डन में 4, किलबरी में 6, विनायक में 6, कुंजाखड़क में 5, भवाली में 4, महेशखान में 5, मुक्तेश्वर में 2 और चॉफी क्षेत्र में 2 बर्ड वॉचर शामिल किए गए हैं। अभियान में वन क्षेत्राधिकारी आनन्द लाल, नितिन पंत, मनोज भगत, अभय जोशी, वन आरक्षी अरविंद कुमार, नितिन मुकेश व आनंद सिंह सहित विभिन्न वन क्षेत्रों के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. रजनी रावत ने किया।

# ओली ने सरकार और जेन जी समूह के बीच हुए समझौते को निरर्थक नाटक बताया

एजेंसी

**काठमांडू।** पूर्व प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली ने गुरुवार को अंतरिम सरकार और जेन जी पीपल्स मूवमेंट के प्रतिनिधियों के बीच हुए 10 बिंदुओं वाले समझौते को 'निरर्थक नाटक' करार देते हुए कड़ी आलोचना की है। उन्होंने कहा कि सरकार के पास जेन जी समूहों के साथ इस तरह की वार्ता करने का कोई वैध अधिकार नहीं है। संपादकों के साथ एक कार्यक्रम में ओली ने कहा कि यह समझौता व्यवहार में पहले ही खारिज हो चुका है। ऐसे दस्तावेजों को न मान्यता मिलनी चाहिए और न ही इन्हें स्वीकार किया जाना चाहिए।



ओली का कहना था कि हम इस निरर्थक नाटक को किसी भी रूप में स्वीकार नहीं करेंगे। इस समझौते में 8-9 सितंबर के जेन जी प्रदर्शनों में मारे गए व्यक्तियों को शहीद घोषित करने, उनके परिवारों को राहत देने, घायलों को निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाएं, शिक्षा, रोजगार और सामाजिक सुरक्षा उपलब्ध कराने तथा शहीद स्मारक फाउंडेशन स्थापित करने की व्यवस्था भी शामिल है। समझौते में मानवाधिकार उल्लंघनों की जांच, राज्य संस्थानों पर दलगत प्रभाव कम करना, चुनाव में नन ऑफ द अबव विकल्प लागू करना, प्राइमरी चुनाव कराना और उम्मीदवार बनने की न्यूनतम आयु 21 वर्ष तय करने जैसे प्रावधान भी शामिल हैं। समझौते में सरकार को परामर्श देने के लिए जेन जी काउंसिल बनाने का प्रावधान भी है।

## संक्षिप्त समाचार

### संघ की सेवा की विरासत पर हम सभी को गर्व : विजेन्द्र गुप्ता

**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा के अध्यक्ष विजेन्द्र गुप्ता ने गुरुवार को कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पिछले 100 वर्षों से त्याग, तपस्या और अनुशासन के साथ समाज और राष्ट्र के उत्थान के लिए कार्य कर रहा है। उसकी यह यात्रा सेवा और समर्पण से आगे बढ़ी है। हम सभी को संघ की सेवा की इस विरासत पर गर्व होना चाहिए। विजेन्द्र गुप्ता ने यह बात यहां के इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र (आईजीएनसीए) के समवेत सभागार में आयोजित सामाजिक-सांस्कृतिक चेतना और संघ विषयक कार्यक्रम में कही। यह कार्यक्रम हिन्दुस्थान समाचार समूह की ओर से संघ की स्थापना के 100 वर्ष पूरे होने पर आयोजित किया गया, जिसका मुख्य उद्देश्य देश में सामाजिक और सांस्कृतिक चेतना को जागृत करना तथा संघ के योगदान को लोगों के सामने लाना है। कार्यक्रम में हिन्दुस्थान समाचार समूह की दो पत्रिकाओं- नवोत्थान मासिक के अंक संघ शताब्दी : नए क्षितिज और युगवार्ता पाक्षिक के विशेषांक नींव के पत्थर का विमोचन हुआ।

### दिल्ली में 13 नए राजस्व जिलों के गठन को कैबिनेट की मंजूरी

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार ने राजधानी में प्रशासनिक कार्यों को अधिक कुशल, सुगम और नागरिक केंद्रित बनाने की दिशा में एक बड़ा और ऐतिहासिक निर्णय लिया है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में दिल्ली के मौजूदा 11 राजस्व जिलों का पुनर्गठन करते हुए 13 नए राजस्व जिलों के गठन को मंजूरी प्रदान की गई। यह निर्णय शासन को सरल, पारदर्शी और समन्वित बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण सुधार माना जा रहा है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि दिल्ली के प्रशासनिक ढांचे को मजबूत बनाने का यह निर्णय वर्षों से लंबित था, जिसे किसी भी सरकार ने निपटाने का प्रयास नहीं किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि जिला प्रशासन किसी भी शासन का केंद्र बिंदु होता है और जनता के जीवन में सरकार की सबसे नजदीकी इकाई है। दिल्ली की तेजी से बढ़ती आबादी, निर्माण गतिविधियों, शहरी विस्तार और नागरिक सेवाओं की जटिलताओं को देखते हुए जिला प्रशासन को और अधिक संगठित, प्रभावी और जवाबदेह बनाना समय की जरूरत था।

# कृषि विद्यार्थी तकनीक व नवाचारों के जरिए बनें राष्ट्र निर्माण के ध्वजवाहक : सिंधिया

**कृषि विश्वविद्यालय के 11वें दीक्षांत समारोह में कृषि विद्यार्थियों को 543 उपाधियां और 4 स्वर्ण पदक प्रदान किए गए**

एजेंसी


**ग्वालियर।** मध्य प्रदेश के ग्वालियर स्थित राजमाता विजयाराजे सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय के 11वें दीक्षांत समारोह में गुरुवार को केन्द्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया शामिल हुए। समारोह में उपाधियां प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए सिंधिया ने कहा कि आज से आप सबकी जिंदगी का नया अध्याय शुरू होने जा रहा है। विश्वविद्यालय में अर्जित ज्ञान, आत्मविश्वास एवं गुरुजनों द्वारा दिया गया मार्गदर्शन आप सबके सुखद भविष्य का निर्माण करेगा। उन्होंने कहा कि कृषि विद्यार्थियों के लिये नवाचार, साझेदारी और किसानों के प्रति संवेदनशीलता सफलता के प्रमुख आधार हैं। आप सब तकनीक व नवाचारों के जरिए राष्ट्र निर्माण के




ध्वजवाहक बनकर उभरें।

समारोह में प्रदेश के कृषि मंत्री एदल सिंह कंषाना, ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर, कृषि वैज्ञानिक चयन मंडल नई दिल्ली के अध्यक्ष डॉ. संजय कुमार, विश्वविद्यालय के कुलगुरू प्रो. अरविंद कुमार शुक्ला एवं विधायक नरेन्द्र सिंह कुशवाह सहित विश्वविद्यालय प्रमंडल के अन्य सदस्यगण, छात्र-छात्रायें एवं उनके परिजन शामिल हुए। दीक्षांत समारोह में स्नातक के 257, स्नातकोत्तर के 256 एवं पीएचडी के 30 विद्यार्थियों सहित कुल 543 विद्यार्थियों को उपाधियां प्रदान की गईं। साथ ही विश्वविद्यालय की 4 छात्राओं को स्वर्ण पदक से सम्मानित किया गया। इनमें स्नातक की दो, स्नातकोत्तर की एक व पीएचडी की एक छात्रा शामिल है। केन्द्रीय मंत्री सिंधिया ने उपाधियां प्राप्त करने वाले सभी विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं और कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में विकसित भारत का संकल्प तभी पूरा होगा, जब कृषि को डिजिटल, तकनीक और एआई की शक्ति मिलेगी। उपाधि प्राप्त करने वाले विद्यार्थी इस दिशा में आगे आएं। उन्होंने तीन सूत्रों विजन (दृष्टि), कोलाबोरेशन (सहयोग) व कॉम्पेशन (संवेदनशीलता) के माध्यम से विद्यार्थियों को सफलता के गुर बताए। उन्होंने कहा कि अच्छे विजन से विद्यार्थी कृषि के साथ-साथ अन्य क्षेत्रों में आगे बढ़ सकते हैं। इसी तरह सफलता के लिये कोलाबोरेशन अर्थात टीम के साथ सामूहिक सहयोग जरूरी होता है। अच्छी टीम गठित कर कार्य को बेहतर ढंग से पूरा किया जा सकता है। इन सबके लिये कॉम्पेशन अर्थात करुणा व संवेदनशीलता भी जरूरी है। उन्होंने कहा कि नौजवानों के लिये वर्तमान में सबसे अनुकूल समय है। भारत अंतरिक्ष से लेकर तकनीक के क्षेत्र में इतिहास रच रहा है। इस सुअवसर का विद्यार्थी फायदा उठायें। विद्यार्थी आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस (एआई) व ड्रोन तकनीक को कृषि के क्षेत्र में प्रमुखता से अपनाएं।

## अमेरिका में राष्ट्रपति ने किया ट्रंप गोल्ड कार्ड लॉन्च, सरकारी खजाने में भारी बढ़ोतरी का दावा




**वॉशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ट्रंप गोल्ड कार्ड के नाम से नया वीजा प्रोग्राम शुरू किया है।इसकी घोषणा करते हुए बुधवार को उन्होंने कहा कि लोग इस गोल्ड कार्ड नागरिकता के लिए आवेदन कर सकेंगे। ट्रंप का दावा है कि नए वीजा प्रोग्राम से अमेरिकी खजाने में अरबों डॉलर की बढ़ोतरी होगी। ट्रंप ने वॉइट हाउस के रूजवेल्ट रूम में बिजनेस लीडर्स की मौजूदगी में इस बहुप्रतीक्षित योजना की घोषणा की। उन्होंने ट्रुथ सोशल पर लिखा, 'अमेरिकी सरकार का ट्रंप गोल्ड कार्ड आज आ गया। सभी योग्य और वेरिफाइड लोगों के लिए नागरिकता का सीधा रास्ता।अमेरिकी कंपनियां अपनी प्रतिभाओं को अपने पास रख पाएंगी। लाइव साइट 30 मिनट में खुलेगी।' इस कार्ड को लॉन्च करते हुए अमेरिकी राष्ट्रपति ने दावा किया कि यह ग्रीन कार्ड जैसा है लेकिन इससे फायदा कहीं ज्यादा है।इससे आने वाला अरबों डॉलर अमेरिकी सरकार के खजाने में जाएगा। उन्होंने कहा कि यह हमारे देश में प्रतिभाशाली लोगों को लाने का मौका देगा। 'ट्रंप गोल्ड कार्ड' के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू हो गई है। इसकी आधिकारिक वेबसाइट पर इच्छुक लोग आवेदन कर सकते हैं। ट्रंप गोल्ड कार्ड पाने के लिए व्यक्तिगत आवेदकों को 10 लाख डॉलर (1 मिलियन डॉलर) देना होगा। भारतीय करेंसी में इसका मूल्य करीब 9 करोड़ रुपये है। जबकि कंपनियों द्वारा प्रायोजित आवेदकों के लिए यह राशि 20 लाख डॉलर है, जिसकी भारतीय करेंसी में मूल्य करीब 18 करोड़ रुपये है। इसके साथ 15,000 डॉलर की नॉन-रिफंडेबल प्रोसेसिंग फीस भी देनी होगी।

## बांग्लादेश के वित्त सलाहकार डॉ. सालेहुद्दीन 6 घंटे बाद मुक्त, कर्मचारियों ने कार्यालय में बनाया था बंधक



**ढाका।** बांग्लादेश में बुधवार दोपहर कार्यालय में बंधक बनाए गए वित्त सलाहकार डॉ. सालेहुद्दीन अहमद को रात करीब 8 बजे पुलिस की मदद से बाहर निकला गया। विभिन्न मंत्रालयों और विभागों के कर्मचारियों ने वित्त सलाहकार डॉ. अहमद को उनके कार्यालय में ही बंधक बना लिया था। कर्मचारियों का आरोप है कि सरकार उनकी मांगों को नजरअंदाज कर रही है। ढाका ट्रिब्यून के मुताबिक बांग्लादेश के प्रशासनिक हलकों में बुधवार दोपहर करीब 02 बजे उस समय हलचल मच गई जब विभिन्न मंत्रालयों और विभागों के कर्मचारियों ने वित्त सलाहकार डॉ. सालेहुद्दीन अहमद को सचिवालय स्थित उनके कार्यालय में बंधक बना लिया। सचिवालय की चौथी मंजिल पर प्रदर्शनकारी कर्मचारियों ने सलाहकार के कार्यालय के बाहर नाकाबंदी कर दी थी। प्रदर्शनकारी सभी सरकारी कर्मचारियों को 20 प्रतिशत विशेष भत्ता दिए जाने की मांग कर रहे हैं। घटनाक्रम के मुताबिक प्रदर्शनकारी कर्मचारियों ने वित्त सलाहकार को उनके कार्यालय में गुरुवार तक मांगें पूरी किए जाने की बात कह कर वार्ता के लिए बुलाया। उनके कार्यालय पहुंचने के बाद प्रदर्शनकारी तत्काल मांगें पूरी करने पर अड़े रहे। प्रदर्शनकारी कर्मचारियों का कहना था कि सरकार जबतक गजट अधिसूचना जारी नहीं करती वे पीछे नहीं हटेंगे। प्रदर्शनकारियों ने उनके कार्यालय की नाकेबंदी कर दी। आखिरकार रात करीब 8 बजे पुलिस की मदद से उन्हें बाहर निकाला गया। कर्मचारियों का यह प्रदर्शन ऐसे समय में हो रहा है जब अंतरिम सरकार के गठन के बाद कर्मचारियों में असंतोष तेजी से बढ़ रहा है। बांग्लादेशी अर्थशास्त्री सालेहुद्दीन अहमद अगस्त 2024 से बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के वित्त सलाहकार हैं। वे बांग्लादेश बैंक के पूर्व गवर्नर भी हैं।

# प्रसिद्ध अभिनेता धर्मेन्द्र की याद में श्रद्धांजलि सभा आयोजित, अमित शाह सहित केंद्रीय मंत्री पहुंचे

एजेंसी

**नई दिल्ली।** केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, केंद्रीय मंत्रियों, सांसदों और फिल्म जगत से जुड़े अन्य लोगों ने बुधवार को प्रसिद्ध अभिनेता धर्मेंद्र की स्मृति में दिल्ली के अंबेडकर इंटरनेशनल सेंटर में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में अपनी भावांजली अर्पित की। धर्मेंद्र की पत्नी और भाजपा सांसद हेमा मालिनी ने श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया था। उन्होंने कहा कि उनका जाना उनके लिए एक अपूरणीय व्यक्तिगत क्षति है। गृह मंत्री ने इस अवसर पर कहा कि धर्मेंद्र ने अपनी बेजोड़ अभिनय कला से देशवासियों के दिलों में अमिट स्थान बनाया और उनकी लोकप्रियता भाषा, क्षेत्र और पीढ़ियों की सीमाओं को पार कर जन-जन के मन में बस गई। उन्होंने कहा कि भारतीय सिनेमा जगत को इस महान अभिनेता की कमी हमेशा खलती रहेगी। उल्लेखनीय है कि प्रसिद्ध अभिनेता धर्मेंद्र दयोल का मुंबई में 24 नवंबर को 89 वर्ष की आयु में निधन हो गया था। ओम बिरला ने कहा कि धर्मेंद्र अपनी सरलता, विनम्रता और लोकसेवा की भावना के कारण पीढ़ियों तक लोगों के हृदय स्पर्श करते रहेंगे। भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी. नड्डा ने धर्मेंद्र को भाजपा का गौरव बताते हुए कहा कि उनकी जीवन यात्रा देशवासियों को प्रेरित करती रहेगी। केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने भी प्रार्थना सभा में भाग लिया।

# संघ को जानने के लिए कार्यकर्ता और कार्यपद्धति दोनों को समझना आवश्यक : इंद्रेश कुमार

एजेंसी

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ प्रचारक एवं अखिल भारतीय कार्यकारणी के सदस्य इंद्रेश कुमार ने गुरुवार को कहा कि संघ को जानने के लिए उसके कार्यकताओं के साथ ही उसकी कार्यपद्धति को भी समझना आवश्यक है। हमारे यहां समृद्धि को नहीं बल्कि चरित्र को श्रेष्ठ माना जाता है। इंद्रेश कुमार संघ की स्थापना के 100 वर्ष पूरे होने पर यहां के इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र (आईजीएनसीए) के समवेत सभागार में हिन्दुस्थान समाचार समूह की ओर से आयोजित सामाजिक-सांस्कृतिक चेतना और संघ विषयक कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में हिन्दुस्थान समाचार समूह की दो पत्रिकाओं- नवोत्थान के विशेषांक ह्यसंघ शताब्दी : नए क्षितिजह्न और युगवार्ता के विशेषांक ह्यनींव के पत्थरह्न का विमोचन हुआ। नवोत्थान संघ के शताब्दी वर्ष से जुड़े सांस्कृति चेतना पर केंद्रित है और युगवार्ता विशेषांक में संघ के 105 वरिष्ठ प्रचारकों की संक्षिप्त जीवनी है।

# दिल्ली-एनसीआर में वायु गुणवत्ता में हुआ सुधार : भूपेन्द्र यादव

एजेंसी

**नई दिल्ली।** केन्द्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेन्द्र यादव ने गुरुवार को राज्य सभा में कहा कि पिछले कुछ वर्षों में दिल्ली-एनसीआर में वायु गुणवत्ता में उत्तरोत्तर सुधार हुआ है। अच्छे दिनों की संख्या 2016 के 110 दिनों से बढ़कर 2025 में 200 दिन हो गई है। इस वर्ष, जनवरी-नवंबर की अवधि के लिए दिल्ली का औसत एक्यूआई 2018 के 213 के मुकाबले 187 दर्ज किया गया है। वर्ष 2025 के दौरान दिल्ली में एक भी दिन एक्यूआई अधिक गंभीर यानि 450 स्तर तक नहीं पहुंचा। राज्य सभा में प्रश्नकाल के दौरान कांग्रेस नेता प्रमोद




तिवारी द्वारा पूछे गए सवाल के जवाब में केन्द्रीय मंत्री भूपेन्द्र यादव ने कहा कि कृषि, आवास और शहरी मामलों के मंत्रालय, सड़क परिवहन और राज्य सरकारों जैसे हितधारकों के साथ वायु प्रदूषण से निपटने पर केंद्रित छह समीक्षा बैठकें हुई। इसके साथ वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग अधिनियम, 2021 के तहत वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) की स्थापना की है। कार्यान्वयन एजेंसियों का मार्गदर्शन करने के लिए एक निगरानी तंत्र स्थापित किया है। सीएक्यूएम द्वारा प्रदूषणकारी गतिविधियों के लिए काफी कड़े उत्सर्जन मानदंड बनाए हैं। ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान (जीआरएपी) तैयार किया गया है, जो वायु प्रदूषण के स्तर की गंभीरता के आधार पर आपातकालीन प्रतिक्रिया कार्य और वायु प्रदूषण को कम करने के लिए चिन्हित एजेंसियों द्वारा कार्यान्वित किया जाता है। उन्होंने कहा सीपीसीबी की निगरानी में दिल्ली-एनसीआर के 3,551 उद्योगों में से 1297 ने ऑनलाइन सतत उत्सर्जन निगरानी प्रणाली स्थापित कर ली है। एनसीआर में वायु प्रदूषण की उच्च संभावना वाली शेष 2254 औद्योगिक इकाइयों में 31 दिसंबर, 2025 तक निगरानी प्रणाली स्थापित करने के लिए कार्रवाई शुरू कर दी गई है। ऑनलाइन सतत उत्सर्जन निगरानी प्रणाली की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए घरेलू निमार्ताओं को प्रमाणित करने हेतु सीएसआईआर राष्ट्रीय भौतिक प्रयोगशाला को अधिकृत किया है। 240 में से 224 क्षेत्रों में पीएनजी आपूर्ति का बुनियादी ढांचा स्थापित किया गया है। शेष क्षेत्रों में पीएनजी बुनियादी ढांचा स्थापित करने के लिए कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

## नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट बनेगा विश्वस्तरीय पहचान का प्रतीक

# स्विस एफिशिएंसी और भारतीय आतिथ्य का संगम आएगा नजर

एजेंसी

**नोएडा।** उत्तर प्रदेश के गौतमबुद्ध नगर में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के ड्रीम प्रोजेक्ट नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट का जल्द ही शुभारंभ होने को है। नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट को इस तरह डिजाइन किया जा रहा है कि यात्री यहां उतरते ही भारतीय संस्कृति और उत्तर प्रदेश की समृद्ध विरासत का अनुभव कर सकें। स्विस दक्षता और भारतीय मेहमाननवाजी का अद्भुत संयोजन यात्रियों को एक अनूठी, सहज और आरामदायक यात्रा का अनुभव देगा। यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण के अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी शैलेन्द्र कुमार भाटिया ने गुरुवार को




बताया कि नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट अपने अभिनव डिजाइन, अत्याधुनिक तकनीक और सांस्कृतिक समृद्धि के साथ न केवल यूपी बल्कि भारत की वैश्विक पहचान को नई ऊंचाइयों तक ले जाने के लिए तैयार है। उन्होंने बताया कि एयरपोर्ट की वास्तुकला पूरी तरह भारतीय पारंपरिक डिजाइन से प्रेरणा लेकर तैयार की गई है, ताकि यात्री यहां उतरते ही उत्तर भारत की सांस्कृतिक आत्मा को महसूस कर सकें। टर्मिनल बिल्डिंग में लैटिस स्क्रीन जैसे नक्काशीदार डिजाइन लगाए गए हैं, जो न केवल सौंदर्य बढ़ाते हैं, बल्कि प्राकृतिक रोशनी और वेंटिलेशन के प्रवाह को भी नियंत्रित करते हैं। प्रवेश द्वार पर वाराणसी और हरिद्वार के प्रसिद्ध घाटों की याद दिलाने वाली चौड़ी व आकर्षक सीढ़ियां बनाई गई हैं, जो इस क्षेत्र की आध्यात्मिक और ऐतिहासिक महत्ता को जीवंत रूप में प्रस्तुत करती हैं। टर्मिनल के भीतर एक हवेली शैली का विस्तृत आंगन बनाया जा रहा है, जो यात्रियों को खुला, हवादार और आरामदायक माहौल प्रदान करेगा। इसके साथ ही यूपी की प्रमुख नदियों की शांति व प्रवाह को दर्शाने वाली सफेद, तरंगाकार छत पूरे टर्मिनल को आधुनिकता और प्रकृति के संयोजन का प्रतीक बनाती है।

# नाटो प्रमुख ने रूस के बढ़ते खतरे से सदस्य देशों को किया आगाह, रक्षा तैयारियां बढ़ाने को कहा

एजेंसी

**बर्लिन।** नाटो के महासचिव मार्क रूटे ने मंगलवार को यूरोप में रूस के बढ़ते खतरे को लेकर कड़ी चेतावनी जारी करते हुए सदस्य देशों से तुरंत रक्षा तैयारियां बढ़ाने की अपील की। रूटे ने कहा कि कई सदस्य देश अब भी खतरे की गंभीरता को नहीं समझ रहे हैं, जबकि रूस यूरोप के लिए प्रत्यक्ष चुनौती बन चुका है। बर्लिन में दिए गए अपने संबोधन में रूटे ने कहा कि रूस की मंशा बेहद स्पष्ट है और यदि सहयोगी देशों ने तेजी नहीं दिखाई, तो आने वाले वर्षों में हालात बीते युग जैसे भयावह संघर्ष की ओर बढ़ सकते हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि ह्लहम रूस का अगला निशाना हैंङ्ख और समय हमारे पक्ष में नहीं है।ह्व उन्होंने आगाह किया कि यह मान लेना खतरनाक होगा कि यूरोप के पास अधिक समय है। उन्होंने कहा, बहुत से लोग खतरे को कम आंक रहे हैं। लेकिन वास्तविकता यह है कि संघर्ष हमारे दरवाजे पर है। रूस युद्ध को वापस यूरोप ले आया है और हमें हर परिस्थिति के लिए तैयार रहना होगा।नाटो प्रमुख का अनुमान है कि आने वाले पांच वर्षों में रूस सैन्य टकराव की पूरी तैयारी के साथ सामने आ सकता है, इसलिए सदस्य देशों को रक्षा बजट बढ़ाने, हथियार निर्माण क्षमता में तेजी लाने और सामूहिक सुरक्षा की प्रतिबद्धताओं को मजबूत करने की जरूरत है। रूटे की यह चेतावनी ऐसे समय आई है जब यूक्रेन में युद्ध जारी है और यूरोपीय सुरक्षा ढांचे पर लगातार सवाल खड़े हो रहे हैं। उनकी अपील गठबंधन देशों के लिए एक सख्त संदेश है कि शांति सुनिश्चित करने के लिए अब सक्रिय कदम उठाना अनिवार्य हो गया है।

# सैमसन की प्रशंसा वाले गंभीर के पुराने पोस्ट वायरल होने के बाद प्रशंसकों ने उठाये सवाल

एजेंसी

**मुम्बई।** विकेटकीपर बल्लेबाज संजू सैमसन अच्छे प्रदर्शन के बाद भी अब तक भारतीय टी20 टीम में अपनी जगह पक्की नहीं कर पाये हैं। सैमसन सलामी बल्लेबाज के तौर पर खेलने के साथ ही मध्यक्रम सहित कई जगहों पर आजमाये गये हैं और उनका प्रदर्शन भी ठीक रहा है। इसके बाद भी उन्हें हमेशा ही बाहर कर दिया जाता है। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले टी20 में भी शुभमन गिल की वापसी के बाद उन्हें अवसर नहीं मिला। इसी को लेकर अब प्रशंसकों का गुस्सा फूटा है। इस बार प्रशंसकों ने अनोखे अंदाज में अपनी नाराजगी जतायी है। प्रशंसकों ने भारतीय टीम के मुख्य कोच गौतम गंभीर के तीन पुराने पोस्ट जारी किये हैं जिसमें गंभीर सैमसन की प्रशंसा करते दिख रहे हैं। ये पोस्ट 2019 और 2020 के हैं, तब सैमसन आईपीएल में राजस्थान रॉयल्स की ओर से जबरदस्त बल्लेबाजी कर रहे थे पर उन्हें भारतीय टीम में जगह नहीं मिल पा रही थी। गंभीर ने तब सैमसन को न केवल बेहतरीन विकेटकीपर बल्लेबाज बल्कि उन्हें विश्व कप में नंबर 4 पर बल्लेबाजी करने के योग्य बताया था। वहीं अब जबकि गंभीर भारतीय टीम के कोच है फिर भी सैमसन को टीम में जगह नहीं मिल पा रही है। पहले उन्हें कप्तान शुभमन गिल की वापसी के बाद सलामी बल्लेबाजी से बाहर किया गया। वहीं अब मध्यक्रम से भी बाहर कर दिया गया है।

सैमसन और शुभमन गिल के टी20 में आंकड़े देखें तो यह साफ है कि सैमसन आंकड़ों के हिसाब से उनसे कहीं आगे है। सैमसन ने सलामी बल्लेबाज के तौर पर टी20 में तीन शतक और एक अर्धशतक लगाया है जबकि शुभमन ने एक शतक ही लगाया है। गंभीर का पहला वायरल पोस्ट 22 सितंबर 2020 का है, जहां उन्होंने लिखा, यह अजीब है कि सैमसन को केवल भारतीय टीम में जगह नहीं मिलती। बाकी सब जब अवसर मिल जाते हैं। वहीं एक और पोस्ट में गंभीर ने कहा, सैमसन अभी भारत के सबसे अच्छे विकेटकीपर-बल्लेबाजों में से एक है, इसमें किसी को संदेह नहीं होना चाहिये। गंभीर ने एक और पोस्ट में कहा कि सैमसन की स्किल्स देखकर खुशी हुई कि वह भारत का सबसे अच्छा विकेटकीपर-बल्लेबाज है, मेरे लिए वह विश्व कप में नंबर 4 पर बल्लेबाजी करनी चाहिए।



**बीसीसीआई केन्द्रीय अनुबंध में शुभमन हो सकते हैं प्रमोट**

## विराट और रोहित होंगे डिमोट

एजेंसी




**मुम्बई।** भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) की इसी माह 22 दिसंबर को होने वाली सालाना जनरल बैठक (एजीएम) में केन्द्रीय अनुबंध पर बड़ा फैसला लिया जा सकता है। इसमें एकदिवसीय और टेस्ट कप्तान शुभमन गिल को प्रमोट कर ए प्लस ग्रेड में रखा जाना तय है। वहीं अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली और रोहित शर्मा को डिमोट किया जा सकता है। इसका कारण है कि अब विराट और रोहित केवल एकदिवसीय प्रारुप ही खेलते हैं। वहीं नियमों के अनुसार ए प्लस अनुबंध तीनों प्रारुप खेलने वालों को ही दिया जाता है। इस साल इंग्लैंड दौरे से पहले इन दोनो ने ही टेस्ट क्रिकेट को अलविदा कह दिया था। वहीं साल 2024 टी20 विश्वकप के बाद टी20 प्रारुप से भी संन्यास ले लिया था।

रोहित और कोहली की जोड़ी अपने अच्छे प्रदर्शन के कारण आईसीसी एकदिवसीय रैंकिंग में पहले और दूसरे नंबर पर बनी हुई है। अभी ए प्लस सूची में विराट और रोहित के अलाव जसप्रीत बुमराह और रवींद्र जडेजा भी शामिल हैं। ग्रेड ए प्लस अनुबंध में सालाना सात करोड़ रुपये जबकि ए में पांच, वहीं बी में तीन और सी में एक करोड़ रुपये मिलते हैं। बीसीसीआई के नियमानुसार अनुबंध उन खिलाड़ियों को दिया जाता है, जिन्होंने एक सत्र में 3 टेस्ट मैच या 8 एकदिवसीय या 10 टी20 मैच खेले हों।

## बीसीसीआई ने पहले ही ले लिया था शुभमन को कप्तान बनाने का फैसला : अंकोला

एजेंसी



**नई दिल्ली।** पूर्व चयनकर्ता सलील अंकोला ने कहा है कि शुभमन गिल को भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) आने वाले समय में तीनों प्रारुपों के कप्तान के तौर पर देखता है। इसी कारण उन्हें टी20 में उप्तान बनाया गया है। अंकोला के अनुसार शुभमन को अचानक ही टेस्ट और एकदिवसीय कप्तानी नहीं दी गयी थी। बीसीसीसी ने इसकी योजना पहले ही बना ली थी। साथ ही कहा कि जब एशिया कप 2025 से पहले उन्हें टी20 टीम का उपकप्तान घोषित किया गया था तभी ये तय हो गया था कि बीसीसीआई उनको तीनों प्रारुपों की कमान देना चाहता है।

वहीं जब विराट कोहली के बाद रोहित शर्मा कप्तान बने तो वह 30 की उम्र को पार कर चुके थे। सभी को पता था कि रोहित ज्यादा समय तक कप्तान नहीं रहेंगे। इस बीच शुभमन के तौर पर क बड़ा विकल्प बीसीसीआई को मिला, जिन्होंने टेस्ट कप्तान के तौर पर अपनी पहली सीरीज में ही शानदार प्रदर्शन कर प्रभावित किया था। इसी को देखते हुए चयनसमिति ने रोहित के उत्तराधिकारी के रूप में शुभमन को रखा। शुभमन ने वैसे भी साल 2023 में काफी रन बनाये थे। अंकोला ने कहा, हमने हमेशा सोचा था कि शुभमन कप्तान बनेंगे। हमने 2023 में ही उन्हें इस भूमिका के लिए सोचा था, हमें विश्वास था कि वह कमान संभाल लेंगे। चयनकर्ता केवल कोच और कप्तान से ही नहीं, बल्कि दूसरे सीनियर खिलाड़ियों से भी सुझाव लेते हैं। उन्हें भी लगा कि वह सही व्यक्ति हैं।

ऐसे में जैसे ही रोहित ने टेस्ट क्रिकेट को अलविदा कहा तो शुभमन को तत्काल ही और कप्तान घोषित कर दिया गया। अगली एकदिवसीय सीरीज आई तो उसमें भी कप्तान शुभमन ही थे। इसके पीछे का कारण ये था कि बोर्ड को 2027 एकदिवीसय कप के लिए कप्तान चुनना था, क्योंकि रोहित केवल एकदिवसीय प्रारुप में सक्रिय थे, लेकिन उनकी उम्र 38 के पार हो चुकी थी। वहीं शुभमन ने इंग्लैंड में टेस्ट सीरीज में कप्तानी करते हुए 756 रन बनाकर उन्होंने दिखा दिया कि कप्तानी से उनपर दबाव नहीं आता।

## सचिन ने उभरती प्रतिभाओं को बताया सफलता का राज

**मुंबई।** महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर ने युवा खिलाड़ियों से बात करते हुए कहा है कि वे तभी आगे बढ़ सकते हैं जब उनके अंदर खेल को लेकर जोश और जुनून रहेगा। सचिन ने कहा कि सफलता हासिल करने के लिए उन्हें कठिन चुनौतियों का सामना भी करने तैयार रहना चाहिये। उन्होंने कहा कि मुझे खेल से प्यार था और इसी कारण मैं इसके लिए कुछ भी करने तैयार रहता था। गरमी की छुट्टियों में मैंने करीब 12 घंटे तक अभ्यास किया है। तेंदुलकर ने कहा, मैंने क्रिकेट खेलना इसलिए शुरू किया, क्योंकि इसको लेकर मेरे अंदर जुनून था। मुझे इस खेल से बेहद प्यार था और मैं देश के लिए खेलना चाहता था। मैं इसके लिए हर कुछ करने तैयार था। उन्होंने आगे कहा, मेरे जीवन में कई दौर आए। इसमें स्कूल क्रिकेट भी था और मैं कड़ी मेहनत करने के लिए तैयार था।

## लेजेंड्स प्रो टी-20 लीग में खेलेंगे उथप्पा, क्रिस गेल और जैक कैलिस

**उद्घाटन सत्र में अंबाती रायुडू और स्टुअर्ट बिन्नी भी हुए शामिल**

एजेंसी



**नई दिल्ली।** लेजेंड्स प्रो टी-20 लीग ने अपने डेब्यू सीजन के लिए खिलाड़ियों की सूची जारी की है, जिसमें क्रिस गेल, जैक कैलिस, रॉबिन उथप्पा, अंबाती रायुडू और स्टुअर्ट बिन्नी की भागीदारी की पुष्टि की गई है। क्रिस गेल आयोजकों की ओर से जारी एक बयान में ने कहा, मेरी कई बेहतरीन क्रिकेट यादें उन खिलाड़ियों से जुड़ी हैं जो इस लीग में खेलेंगे। मैंने कैलिस के खिलाफ खेला है, जब उन्हें पार करना लगभग नामुमकिन लगता था। उथप्पा के साथ बल्लेबाजी की लय पर बात की है, और रायुडू के मजाक इतने सुने हैं कि अब गिन नहीं सकता और जब धवन या वॉटसन जैसे नाम फिर सामने आते हैं, तो वो एहसास और बढ़ जाता है। दोबारा साथ आना–वही मजाक, वही प्रतिस्पर्धा, वही सम्मान–सब वापस ले आता है। लेजेंड्स प्रो टी20 लीग हमें यही मौका दे रही है।

जैक कैलिस ने कहा, जब आप खेल से थोड़ा दूर रहते हैं तो एहसास होता है कि हाथ में बल्ला पकड़ने का एहसास कितना मिस होता है, मैं सच में उत्साहित हूँ–फिर से गेंद मारने की वह आसान-सी लय, टाइमिंग ढूँढना, एक खिलाड़ी जैसा महसूस होना और माइकल क्लार्क का लीग कमिश्नर के रूप में आना एक नई ऊर्जा जोड़ता है। उनका क्रिकेटिंग दिमाग हमेशा तेज रहा है, और उनकी नई भूमिका पूरे सेटअप में नई पेशेवरियत और विजन लाती है। इससे मैदान पर लौटने और परिचित चेहरों के साथ खेल का आनंद लेने की उत्सुकता और बढ़ जाती है। रॉबिन उथप्पा ने कहा, मैंने रायुडू का पहले प्रतिद्वंद्वी के रूप में सामना किया और बाद में ड्रेसिंग रूम भी साझा किया–उनकी तीव्रता हमेशा अलग दिखती है,दिनेश कार्तिक के साथ मैंने फिनिशिंग पर अनगिनत चचाएँ की हैं, और अंडर-19 के दिनों से साथ खेलने की वजह से हमारे बीच एक स्वाभाविक तालमेल है। शॉन मार्श उन बल्लेबाजों में से थे जो बल्लेबाजी को बेहद आसान दिखाते थे। इसे फिर से जीना–और वो भी बिना फ्रेंचाइजी दबाव के–वास्तव में मैं इसका इंतजार कर रहा हूँ। यह बिल्कुल वैसा है जैसे पुराने क्रिकेटिंग रिश्तों को फिर वहीं से आगे बढ़ा देना।

## फ्रीस्टाइल शतरंज ग्रैंड स्लैम फाइनल में कार्लसन और अरोनियन के बीच खिताबी मुकाबला

**नई दिल्ली।** पूर्व विश्व चैंपियन मैग्नस कार्लसन ने उज्बेकिस्तान के जावोखिर सिंदारोव को हराते हुए फ्रीस्टाइल शतरंज ग्रैंड स्लैम फाइनल के खिताबी मुकाबले में जगह बना ली है, जहां उनका सामना अमेरिका के लेवोन अरोनियन से होगा। सिंदारोव ने कार्लसन को कड़ी चुनौती दी। उन्होंने दूसरा रैपिड गेम जीतकर मुकाबले को ब्लिट्ज टाईब्रेकर तक पहुंचाया। ब्लिट्ज मुकाबलों में तेज समय दबाव के बीच कार्लसन ने पहला 5+2 गेम जीता और दूसरा ड्रॉ कराते हुए फाइनल का टिकट पक्का किया। ब्लिट्ज मुकाबलों पर कार्लसन ने कहा, यह दोनों खिलाड़ियों की पूरी तरह से गड़बड़ी थी। क्या कहूं, यह बस खेल ही था। मैं बस उनसे थोड़ा अधिक टिक पाया और फाइनल में पहुंचकर अच्छा लग रहा है। दूसरे सेमीफाइनल में, लेवोन अरोनियन ने जर्मनी के जीएम विन्सेंट केमर को ब्लिट्ज टाईब्रेकर में 2-0 से मात दी। इससे पहले दोनों रैपिड गेम ड्रॉ रहे थे। अब अरोनियन और कार्लसन के बीच शीर्ष स्थान की भिड़ंत होगी, जिसके विजेता को 2 लाख डॉलर की इनामी राशि मिलेगी। लोअर ब्रैकेट सेमीफाइनल में भारत के अर्जुन एरिगैसी ने अमेरिका के जीएम हांस नीमन को हराया। एरिगैसी अब पांचवें स्थान के लिए अमेरिका के फाबियानो कारुआना से भिड़ेंगे।




# ऑस्ट्रेलिया ने अंडर-19 विश्व कप के लिए घोषित की टीम

**ऑस्ट्रेलिया अंडर-19 पुरुष टीम के ओलिवर पीक होंगे कप्तान**

एजेंसी




**मेलबर्न।** विक्टोरिया के युवा बल्लेबाज ओलिवर पीक अगले महीने होने वाले आईसीसी अंडर-19 पुरुष क्रिकेट विश्व कप में ऑस्ट्रेलिया की कप्तानी करेंगे। बाएं हाथ के इस प्रतिभाशाली खिलाड़ी ने शैफील्ड शील्ड में अपने प्रदर्शन से पहले ही पहचान बना ली है। 19 वर्षीय पीक दूसरी बार इस टूर्नामेंट में हिस्सा ले रहे हैं। वे 2024 में दक्षिण अफ्रीका में खिताब जीतने वाली टीम के सबसे युवा सदस्य थे, जब उन्हें पहले मैच के बाद चोटिल कोरी वास्ली की जगह स्क्वॉड में शामिल किया गया था। इस बार अंडर-19 विश्व कप अफ्रीकी महाद्वीप में नामीबिया और जिम्बाब्वे में 15 जनवरी से 6 फरवरी तक खेला जाएगा। ऑस्ट्रेलिया को शुरूआती चरण में आयरलैंड, जापान और श्रीलंका के साथ समूहबद्ध किया गया है। टूर्नामेंट में 16 टीमें भाग लेंगी, जिनमें से प्रत्येक समूह की शीर्ष तीन टीमें सुपर सिक्स चरण में पहुंचेंगी, जिसके बाद सेमीफाइनल और फाइनल खेले जाएंगे। तीन नए खिलाड़ियों को जगह ऑस्ट्रेलिया की 15 सदस्यीय टीम में सितंबर-अक्टूबर में खेले गए भारत के खिलाफ तीन युवा वनडे और दो युवा टेस्ट मैचों की टीम का अधिकांश हिस्सा बरकरार रखा गया है। नितेश सैमुअल, नादेन कुरे और विलियम टेलर–ये तीन नए चेहरे हाल ही में पर्थ में आयोजित अंडर-19 मेन्स नेशनल चैम्पियनशिप में शानदार प्रदर्शन के कारण चुने गए। सैमुअल ने इस आठ दिवसीय टूर्नामेंट में 364 रन बनाकर 91 की औसत से सर्वाधिक रन जुटाए और प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट चुने गए। उन्हें और कुरे को टूर्नामेंट की सर्वश्रेष्ठ टीम में भी शामिल किया गया।

## अनकैप्ड खिलाड़ी के तौर ही नीलामी में उतरेंगे विजय शंकर

**मुम्बई।** पूर्व ऑलराउंडर विजय शंकर को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 की मिनी-नीलामी में अनकैप्ड खिलाड़ी के तौर पर शामिल किया गया है। इसका कारण ये है कि विजयशंकर पिछले पांच साल से टीम में नहीं थी। वहीं भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के नियम के अनुसार अगर किसी भारतीय खिलाड़ी ने पिछले पांच साल में किसी भी प्रारुप में एक भी मैच नहीं खेला है, तो उसे अनकैप्ड खिलाड़ी ही माना जाएगा और वह नीलामी में अनकैप्ड खिलाड़ी के तौर पर उतरेगा। इसी नियम के कारण विजय शंकर नीलामी में अनकैप्ड खिलाड़ी के रूप में उतरेंगे। विजय शंकर ने भारतीय टीम की 12 एकदिवसीय और 9 टी20 खेले हैं। इस क्रिकेटर ने अपना अंतिम अंतरराष्ट्रीय मैच पांच साल पहले 27 जून 2019 को खेला था। ऐसे में बीसीसीआई का अनकैप्ड वाला नियम विजय शंकर पर लागू होता है। विजय शंकर पिछले सत्र में सीएसके में शामिल थे। चेन्नई ने उन्हें पिछले साल मेगा नीलामी में 1.2 करोड़ रुपये में शामिल किया था। विजय का प्रदर्शन साधारण रहा था।

## मेसी 13 दिसंबर को आएंगे भारत, कोलकाता से शुरू होगा गोट टूर 2025

**नई दिल्ली।** फुटबॉल दिग्गज लियोनल मेसी 13 से 15 दिसंबर तक होने वाले बहुप्रतीक्षित गोट टूर 2025 के लिए 13 दिसंबर को भारत पहुंचेंगे। तीन दिनों तक चलने वाला यह आयोजन देश के चार बड़े शहरों—कोलकाता, हैदराबाद, मुंबई और नई दिल्ली में होगा। मेसी मियामी से यात्रा कर रहे हैं और 13 दिसंबर की रात करीब 1:30 बजे कोलकाता पहुंचने का कार्यक्रम है। कोलकाता में उनका दिनभर व्यस्त शेड्यूल रहेगा, जिसकी शुरूआत सुबह 9:30 बजे से होने वाली बैठकों से होगी। इसके बाद वह कई कार्यक्रमों और इंटरैक्शन में हिस्सा लेंगे। दोपहर 2 बजे वह हैदराबाद रवाना होंगे। कोलकाता दौरे के दौरान मेसी की मुलाकात पूर्व भारतीय क्रिकेट कप्तान सौरव गांगुली और पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी से भी तय है। हैदराबाद में मेसी का मुख्य कार्यक्रम राजीव गांधी अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में होने वाला 7v7 एग्ज़िबिशन फुटबॉल मैच होगा। इस आयोजन में तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी भी शामिल होंगे। शाम को मेसी के शानदार करियर का जश्न मनाने के लिए एक भव्य संगीत कार्यक्रम भी आयोजित किया जाएगा। गोट टूर हैदराबाद की मुख्य संरक्षक और सलाहकार, पार्वती रेड्डी ने एक बयान में कहा कि हैदराबाद चरण का मुख्य आकर्षण युवा खिलाड़ियों के लिए एक विशेष फुटबॉल क्लिनिक होगा। उन्होंने कहा, ह्लयह मुख्य रूप से फुटबॉल क्लिनिक पर केंद्रित है, जिसे मेसी खुद लीड करेंगे। उन्होंने यह भी खुलासा किया कि मेसी के साथ इंटर मियामी के साथी खिलाड़ी रोड्रिगो डी पॉल और लुइस सुआरेज भी इस कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे। उन्होंने कहा, रोड्रिगो (डी पॉल) और लुइस सुआरेज भी क्लिनिक का हिस्सा होंगे। वे बच्चों को ट्रेनिंग देंगे, प्रेरित करेंगे और फुटबॉल के टिप्स साझा करेंगे। हैदराबाद के कार्यक्रमों के बाद मेसी मुंबई और फिर दिल्ली जाएंगे। गोट इंडिया टूर 2025 एक पैन-इंडिया उत्सव के रूप में बनाया गया है, जिसकी शुरूआत 13 दिसंबर को पूर्व (कोलकाता) और दक्षिण (हैदराबाद) से होगी, 14 दिसंबर को पश्चिम (मुंबई) में पहुंचेगी और 15 दिसंबर को उत्तर (दिल्ली) में सम्पन्न होगी।

**एशियन यूथ पैरा गेम्स दुबई**

## भारत के अब्दुल कादिर इंदौरी ने तैराकी में जीते दो स्वर्ण पदक



**दुबई।** एशियन यूथ पैरा गेम्स 2025 में भारतीय तैराक अब्दुल कादिर इंदौरी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए दो स्वर्ण पदक अपने नाम किए। इंदौरी ने 50 मीटर बटरफ्लाई और 50 मीटर बैकस्ट्रोक स्पर्धा में पहला स्थान हासिल किया। पैरा ओलंपिक समिति ऑफ इंडिया ने एक्स पर उनकी सफलता की सराहना करते हुए लिखा, ह्लभारत के लिए स्वर्णिम उपलब्धि! यह उनकी मेहनत, अनुशासन और भारत के युवा पैरा खिलाड़ियों की बढ़ती क्षमता का प्रतिबिंब है। बधाई हो, अब्दुल! इसी बीच, बुधवार को दुबई में एशियन यूथ पैरा गेम्स 2025 का उद्घाटन समारोह भी आयोजित किया गया, जिसमें सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ एशिया के विभिन्न देशों से आए युवा पैरा खिलाड़ियों ने भाग लिया। पिछले संस्करण (बहरीन 2021) में 51 स्वर्ण पदक जीतकर तालिका में शीर्ष पर रहने वाला ईरान इस बार भी सबसे बड़ा दल उतार रहा है। कुल 195 खिलाड़ी भेजकर ईरान ने युवाओं के विकास और पैरा खेलों के प्रति अपनी गहरी प्रतिबद्धता को दशार्या है। एशियन पैरा ओलंपिक कमेटी की जानकारी के अनुसार, उजबेकिस्तान (124), थाईलैंड (122) और भारत (122) क्रमश: दूसरे और तीसरे सबसे बड़े दल लेकर प्रतियोगिता में उतरे हैं। मेजबान संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) 55 खिलाड़ियों के साथ हिस्सा ले रहा है, जो देश में पैरा खेलों के विकास और क्षेत्र में समावेशन को बढ़ावा देने के उनके प्रयासों को दशार्ता है। दुबई 2017 के बाद दूसरी बार इन खेलों की मेजबानी कर रहा है, जिससे एशिया में पैरा खेलों के प्रमुख केंद्र के रूप में उसकी पहचान और मजबूत हुई है। पिछले संस्करण में शीर्ष पर रहने वाला ईरान इस बार भी अपने खिताब बरकरार रखने की तैयारी के साथ उतरा है। इन खेलों में एशिया के कई शीर्ष पैरा खिलाड़ी भी शामिल होंगे, जिनमें ईरान की पैरा ताइक्वांडो खिलाड़ी जहरा रहीमी पेरिस 2024 पैरालंपिक खेलों की रजत पदक विजेता और चीनी ताइपे के चेन पो-येन आईटीटीएफ विश्व नंबर 1 और पेरिस 2024 के क्लास 11 रजत पदक विजेता प्रमुख नाम हैं।

## आईटी ने रचा इतिहास
## 700 मिलियन डॉलर में अमेरिकी कंपनी खरीदी




**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय आईटी दिग्गज टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज ने अमेरिका स्थित सेल्सफोर्स कंसल्टिंग फर्म कोस्टल क्लाउड का 70 करोड़ डॉलर (लगभग 700 मिलियन डॉलर) के कैश डील में अधिग्रहण करने का निश्चित समझौता किया है। 2012 में स्थापित कोस्टल क्लाउड ग्राहकों को सेल्स, सर्विस, मार्केटिंग, रेवेन्यू और कॉमर्स के क्षेत्र में एआई-संचालित सलाह और व्यापार परामर्श सेवाएं प्रदान करती है। टीसीएस ने कहा है कि वह लिस्टएंगेज और अब कोस्टल क्लाउड के अधिग्रहण के साथ अब वैश्विक स्तर पर टॉप-5 सेल्सफोर्स कंसल्टिंग फर्मों में शामिल हो गया है। पिछले अक्टूबर में टीसीएस ने लिस्टएंगेज के अधिग्रहण से अपनी सेल्सफोर्स पद्धति को मजबूत किया था। कोस्टल क्लाउड को सेल्सफोर्स पार्टनर एडवाइजरी बोर्ड में नामित किया गया है, जो उसे उत्पाद नवाचारों को आकार देने और नए लॉन्च का समर्थन करने वाली सेवाएं विकसित करने में मदद करता है। टीसीएस को अधिग्रहण से क्या फायदा होगा यह फर्म एरिक बेरिज द्वारा संचालित है, जो एक सेल्सफोर्स दिग्गज हैं। इस अधिग्रहण के साथ टीसीएस की टीम में 400 से अधिक अनुभवी पेशेवर और 3,000 से अधिक मल्टी-क्लाउड प्रमाणपत्र जुड़ेंगे, जिससे विभिन्न उद्योगों में उसकी सलाहकार क्षमता मजबूत होगी। कोस्टल क्लाउड के ग्राहक पोर्टफोलियो से टीसीएस को मिड-मार्केट सेगमेंट में पहुंच और दोनों फर्मों के ग्राहक आधार के बीच क्रॉस-सेलिंग के सिनर्जी के अवसर भी मिलेंगे। टीसीएस के चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर आरती सुब्रमण्यन ने कहा, ऊयह अधिग्रहण हमारी वैश्विक सेल्सफोर्स क्षमताओं को आगे बढ़ाने और हमारे एआई-नेतृत्व वाले परिवर्तन एजेंडे में तेजी लाने का एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है।

## पहले ही दिन 100% चढ़ गया यह शेयर, दोगुना हुआ पैसा, निवेशक हुए मालामाल

**नई दिल्ली, एजेंसी।** लग्जरी टाइम की शेयर बाजार में जबरदस्त एंट्री हुई है। लग्जरी टाइम लिमिटेड के शेयर गुरुवार को बीएसई में 90 पर्सेंट फायदे के साथ 155.80 रुपये पर लिस्ट



हुए हैं। आईपीओ में कंपनी के शेयर का दाम 82 रुपये था। शानदार लिस्टिंग के ठीक बाद लग्जरी टाइम के शेयरों में और तेजी देखने को मिली है। कंपनी के शेयर 5 पर्सेंट और चढ़कर 163.59 रुपये पर पहुंच गए हैं। यानी, 82 रुपये के इश्यू प्राइस के मुकाबले लग्जरी टाइम के शेयर पहले ही दिन करीब 100 पर्सेंट उछल गए हैं। लग्जरी टाइम के शेयरों ने पहले ही दिन निवेशकों का पैसा दोगुना कर दिया है। लग्जरी टाइम का आईपीओ 4 दिसंबर को दांव लगाने के लिए खुला था और यह 8 दिसंबर तक ओपन रहा। लग्जरी टाइम लिमिटेड की शुरुआत साल 2008 में हुई है। कंपनी स्विस लग्जरी वॉचेज के डिस्ट्रीब्यूशन, मार्केटिंग, रिटेलिंग और ऑफ्टर-सेल्स सर्विसिंग का काम करती है। इसके अलावा, कंपनी वॉच सर्विस से जुड़े टूल्स और इक्विपमेंट का डिस्ट्रीब्यूशन भी करती है। कंपनी का हेडक्वॉर्टर नई दिल्ली में है। लग्जरी टाइम लिमिटेड वॉच डिस्ट्रीब्यूशन, डायरेक्ट-टू-कंज्यूमर एंड ई-कॉमर्स सेल्स, ऑफ्टर-सेल्स सर्विसेज, ब्रॉन्डिंग, पीआर एंड मार्केटिंग सपोर्ट, टूल्स एंड मशीनरी डिस्ट्रीब्यूशन इन 5 इंटीग्रेटेड बिजनेस वर्टिकल्स में काम करती है।

# एआई के क्षेत्र में 2026 के बाद भी माइक्रोसॉफ्ट जारी रहेगा निवेश

एजेंसी

**नई दिल्ली।** दिग्गज कंपनी माइक्रोसॉफ्ट के शीर्ष अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि 2026 के बाद भी एआई के लिए अत्याधुनिक डेटा सेंटर्स तैयार करने और एआई इंजीनियरों की भर्ती पर कंपनी निवेश जारी रखेगी। कंपनी ने भारत में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस तकनीक को बढ़ावा देने की दिशा में बड़े निवेश की घोषणा की है। माइक्रोसॉफ्ट इंडिया के प्रेसिडेंट पुनीत चंदोक के अनुसार, इस वर्ष और अगले वर्ष के दौरान कंपनी लगभग 3 अरब डॉलर यानी करीब 25 हजार करोड़ रुपये का निवेश भारत में करेगी।




इसी योजना का हिस्सा हैदराबाद में बन रहा विशाल डेटा सेंटर है, जिसका संचालन जून 2026 तक शुरू हो जाएगा। बताया जा रहा है कि यह उस क्षेत्र के सबसे बड़े डेटा सेंटर्स में से एक होगा। फिलहाल माइक्रोसॉफ्ट के मुंबई, पुणे और चेन्नई में पहले से ही डेटा सेंटर्स मौजूद हैं, और रिलायंस जियो के साथ मिलकर महाराष्ट्र और गुजरात में दो जियो-एज्योर रीजन भी बनाए जा रहे हैं। चंदोक ने कहा कि भारत में एआई इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए निवेश रुकने वाला नहीं है। उन्होंने बताया कि कंपनी का निवेश लगातार और दीर्घकालिक है तथा आने वाले सप्ताह में इस विस्तार को लेकर और विस्तृत योजनाएं साझा की जाएंगी। उन्होंने खुलासा किया कि माइक्रोसॉफ्ट के ग्लोबल सीईओ सत्या नडेला 10 से 12 दिसंबर के बीच भारत की यात्रा पर आ रहे हैं और इस दौरान एआई इंफ्रास्ट्रक्चर से जुड़ी कई महत्वपूर्ण घोषणाएं संभव हैं। देश में एआई डेटा सेंटर की प्रतिस्पर्धा लगातार तेजी पकड़ रही है। हाल ही में 14 अक्टूबर को गूगल ने अदानी ग्रुप और एयरटेल के साथ मिलकर विशाखापट्टनम में 1 गीगावॉट क्षमता वाला एआई डेटा सेंटर स्थापित करने के लिए 15 अरब डॉलर (लगभग 1।25 लाख करोड़ रुपये) के निवेश की घोषणा की थी।

हालांकि इस विषय पर चंदोक ने प्रतिस्पर्धी कंपनियों पर टिप्पणी करने से इनकार किया, लेकिन उन्होंने यह साफ कर दिया कि माइक्रोसॉफ्ट भारत में नौकरी के अवसर कम नहीं करेगा। कंपनी वर्तमान में 22,000 एआई इंजीनियर्स के साथ काम कर रही है और आगे भी व्यापक भर्ती जारी रखने की तैयारी में है। कंपनी का कहना है कि एआई इंसानों की नौकरियां खत्म नहीं करेगा, बल्कि दोहराव वाले काम मशीनें संभालेंगी और लोगों के लिए नई मूल्य आधारित नौकरियां तैयार होंगी। वर्तमान में माइक्रोसॉफ्ट इंडिया की साइट पर 420 पद खाली हैं जिनमें से करीब 92 प्रतिशत पदों पर एआई की समझ आवश्यक है। माइक्रोसॉफ्ट अपने कर्मचारियों को हर महीने एक पूरा दिन एआई सीखने के लिए समर्पित प्रशिक्षण भी देता है। वित्त वर्ष 2025 में माइक्रोसॉफ्ट इंडिया का कारोबार 28,755 करोड़ रुपये रहा जबकि कंपनी ने 1,245 करोड़ रुपये का लाभ दर्ज किया। माइक्रोसॉफ्ट ओपनएआई के साथ अपनी लंबी साझेदारी को जारी रखते हुए एज्योर और कोपायलट सेवाओं के माध्यम से भारत में एआई आधारित समाधान उपलब्ध करा रहा है।

# अमेरिका में रेट कट के बाद सोने में उछाल, चांदी ऑल-टाइम हाई पर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सोने और चांदी की कीमत में आज काफी तेजी दिख रही है। यह तेजी अमेरिकी फेडरल रिजर्व द्वारा लगातार तीसरी बार ब्याज दरों में कटौती के बाद आई है। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज पर सोने की कीमत में करीब 700 रुपये की तेजी आई है जबकि चांदी की कीमत एक बार फिर ऑल-टाइम हाई पर पहुंच गई है। 5 फरवरी की डिलीवरी वाला सोना पिछले सत्र में 1,29,796 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था जबकि आज 1,30,250 रुपये पर खुला। शुरुआती कारोबार में यह 1,30,590 रुपये तक हाई गया। सुबह 10.30 बजे यह 731 रुपये यानी 0.56 फीसदी की तेजी के साथ 130527 रुपये पर ट्रेड कर रहा था। इस बीच चांदी की कीमत आज फिर नए रेकॉर्ड पर पहुंच गई। इसमे करीब 4,000 रुपये की तेजी



आई है। 5 मार्च की डिलीवरी वाली चांदी पिछले सत्र में 1,88,735 रुपये प्रति किलो के भाव पर बंद हुई थी और आज यह 1,89,908 रुपये पर खुली। शुरुआती कारोबार में यह 1,93,452 रुपये तक उछली। 10.30 बजे यह 3,976 रुपये यानी 2.11 फीसदी तेजी के साथ 1,92,711 रुपये पर ट्रेड कर रही थी। अंतरराष्ट्रीय बाजार में स्पॉट गोल्ड 0.7त्न बढ़कर 4,236.57 डॉलर प्रति औंस पर पहुंच गया। वहीं, अमेरिकी गोल्ड फ्यूचर्स फरवरी डिलीवरी के लिए 0.3त्न गिरकर 4,224.70 डॉलर पर बंद हुए।

## फेडरल रिजर्व ने प्रमुख याज दरों में लगातार तीसरी बार कटौती की

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अमेरिकी केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व ने अपनी ब्याज दर में लगातार तीसरी बार 0.25 फीसदी की कटौती की। हालांकि, फेडरल रिजर्व ने संकेत दिया कि आने वाले महीनों में दरों को स्थिर रखा जा सकता है। फेडरल रिजर्व के अध्यक्ष जेरोम पावेल ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि फेडरल रिजर्व अगले महीनों में और कटौती से बच सकता है और अर्थव्यवस्था की सेहत का आकलन करेगा। तिमाही आर्थिक अनुमान में अधिकारियों ने यह भी संकेत दिया कि अगले साल केवल एक बार ही दरें घटाई जा सकती हैं। बुधवार की कटौती के बाद ब्याज दर लगभग 3.6 फीसदी रह गई, जो पिछले तीन वर्षों में सबसे कम है। फेडरल रिजर्व की कम दरों से समय के साथ मॉर्गेज, ऑटो लोन और क्रेडिट कार्ड पर भुगतान होने वाली राशि में कमी आ सकती है। हालांकि बाजार की परिस्थितियां भी इन दरों को प्रभावित कर सकती हैं। पावेल ने कहा, हम आने वाले आंकड़ों का ध्यानपूर्वक आकलन करेंगे और जो प्रमुख दर है वह उस स्तर के करीब है जो न तो अर्थव्यवस्था को रोकता है और न ही उसे बढ़ावा देता है। फेडरल रिजर्व के तीन अधिकारियों ने इस कदम का विरोध किया। यह पिछले छह वर्षों में सबसे जोरदार विरोध था। यह दिखाता है कि समिति में गहरी मतभेद हैं। दो अधिकारियों ने दरों को यथावत रखने का समर्थन किया, जबकि स्टीफन मिरान ने आधा प्रतिशत कटौती का समर्थन किया, उन्हें सितंबर में ट्रंप ने नियुक्त किया था। इससे पहले मंगलवार को अमेरिकी शेयर बाजार लगभग स्थिर रहा, क्योंकि वॉल स्ट्रीट बुधवार को फेडरल रिजर्व के ब्याज दरों पर फैसले का इंतजार कर रहा था। उस दिन एस एंड पी 500 मामूली 0.1 फीसदी गिरा और अक्तूबर में बने अपने रिकॉर्ड स्तर के करीब बना रहा। डॉव जोन्स 179 अंक (0.4 फीसदी) गिरा, जबकि नैस्डैक 0.1 फीसदी बढ़ा।

# स्टेट बैंक, टाटा स्टील, सिप्ला और एलआईसी समेत फोकस में 10 शेयर

## लाइफ इंश्योरेंस कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया

**नई दिल्ली, एजेंसी।** टाटा स्टील, अडाणी एंटरप्राइजेज से लेकर सिप्ला तक के में कई अपडेट्स है। सिप्ला जहां, मोटापे और टाइप-2 डायाबिटिज के नए इलाज को लॉन्च करने करने के कारण चर्चा में है। वहीं, अडाणी एंटरप्राइजेज के 25,000 करोड़ रुपये के राइट्स इश्यू पर निवेशकों की नजर है। इन कंपनियों समेत 10 शेयरों पर बाजार की नजर रहेगी।

कंपनी के बोर्ड ने नीलाचल इस्पात निगम (एनआईएनएल) में 4.8 एमटीपीए क्षमता विस्तार को हरी झंडी दे दी है। यह कंपनी के व्यापक विस्तार योजना के पहले चरण का हिस्सा है और टाटा स्टील के लॉन्ग-प्रोडक्ट्स पोर्टफोलियो को मजबूत करेगा।

अडाणी एंटरप्राइजेज के 25,000 करोड़ रुपये के राइट्स इश्यू की बुधवार को समाप्ति पर मजबूत मांग रही और इसने 108त्न सब्सक्रिप्शन हासिल किया।



कंपनी को उपलब्ध 13.85 करोड़ शेयरों के मुकाबले 14.95 करोड़ शेयरों के लिए बोलियां मिलीं, जो भारत के सबसे बड़े राइट्स इश्यू में प्रमोटरों और सार्वजनिक निवेशकों दोनों की मजबूत भागीदारी को दर्शाता है।

मुंबई के उप आयुक्त, राज्य कर ने कंपनी को वित्तीय वर्ष 2021-22 से 2023-24 के लिए जीएसटी देयता, ब्याज और जुर्माना मिलाकर 2,370.34 करोड़ रुपये का नोटिस जारी किया है। वित्तीय प्रभाव मांगी गई इस कुल राशि को दर्शाता है।

### स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई)

भारतीय रिजर्व बैंक ने एसबीआई को उसके डिजिटल पेमेंट्स इंटेलिजेंस प्लेटफॉर्म के लिए कंपनी अधिनियम के तहत धारा 8 कंपनी स्थापित करने की मंजूरी दे दी है। यह मंजूरी वित्तीय सेवा विभाग द्वारा एसबीआई को दी गई छूट पर निर्भर है।

**सिप्ला:** सिप्ला ने मोटापे और टाइप-2 डायाबिटिज के नए इलाज को लॉन्च करने की घोषणा की है। कंपनी ने यूरपीक (टिरजेपेटाइड) नामक एक साप्ताहिक इंजेक्शन थेरेपी भारत में शुरू की है, जो इन दोनों प्रमुख स्वास्थ्य चिंताओं को संबोधित करेगी।

**नेस्ले इंडिया:** कंपनी ने घोषणा की कि स्वेतलाना बोल्डिना 31 जनवरी, 2026 से प्रभावी सीएफओ पद से इस्तीफा दे देंगी, जबकि जगदीप सिंह मराहर को 1 जून, 2026 से प्रभावी पूर्णकालिक निदेशक नामित किया गया है।

**मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स:** ब्राजीलियाई नौसेना और भारतीय नौसेना ने मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स के साथ एक एमओयू पर हस्ताक्षर किए हैं।

**वारी एनर्जीज:** वारी एनर्जीज ने घोषणा की कि उसने एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर हासिल कर लिया है और भारत में सौर पैनल निर्माता के तौर पर महीने में 1 गीगावॉट सोलर मॉड्यूल उत्पादन पार करने वाली पहली कंपनी बन गई है।

*कृषि आयात पर मतभेद : अमेरिकी अधिकारी बोले-*

# डील तो बेहतर पर भारत चुनौतियों वाला देश

एजेंसी

**नई दिल्ली।** दो दिन की व्यापार वार्ता के लिए अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल के दिल्ली पहुंचते ही वॉशिंगटन में संयुक्त राज्य व्यापार प्रतिनिधि जेमीसन ग्रीयर ने कहा कि इस बार भारत की ओर से अब तक का सबसे बेहतर प्रस्ताव मिला है। हालांकि उन्होंने साफ किया कि अमेरिकी कृषि उत्पादों के आयात को लेकर भारत का रुख अब भी कठोर है और यही मुद्दा दोनों देशों के बीच सबसे बड़ी बाधा बना हुआ है। ग्रीयर ने अमेरिकी सीनेट की एक समिति के समक्ष कहा कि उनकी टीम दिल्ली में बातचीत कर रही है और भारत कई कृषि उत्पादों-विशेषकर अनाज और मांस-पर आयात प्रतिबंध या कठोर शर्तें बनाए हुए है। उन्होंने कहा कि भारत बातचीत में कठिन साबित होता है, लेकिन इस बार उसका रुख



पहले की तुलना में अधिक सकारात्मक दिखा है। उनके अनुसार, भारत भविष्य में अमेरिकी कृषि निर्यात के लिए एक बड़ा बाजार बन सकता है, बशर्ते मतभेदों का समाधान हो सके।

अमेरिका लंबे समय से अपने मक्का, सोयाबीन और अन्य कृषि उत्पादों के निर्यात को चीन पर निर्भरता से हटाकर नए बाजारों में ले जाना चाहता है। वहीं भारत अपने छोटे और मध्यम किसानों को वैश्विक प्रतिस्पर्धा से बचाने के लिए कृषि आयात पर कड़ा नियंत्रण बनाए रखने के पक्ष में है। इसी असहमति के कारण इस वर्ष अगस्त में दोनों देशों की व्यापार वार्ता अचानक रुक गई थी। इस बीच, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारतीय चावल पर नए टैरिफ लगाने की चेतावनी दी। उनका आरोप है कि भारत, चीन और थाईलैंड अमेरिकी बाजार में सस्ते दामों पर चावल भेज रहे हैं, जिससे अमेरिकी किसान प्रभावित हो रहे हैं। अमेरिका पहले ही भारत पर 50 प्रतिशत शुल्क लगा चुका है, जो किसी भी प्रमुख निर्यातक पर लगाए गए सबसे ऊंचे शुल्कों में से एक है। व्हाइट हाउस में एक किसान प्रतिनिधि की शिकायत पर ट्रंप ने सवाल उठाया कि भारत को ऐसा करने की अनुमति कैसे मिली और कहा कि नए टैरिफ लगाने से समस्या दो मिनट में हल हो जाएगी।

# एक हजार करोड़ के बड़े क्रिप्टो निवेश घोटाले में 30 आरोपियों के खिलाफ चार्जशीट

## आरोपियों में दो चीनी नागरिक वान जुन और ली आनमिंग-भी शामिल

एजेंसी


**नई दिल्ली।** सेंट्रल इंवेस्टिगेशन ब्यूरो (सीबीआई) ने करीब 1,000 करोड़ के बड़े क्रिप्टो निवेश घोटाले में 30 आरोपियों के खिलाफ चार्जशीट दायर कर दी है। इन आरोपियों में दो चीनी नागरिक वान जुन और ली आनमिंग-भी शामिल हैं। सीबीआई के अनुसार, आरोपियों ने ह्यएचपीजेड टोकनह्व नाम का एक फर्जी मोबाइल एप लांच किया और लोगों को गैर-मौजूद बिटकॉइन-माइनिंग मशीनों में निवेश करने के लिए तैयार किया। निवेशकों को बेहद ऊंचे मुनाफे का लालच दिया गया था। यह घोटाला शिगू टेक्नोलॉजी प्राइवेट लिमिटेड के माध्यम से चलाया जा रहा था, इस चीनी नागरिकों द्वारा नियंत्रित किया जा रहा था। वान जुन, जो जिलियन कंसल्टेंट्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड का निदेशक है, ने अपने भारतीय सहयोगी डोट्र्से की मदद से कई शेल कंपनियां बनाई थीं। यह गिरोह विदेश से संचालित हो रहा था और कोरोना लॉकडाउन के दौरान तेजी से सक्रिय हुआ।

कुछ ही महीनों में 150 से अधिक बैंक खातों में रकम जमा हुई और उन्हें शेल कंपनियों के जरिए तेजी से घुमाकर धोखा किया गया। जुटाई गई राशि को बाद में क्रिप्टोकरेंसी में बदलकर विदेश भेजा गया। गिरोह ने भारत की नई पेमेंट एग्रीगेशन प्रणाली का दुरुपयोग कर रकम की वसूली और आंशिक भुगतान करके निवेशकों का भरोसा जीता। सीबीआई जांच में सामने आया कि यह घोटाला एक बड़े अंतरराष्ट्रीय साइबरक्राइम नेटवर्क का हिस्सा है। यही नेटवर्क कोविड के बाद भारत में उभरी कई ऑनलाइन ठगी-जैसे फर्जी लोन एप, नकली निवेश और ऑनलाइन नौकरी के झांसे-के लिए भी जिम्मेदार था। चार्जशीट में 27 व्यक्तियों और तीन कंपनियों के नाम शामिल किए गए हैं। इस गैंग के अन्य सदस्यों की खोज और जांच अभी भी जारी है।

# शेयर बाजार सुस्त लेकिन आईपीओ बाजार में जबरदस्त तेजी बरकरार

**नई दिल्ली, एजेंसी।** शेयर बाजार में सुस्ती के बावजूद आईपीओ बाजार में जबरदस्त तेजी है। रकम के मामले में पहले ही रिकॉर्ड तोड़ चुका प्राइमरी बाजार अब संख्या के भी मामले में आगे निकल चुका है। इस साल अब तक 101 कंपनियों के आईपीओ आए हैं। इससे पहले 2007 में 100 कंपनियां शेयर बाजार में लिस्ट हुई थीं। इस तरह से अब संख्या और रकम दोनों के मामले में 2025 इतिहास बना चुका है।

एक्सचेंजों के आंकड़ों के मुताबिक, इस साल 101 कंपनियां इश्यू लॉन्च कर चुकी हैं। इनकी कुल रकम 1.75 लाख करोड़ रुपये है। 2007 में 100 कंपनियों ने महज 34,156 करोड़ रुपये ही जुटाई थीं। हालांकि, 2024 में अब तक की सबसे अधिक 1.60




लाख करोड़ रुपये की रकम जुटाई गई थी। आंकड़े बताते हैं कि अब भी इस साल के बाकी बचे 20 दिनों में 10 कंपनियां पूंजी बाजार में उतर सकती हैं। यह 10,000 करोड़ रुपये से ज्यादा की राशि जुटाने की योजना बना रही हैं। कंपनियों ने अक्तूबर में सबसे अधिक 38,308 करोड़ रुपये जुटाए है। नवंबर में मामूली घटकर 34,545 करोड़ और अगस्त में 15,903 करोड़ रहा था। इस साल टाटा कैपिटल ने सबसे अधिक 15,511 करोड़ जुटाया। नए साल में पीएनजीएस रेवा डायमंड, कनोडिया सीमेंट, कोरोना रेमेडीज, मिल्की मिस्ट, स्काईवेज एयर, अमागी मीडिया लैब्स, वीडा क्लिनिकल, एलसीसी प्रोजेक्ट्स, वाटरवेज लीजर, केएसएच इंटरनेशनल, आर्डी इंजीनियरिंग और सीआईईएल एचआर सर्विसेज और मणिपाल पेमेंट शामिल हैं। निवेशकों को लग रहा है कि ज्यादा आईपीओ के कारण कम समय में लाभ प्राप्त करना कठिन होता जा रहा है। इसका पता इस बात से चलता है कि लिस्टिंग के दिन औसत रिटर्न गिरकर 9.4 फीसदी हो गया है, जो 2018 के बाद सबसे कम है। प्रमुख कंपनियों के आईपीओ की पाइपलाइन में मजबूती बनी हुई है। इससे धन उगाहने की गतिविधि में आगे भी तेजी रहने का संकेत है।

# देश का पहला हाइड्रोजन चालित जीरो-उत्सर्जन कैटामरान जलयान प्रदर्शित

## वाणिज्यिक संचालन के लिए यात्री जलयान रवाना, केंद्रीय मंत्री ने दिखाई हरी झंडी

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारत ने हरित समुद्री परिवहन की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम बढ़ाते हुए देश के पहले स्वदेशी हाइड्रोजन ईंधन चालित यात्री जलयान को वाणिज्यिक संचालन के लिए हरी झंडी दिखाई। पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्री सबार्नंद सोनोवाल ने नमो घाट पर इस जलयान को रवाना किया। यह भारत का पहला ऐसा जलयान है जो समुद्री परिवेश में हाइड्रोजन फ्यूल सेल आधारित प्रणोदन तकनीक का सफल प्रदर्शन करता है और पूरी तरह स्वदेशी तकनीक से निर्मित है।

यह जलयान निम्न तापमान प्रोटॉन एक्सचेंज मेम्ब्रेन फ्यूल सेल प्रणाली पर संचालित होता है, जिसमें संग्रहित हाइड्रोजन को बिजली में बदलकर जलयान को शक्ति मिलती है। इस प्रक्रिया के उप-उत्पाद के रूप में केवल पानी उत्सर्जित होता है, जिससे इसे जीरो-उत्सर्जन परिवहन साधन माना जाता है। यह




24 मीटर लंबा जलयान भारतीय अंतदेर्शीय जलमार्ग प्राधिकरण के स्वामित्व में है, जिसे कोचीन शिपयार्ड लिमिटेड ने तैयार किया है। विभिन्न चरणों के परीक्षण पूरे होने के बाद इसे पूर्ण वाणिज्यिक सेवा में शामिल किया जाएगा। लॉन्चिंग समारोह में केंद्रीय मंत्री सोनोवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत स्वच्छ, टिकाऊ और आत्मनिर्भर परिवहन प्रणालियों की ओर तेजी से अग्रसर है। उन्होंने इसे मेक इन इंडिया और हरित ऊर्जा मिशन का उत्कृष्ट उदाहरण बताया। मंत्री ने कहा कि यह जलयान न केवल नवाचार और हरित प्रौद्योगिकी को बढ़ावा देता है, बल्कि गंगा नदी के पुनरुद्धार और संरक्षण के मिशन को भी सशक्त करता है। सरकार की 2070 तक नेट-जीरो उत्सर्जन की प्रतिबद्धता के अनुरूप, यह पहल भारत के जलमार्गों में स्वच्छ ईंधन आधारित परिवहन को बढ़ावा देने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

आईडब्ल्यूएआई मेरीटाइम इंडिया विजन 2030 और मेरीटाइम अमृत काल विजन 2047 के तहत उन्नत हरित तकनीक और वैकल्पिक ईंधनों को बढ़ावा दे रहा है। मंत्री ने कोचीन शिपयार्ड और आईडब्ल्यूएआई को इस नवोन्मेषी परियोजना को सफलतापूर्वक आगे बढ़ाने के लिए बधाई दी। हाइड्रोजन ईंधन चालित जलयान की तैनाती देश में स्वच्छ, आधुनिक और ऊर्जा-कुशल समुद्री पारिस्थितिकी तंत्र के निर्माण की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि मानी जा रही है।

## छोटानागपुर कर बन



– रामदेव बड़ाईक,
रांची।

**रांची** सहर हियां ,
सब डिवीजन ,
छोटानागपुरे आहे, बन घने-घन।

हियां आहे सरई,
सिरिस सीसम,
करम पेसार आहे, गम्हाइर आसन।

अंबा डुमर कठर आहे ,
हियां कदंम करंज,
छोटानागपुरे आहे, बन घने-घन।

सबई घांस हियां,
धवई रंग-बिरंग,
सेमइर परास हियां, बांस कर बन।

रांची सहर हियां ,
सब डिवीजन ,
छोटानागपुरे आहे, बन घने-घन।

# जगन्नाथ मंदिर मे पांच जोड़ा कर भेलक सामूहिक बिवाह

## अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन करालक सादी

प्रातः नागपुरी संवाददाता

**रांची।** अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन कर रांची साखा कर बहिनमन जगन्नाथ मंदिर कर परिसर मे पांच जोड़ा कर सामूहिक बिवाह आचार्य आउर पंडितमन गोटा बिधि-बिधान, मंत्रोच्चार कर संगे करालयं। सामूहिक बिवाह समारोह में रांची, खूंटी, लोहरदगा, गुमला जिला कर बर-बधुमन में दिलीप स्वासी संग सैथी सांगा?, मतियस? तिरकी संग मटिलदा? होरो, अभय सिंह विछिया संग सोनी कुमारी, अभय लोहरा संग पुजा तिर्की, गेंदा संगा संग रानी सोरों परिनय सूत्र में बंधलयं।

सामूहिक बिवाह समारोह में दूल्हा दुल्हन कर कपड़ा, चुनरी, कुर्ती, नाइटी, बेड, कोट पैंट, तकिया, गद्दा, फोल्डिंग बेड,1 महीन कर रासन, घड़ी, केसरोल, स्वेटर, सोल, मच्छरदानी, कंबल, बर्तन कर सेट, जग, मग, बाल्टी, टब, बाथरूम कर किट, पाटा, कुर्सी, टेबल, रामचरित मानस,आयरन, अटैची, बैग, मेकअप कर सामान, अन्य कतई सामग्री संस्था कर दन से देल गेलक। बिवाह कर बाद सउब के सादी कर सर्टिफिकेट भी देल गेलक।

ई कार्जकरम में रमाशंकर बगड़िया, अशोक नारसरिया मुध रूप से पहुंचल रहयं। कन्यामन कर कन्यादान पुष्पा अग्रवाल, सुशीला अग्रवाल, अनुराधा सरावगी, सुनीता मेवाड़ा, अन्नु पोद्दार करलयं। बिवाह कर बाद सउब केऊ एके संगे जगन्नाथ मंदिर में महाप्रसाद गरहन करलयं।

कार्जकरम के सफल बनायेक में निबर्तमान रास्ट्रीय अध्यछ नीरा बथवाल, निबर्तमान सचिव रूपा अग्रवाल, गीता डालमिया, अलका सरावगी,, रांची साखा अध्यछ मधु सर्राफ, सचिव उर्मिला पाड़िया, बीना मोदी, मंजू केडिया, प्रीति? बंका, छाया अग्रवाल, करुणा अग्रवाल, सरिता अग्रवाल, रेनू छापरिया, विद्या अग्रवाल, बीना बुबना, मीरा टिंबरेवाल, करुणा अग्रवाल, मंजू गाड़ोदिया, ममता बूबना, डॉ अर्चना अग्रवाल, रेनू राजगढ़िया, जया विजावत, नीरा नारसरिया, कमला विजयवर्गी, नेहा तुलसियान आदि उपस्थित होए के आपन सहजोग परदान करलयं।









# काशी तमिल संगमम् : बनारस हिंदू बिस्वबिद्यालय में सैछनिक सत्र कर आयोजन

## बीएचयू खली एगो सिछन स्थल नई, बलकि एगो ससक्त सामाजिक संस्थान आहे : जयंत चौधरी



प्रातः नागपुरी संवाददाता

लखनऊ। काशी तमिल संगमम् 4.0 कर अंतर्गत बनारस हिंदू बिस्वबिद्यालय में कुसल पेसेवर आउर सिल्पकारमन ले बिफे के आयोजित पांचवाँ सैछनिक सत्र सफलतापूर्बक संपन्न होलक। तमिलनाडु से आवल उद्योग जगत कर प्रतिनिधिमन, उद्यमीमन आउर र पारंपरिक सिल्पकारमन ई बिसेस सत्र में उत्साह से भाग लेलयं। कार्जकरम कर मुध गोतिया केंद्रीय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) जयंत चौधरी आपन प्रेरक उद्बोधन में कासी तमिल संगमम् कर सराहना करते कहलयं कि ई आयोजन देस कर दू गो प्राचीन आउर समरिध सांस्कृतिक परंपरा के अद्भुत रूप से जोड़ेक वाला महत्तपूर्न मंच आहे। ऊ कहलयं कि भले हमिन कर भासा आउर बिचार जुदा होवी, मुदा हमिन कर साझा मूल्य-तंत्र आउर संविधान हमिन के एक सूत्र में बाँधेला। भासा कोई बाधा नई, बलकि ऊ पुल आहे जे तमिलनाडु आउर काशी के एगो परिवार कर लखे जोड़ेला। काशी तमिल संगमम् 4.0 कर अंतर्गत आवल किसानमन कर प्रतिनिधिमंडल ले बिफे कर दिन भावनात्मक आउर ऐतिहासिक घड़ी बइन गेलक। प्रतिनिधिमंडल अयोध्या में श्री राम जन्मभूमि मंदिर, हनुमानगढ़ी आउर पवित्र सरयू नदी कर दरसन करलयं आउर ई अनुभव हर किसान कर दिल के गहराई से छुई हे। जैसने किसान राम मंदिर कर दरसन स्थल पहुंचलयं, उनकर कदम थइम गेलक आउर आंइख नम होए गेलक। कतई किसान भावुक होए के बोललयं कि ई खली दरसन नई, बलकि 500 बछर कर आस्था, संघरस आउर असरा कर पूर्नता आहे। प्रभु श्रीराम कर भब्य प्रतिमा के देखतेहे उनकर भीतरे जमल भावना उमइड़ पड़लक। कुछ किसान तो हाथ जोइड़ के ठड़ा रइह गेलयं, मानू उनकर जगन सब्द नी बचल आहे। ऊ कहलयं कि आइज उनके महसूस होलक कि सदियों कर प्रतीछा कर फल मिइल गेलक। हनुमान घाट पर पेसेवर आउर कारीगरमन पवित्र स्नान करलयं। उकर बाद सुब्रमण्यम भारती कर घर पहुंइच के महान इतिहास जानलयं। ड्रम, फूल आउर दिब्य दरसन कर संगे प्रोफेसनल आउर कलाकारमन कर प्रतिनिधिमंडल कर काशी कर पवित्र काशी विश्वनाथ मंदिर में गर्मजोसी से सोवागत करल गेलक।











# नगर परिषद कर टीम 133 बंडल प्रतिबंधित प्लास्टिक करलक जब्त

प्रातः नागपुरी संवाददाता

**गुमला।** उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित कर निरदेस कर आलोक में नगर परिषद कर स्वच्छता आउर प्रवर्तन टीम आइज बिसेस जांच अभियान चलाते बाजार छेतर में बड़ कार्रवाई करलक। अभियान कर दौरान टीम दुकान आउर गोदाममन कर तलासी में 133 बंडल प्रतिबंधित प्लास्टिक जब्त करलयं आउर 2,000 रुपया कर आर्थिक दंड भी वसूलल गेलक। नगर परिषद द्वारा घरी-घरी चेतावनी देवेक कर बावजूद भी कतई दुकानदार प्रतिबंधित प्लास्टिक सामग्री कर उपयोग आउर बिक्री करत रहयं। इकर मद्देनजर परिषद सख़्ती देखाते ई कार्रवाई करलयं।

नगर परिषद अधिकारीमन बतालयं कि पर्याबरन संरछन आउर स्वच्छता के धेयान में राखते प्लास्टिक प्रतिबंध कर नियम कर सख्ती से पालन कराल जाई। उल्लंघन करेक वालामन कर उपरे जुमार्ना आउर आगे आउर कठोर कार्रवाई करल जाई। नगर परिषद आम नागरिक आउर बयापारीमन से भी अपील कइर हयं कि ऊ मन प्रतिबंधित प्लास्टिक कर उपयोग तुरते बंद करयं। पर्याबरन-अनुकूल सामग्री कर प्रयोग करयं।





मुद्रक व प्रकाशक नीलम सिंह द्वारा झारखंड वनिता उद्योग एसएचजी के लिए शयाम नगर, गांधी नगर सीसीएल कॉलोरी डीएवी गांधी नगर स्कूल के पीछे, थाना गोंदा, जिला-रांची, राज्य झारखंड-834008 से प्रकाशित एवं शिवा साईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड रातू, काठीटांड़ टेंडर बगीचा के नजदीक, एचपी पेट्रोल पंप, पोस्ट व थाना रातू, रांची, झारखंड-835222 में स्थित प्रिंटिंग प्रेस में मुद्रित। आरएनआई पंजीयन संख्या. **JHABIL/2023/86791**, **संपादक** : नीलम सिंह, **प्रबंध संपादक** : रतनलाल अग्रवाल, **एग्जीक्यूटिव एडिटर** : शिव कुमार सिंह, **स्टेट ब्यूरो हेड** : कुमार राजेश। **फोन नंबर** : 8210640230, 9934166306, **ई-मेल आईडी** : jharkhandwanitaudyog@gmail.com